सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 28 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 27, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही। } 14

## लगातार नौवां बजट पेश कर इतिहास रचेंगी सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच पेश होने वाले इस बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से सुधारवादी उपायों के होने की उम्मीद है। } 16



## हर दिन बढ़ रही है ऊर्जा की मांग : हरदीप पुरी

### वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की आ सकती है गिरावट, ढूंढने होंगे नये स्रोत

गोवा से मनोज बाजपेयी



बैतूल (गोवा)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि अगर मौजूदा तेल और गैस उत्पादन में निवेश बंद हो जाता है तो अगले दशक में वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यह ब्राजील और नॉर्वे के संयुक्त वार्षिक उत्पादन के बराबर है।

पुरी ने कहा कि भले ही नवीकरणीय ऊर्जा ने तेजी से विस्तार किया है और अब वैश्विक बिजली उत्पादन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा बदलाव केवल प्रतिस्थापन पर आधारित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा ऊर्जा का इतिहास कभी भी केवल प्रतिस्थापन के बारे में नहीं रहा। यह हमेशा वृद्धि और नए स्रोत जोड़ने के बारे में रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि ऊर्जा बदलाव, ऊर्जा सुरक्षा और प्रणाली की मजबूती को एक साथ आगे बढ़ाना होगा ताकि बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके। पुरी ने कहा कि पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बिजली उत्पादन में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी कम होती लागत और नीतिगत उपायों के कारण लगभग पांचवें से बढ़कर लगभग एक तिहाई हो गई है। पुरी ने कहा फिर भी पारंपरिक ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि अगर मौजूदा तेल और गैस उत्पादन में निवेश आज बंद हो जाए, तो अगले दशक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में विकास की तेज गति से परिवारवादी परेशान

### मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में दो प्रमुख ओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता



लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मंगलवार को दो प्रमुख ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार गोरखपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में निरंतर, आधुनिक और सुरक्षित सड़क और पुल नेटवर्क के विकास के लिए कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सीएम ने कहा नया उत्तर प्रदेश अब बीमारू से ब्रेकथ्रू और पहचान की एक नयी रिकोडिंग की ओर बढ़ गया है तो ये परिवारवादी लोगों को कहां बर्दाश्त होगा। आज यूपी में होते विकास से परिवारवादी लोग परेशान हैं। वह मौका पाते ही उपद्रव भी करना चाहते हैं, जबकि वह जानते हैं कि उपद्रवी का यूपी सरकार क्या हाल करती है। इन दोनों ओवर ब्रिज परियोजनाओं के शुरू होने से शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी साथ ही जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि याद रखना जब भी विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, ये परिवारवादी जातिवादी ताकतें फिर से सिर उठाकर अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करेंगे। क्योंकि उनके आका भी उन्हें पीछे से धकियाते होंगे कि कुछ तो उपद्रव करो, पैसा लिए हो। लेकिन उन्हें मालूम है उपद्रव करेंगे तो फिर उत्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच सबसे बड़ा समझौता

### पीएम मोदी ने की यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की। इसके बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा सहयोग और यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत और 27 देशों के समूह ने अगले पांच वर्षों के लिए एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा पेश किया। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता के समापन सहित कुल 13 समझौतों को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था भारी उथल-पुथल का सामना कर रही है और ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ के बीच साझेदारी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा आज भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। मोदी ने बयान में कहा इससे हमारे किसानों तथा लघु उद्योगों को यूरोपीय बाजार तक पहुंच सुगम होगी और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा यह मुक्त व्यापार समझौता भारत और यूरोपीय संघ के बीच निवेश को बढ़ावा देगा, नए नवाचार साझेदारियों का निर्माण करेगा और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा। इसका मतलब यह है कि यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि के लिए एक नया खाका है। व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से 18 साल लग गए। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा इसकी कानूनी जांच-पड़ताल आवश्यक होगी। यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून 2022 ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दुनिया में स्थिरता लायेगा समझौता : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए साझा समृद्धि का एक खाका है। उन्होंने कहा कि यह समझौता ऐसे समय में स्थिरता देगा, जब दुनिया व्यवस्था उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है।

मोदी भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने के बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा यह केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि के लिए एक नया खाका है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। वैश्विक वातावरण में उथल-पुथल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा भारत-ईयू विश्व व्यवस्था को स्थिरता प्रदान करेंगे। भारत-ईयू सहयोग वैश्विक भलाई के लिए एक साझेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए समुद्री क्षेत्र और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा। कोस्टा ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में ऐतिहासिक छलांग : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है। आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है। यह रणनीतिक समझौता भारत को 27 यूरोपीय देशों के साथ जोड़ता है और 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय सामानों के लिए तरजीही बाजार पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे लगभग 6.41 लाख करोड़ रुपये की निर्यात क्षमता खुलती है, खासकर श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए।

उन्होंने कहा किसानों को सशक्त बनाकर, एमएसएमई को मजबूत करके, विनिर्माण और सेवाओं को बढ़ावा देकर, और कुशल पेशेवरों के लिए अवसरों का विस्तार करके, यह समझौता साझा समृद्धि और एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत के लिए एक खाका बन जाता है। भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने दिया इस्तीफा

बरेली। बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने सरकारी नीतियों विशेषकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को सेवा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को काला कानून बताते हुए आरोप लगाया कि ये नियम कॉलेजों के शैक्षणिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लाए गए इन नए नियमों के तहत संस्थानों को विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा गया है ताकि विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की शिकायतों का समाधान किया जा सके।

### अयोध्या में जीएसटी उपायुक्त ने दिया इस्तीफा

अयोध्या। अयोध्या में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया तथा कहा कि जाति और धर्म के आधार पर देश को बांटने की हालिया कोशिशों से उन्हें गहरा दुख हुआ है, जो कथित तौर पर प्रयागराज की पवित्र भूमि से हो रही हैं। वह सरकार, संविधान और देश के चुने हुए नेतृत्व के समर्थन में यह कदम उठा रहे हैं। प्रयागराज में ज्योतिष पीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और माघ मेला प्रशासन के बीच उस समय तनाव बढ़ गया, जब 18 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मौके पर पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें और उनके अनुयायियों को गंगा में स्नान करने से रोक दिया।

## सरकार के लिए संतों का आशीर्वाद जरूरी

### सनातन को नजरअंदाज करने वाले कभी सत्ता में नहीं आयेंगे : शाह



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ शिक्षापत्री के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही। अमित शाह ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूजीसी के नये नियमों को लेकर विरोध-प्रदर्शन

### छात्रों के समूह ने कुछ नियमों को हटाने की मांग की, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन




एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थियों के एक समूह ने मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और उनका कहना था कि आयोग द्वारा जारी किए गए नए नियमों से परिसरों में अराजकता फैल सकती है। बड़ी संख्या में अवरोधकों और भारी बारिश के बीच कम से कम 100 विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। समूह ने आयोग को मांगों की एक सूची सौंपी, जिसमें नियमों को पूरी तरह से वापस लेने की मांग भी शामिल है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र आलोकित त्रिपाठी ने बताया यूजीसी के अधिकारियों को हमने मांगें सौंप दी हैं। वे हमारी मांगों की सूची में से कुछ बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं। त्रिपाठी ने कहा यूजीसी के अधिकारियों ने बताया कि वे इक्विटी स्क्वाड में सामान्य समुदाय से एक सदस्य की नियुक्ति की हमारी मांग पर विचार करेंगे। दूसरा, आयोग ने हमें आश्वासन दिया कि वह 15 दिनों के भीतर यानी 12 फरवरी से पहले, कोई समाधान निकालेगा। अंत में, उन्होंने बताया कि झूठी शिकायतों को रोकने के लिए शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले समूह को आश्वासन दिया गया है कि उनकी बात सुनी जाएगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने छात्र समुदाय से एकता की अपील करते हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने सेवा भाव में कोई कमी नहीं आने देने का जताया भरोसा

## जाड़े से निजात दिलाने के लिए विराज सागर दास ने जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह







लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। मंगलवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव का लुत्फ उठाया।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान ...शेष पृष्ठ 14 पर



गणतंत्र दिवस पर विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपने आवास पर झंडा रोहण करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास फोटो : समीर भटनागर



विराज टॉवर पर ध्वजारोहण करते बीबीडी के मुख्य अधिशासी निदेशक आर. के. अग्रवाल।



पुराना किला स्थित आवास पर ध्वजारोहण करते बीबीडी के मुख्य अधिशासी निदेशक आर. के. अग्रवाल।



बीबीडी में ध्वजारोहण करते बीबीडी के मुख्य अधिशासी निदेशक आर. के. अग्रवाल।



अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में ध्वजारोहण करतीं प्रधानाचार्य अंजना स्वामी।

# जोड़ने की प्रेरणा देता है भारत का संविधान

## सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास पर फहराया तिरंगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 77वें गणतंत्र दिवस पर सोमवार को अपने सरकारी आवास पर झंडा फहराया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 1950 में आज ही के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। 76 वर्ष की इस यात्रा में संविधान ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन इन सबके बावजूद एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अपने संकल्पों के अनुरूप उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक प्रत्येक भारतवासी के गौरव, भारत की एकात्मता और अखंडता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो इसमें संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत का संविधान समष्टि के भाव के साथ जोड़ने की प्रेरणा देता है।

सीएम योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, वर्तमान भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, क्रांतिकारियों के सिरमौर नेताजी सुभाष चंद्र बोस समेत देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत के महान सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन किया। हर भारतवासी का दायित्व बनता है कि हम अपने संविधान के प्रति श्रद्धा व समर्पण भाव से कार्य करें, क्योंकि सम-विषम परिस्थितियों में यह देश का संबल बना है। संविधान की पंक्ति हम भारत के लोग हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। भारत के संविधान का असली संरक्षक कोई है, तो यहां का नागरिक है।



### हमें देशहित में कार्य करना चाहिए : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जन भवन में सायंकाल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। राज्यपाल ने कहा कि हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे देश का हित हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, पर्यावरण और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। किसान, शिक्षक, डॉक्टर सभी अपने-अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज समाज ऐसा होना चाहिए जहां जातिवाद और संघर्ष न हो।

### 261 कलाकारों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उन कलाकारों का सम्मान किया, जिन्होंने 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन राज्यों की कला-संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए अतिथि कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति और लोक नृत्यों की सांस्कृतिक सुगंध लेकर उत्तर प्रदेश पहुंचे। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुति को भव्य एवं वैभवपूर्ण स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कलाकारों से संवाद किया, उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें उत्तर प्रदेश भ्रमण का आमंत्रण भी दिया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की, उनका आभार जताया और उनके सुशासन की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ-साथ आध्यात्मिक, धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। मुख्यमंत्री ने त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम का उल्लेख करते हुए कहा कि ये राज्य अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। त्रिपुरा से आए 28 कलाकारों की गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता देश की सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है। इतनी दूरी से आकर कार्यक्रम में शामिल होना अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का पहला कला एवं संस्कृति को समर्पित विश्वविद्यालय है।

# भारतीय सनातन परंपरा समानता पर आधारित : सीएम धामी

## उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया यूसीसी दिवस

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** संविधान के अनुच्छेद-44 में निहित समान नागरिक संहिता की परिकल्पना को व्यवहार में उतारते हुए उत्तराखंड ने राष्ट्र को एक नई संवैधानिक दिशा प्रदान की है। राजधानी देहरादून में आयोजित प्रथम समान नागरिक संहिता दिवस कार्यक्रम में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया। उत्तराखंड द्वारा समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन की पहली वर्षगांठ को यूसीसी दिवस के रूप में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में यूसीसी के सामाजिक, कानूनी और संवैधानिक प्रभावों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रारूप निर्माण से लेकर उसके सफल क्रियान्वयन तक उल्लेखनीय योगदान देने वाले समिति सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पंजीकरण व्यवस्था को सफल बनाने वाले वीएलसी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यूसीसी आधारित फोटो प्रदर्शनी को भी देखा। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा समानता और समरसता पर आधारित रही है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक समोऽहम् सर्वभूतेषु का उल्लेख करते हुए कहा कि समान दृष्टि ही भारतीय सभ्यता और विचारधारा का मूल आधार है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की सुरक्षा और सामाजिक दायित्व को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण की व्यवस्था लागू की है। यह प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय है और इसका उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है। लिव-इन संबंधों से जन्मे बच्चों को वैधानिक रूप से जैविक संतान के समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। सीएम धामी ने कहा कि अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण समाज में बनी असमानताओं को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता एक निर्णायक सुधार है। इसके लागू होने से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज की महिलाओं को हलाला, तीन तलाक, बहुविवाह और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति मिली है, और यूसीसी लागू होने के बाद इस प्रकार के मामलों में शून्य स्थिति दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता किसी भी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और समान दायित्व सुनिश्चित करने का संवैधानिक प्रयास है। विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति वितरण और बाल अधिकारों से संबंधित कानूनों को समान बनाकर पारिवारिक विवादों की संभावनाओं को भी कम किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित होकर धारा-370 की समाप्ति और यूसीसी का क्रियान्वयन ऐतिहासिक निर्णय हैं।

# शहर में खान-पान, इलाज और विवाह हुआ महंगा

## कल्याण मंडपों का किराया 40 प्रतिशत बढ़ा, नगर निगम सदन ने हंगामे के बीच 33 प्रस्तावों को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के कल्याण मंडप व सामुदायिक केंद्रों में वैवाहिक समारोह का आयोजन 40 प्रतिशत तक महंगा हो गया है। इसके साथ ही राजधानी में नर्सिंग होम, पैथालॉजी, एक्सरे, ब्लड बैंक, क्लीनिक, होटल, गेस्ट हाउस व रेस्टोरेंट की लाइसेंस शुल्क की दरें भी पांच गुना तक बढ़ा दी हैं। इससे रहना, खाना और इलाज करना भी मंहगा हो जाएगा। हालांकि जिस, स्पा सेंटर, कोचिंग सेंटर और शोरूम सहित 20 तरह के प्रतिष्ठानों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के विरोध को देखते हुए स्थगित कर दिया गया। नई शुल्क दरें आगामी वित्तीय वर्ष से यानी एक अप्रैल 2026 से लागू करने हो जाएंगी। झूलेलाल वाटिका में सामाजिक, धार्मिक व व्यवसायिक कार्यक्रम करना भी महंगा हो गया है। इसके आवंटन की दरों में भी दो गुने का इजाफा कर दिया गया है। मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम की सामान्य सदन की बैठक में उक्त प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी गई। सदन के पटल पर रखे गए 35 प्रस्तावों में से दो को छोड़कर सभी को

सोना-चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच इस महंगाई में नगर निगम ने कल्याण मंडप-सामुदायिक केंद्रों का किराया बढ़ाकर लोगों की कमर तोड़ दी है। निगम के कल्याण मंडपों में आम आदमी आसानी से बुकिंग कर वैवाहिक आयोजन कर सकता है। मनकामेश्वर वार्ड के कल्याण मंडप का किराया अभी तक तक सबसे कम 2500 रुपये है। ऐसे ही अन्य कल्याण मंडपों का किराया भी आम आदमी की पहुंच में है। नगर निगम के कल्याण मंडप सस्ते होने के साथ ही अच्छी लोकेशन पर भी है। ऐसे में इनकी मांग भी रहती है। महानगर कल्याण मंडप में करीब तीस हजार वर्गफीट का खुला लॉन है। हॉल के अलावा एसी कमरे भी हैं। एक मंजिला इस कल्याण मंडप की बुकिंग की सुविधा भी पार्ट में होती है, जिसमें भूतल प्लस खुला लॉन की अलग बुकिंग की सुविधा है। यदि प्रथम तल के एसी कमरे नहीं लेते हैं तो उससे उसका किराया नहीं लिया जाता है। सिर्फ प्रथम तल पर कमरों की बुकिंग भी हॉल के साथ की जाती है। नगर निगम प्रशासन ने इनके किराए में 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा था जिसे चर्चा के बाद 40 प्रतिशत तक बढ़ाए जाने की स्वीकृति दे दी गई।

नर्सिंग होम, पैथालॉजी, रेस्टोरेंट की लाइसेंस दरें भी पांच गुना बढ़ी

नगर निगम सीमा में होटल, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम, डेंटल क्लीनिक, शराब-बीयर की दुकान, जलपान गृह आदि चलाने के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए अलग-अलग लाइसेंस फीस भी प्रतिष्ठान और संस्थान के छोटे बड़े होने के आधार पर तय है। नगर निगम सदन की सितंबर माह की बैठक में लाइसेंस शुल्क की दरों में पांच गुना तक बढ़ाने का फैसला लिया गया था। आपत्तियां को खारिज करते हुए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। नगर निगम सदन से पास उपविधि के तहत लाइसेंस बिना शहरी सीमा में इनका संचालन नहीं किया जा सकता। सभी तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अलग-अलग लाइसेंस शुल्क तय है। उपविधि के तहत एक साल के लिए ही लाइसेंस बनाया जाता है, जो अप्रैल से मार्च तक प्रभावी होता है। शहर में नर्सिंगहोम, क्लीनिक, अस्पताल, पैथोलॉजी और डाइग्नोस्टिक सेंटरों की संख्या करीब 1800 है। इसी तरह अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों और बीयर बार व मॉडल शाप भी करीब 800 लोग चला रहे हैं। इसी तरह लापरवाही होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट



| प्रतिष्ठान | वर्तमान दर (रुपये में) | प्रस्तावित दर (रुपये में) |
|---|---|---|
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 50 बेड से कम | 7500 | 15000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 50 से सौ बेड तक | 15000 | 30000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 101 बेड से 250 तक | 20000 | 40000 |
| नर्सिंग होम-प्रसूतिगृह 251 बेड से 500 तक | 35000 | 70000 |
| एक्सरे, ब्लडबैंक | 5000 | 10000 |
| आयुर्वेदिक , यूनानी, होम्योपैथिक क्लीनिक | 4000 | 8000 |
| होटल गेस्ट हाउस, 20 बेड तक | 2000 | 10000 |
| गेस्ट हाउस, होटल 20 बेड से अधिक | 3000 | 15000 |
| रेस्टोरेंट, जलपान गृह व ईटिंग हाउस | 2000 | 10000 |
| मॉडल शॉप | 60000 | 85000 |

| कल्याण मण्डप / सामुदायिक केन्द्र | वर्तमान शुल्क (रुपये में) | बढ़ी दरें (रुपये में) |
|---|---|---|
| महानगर कल्याण मण्डप | 64800.00 | 97200.00 |
| पटेल पार्क बहुद्देशीय भवन | 12000.00 | 18000.00 |
| सामुदायिक केन्द्र बरोलिया डालीगंज | 2950.00 | 4425.00 |
| जियामऊ कल्याण मण्डप | 45660.00 | 68490.00 |
| बाबू बनारसीदास सामुदायिक केन्द्र | 7000.00 | 10500 |
| लालकुआं कल्याण मण्डप | 5000 | 75000 |
| गणेशगंज कल्याण मण्डप | 5900 | 8850 |
| नरही कल्याण मण्डप | 5900 | 8850 |
| विकास नगर कल्याण मण्डप | 59000 | 88500 |
| सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-4 विकास | 29500 | 44250 |
| मानसरोवर कल्याण मण्डप | 88500 | 132750 |
| आनन्दनगर कल्याण मण्डप | 11000 | 16500 |
| सरस्वती कल्याण मण्डप | 11800 | 17700 |
| डी.एच.पी. फ्लैट किराया प्रतिदिन | 177.00 | 265.50 |

### पैथालाजी के लाइसेंस शुल्क की दरें दो गुना हुईं

50 बेड तक के नर्सिंग होम- प्रसूति गृह का लाइसेंस शुल्क 7500 रुपये सालाना से बढ़ाकर 13 हजार रुपये कर दिया है। इसी तरह पैथालॉजी का शुल्क 5000 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया है। डेंटल क्लीनिक का शुल्क यथावत 10 हजार रुपये ही रखा गया है। जो लोग अप्रैल से जून तक लाइसेंस नहीं बनवाएंगे उनको एक हजार रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

**मॉडल शॉप का शुल्क बढ़ा :** मॉडल शॉप का शुल्क 60 हजार से बढ़ाकर 85 हजार रुपये किया गया। इसी तरह अब कम्पोजिट मॉडल शॉप जिसमें अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान हैं उसका शल्क 75 हजार रुपये किया गया है। अभी तक यह शुल्क अलग-अलग था।

**हाईटेक नर्सरी बनायेगा नगर निगम :** नगर निगम अपनी एक हाईटेक नर्सरी का निर्माण करेगा, जहां सभी प्रकार के पौधे उगाए जाएंगे। इस नर्सरी से शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**गरीबों का नि:शुल्क हो सकेगा दाह संस्कार :** नगर निगम से संचालित बैकुंठ धाम, गुल्लाला घाट और आलमबाग स्थित श्मशान घाट पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को परिजनों के दाह संस्कार के लिए लकड़ी निशुल्क मिलेगी। पार्षद रंजीत सिंह समेत अन्य पार्षदों की मांग पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपनी निधि से 10 लाख रुपये की व्यवस्था की है। आगामी वित्तीय वर्ष से लोगों को लाभ मिल सकेगा।

**बाहरी कर रहे गृहकर निर्धारण :** बैठक के दौरान पार्षदो मुकेश चौहान, रंजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, सौरभ सिंह मोनू, प्रमोद सिंह, मान सिंह यादव समेत अन्य पार्षदो ने नगर निगम के कर निरीक्षकों पर बाहरी लोगों को रखकर गृहकर निर्धारण कराने का आरोप लगाया। कहा की कर निरीक्षक इन्हे अपने पास से वेतन दे रहे हैं। जिस पर महापौर ने प्रत्येक वार्ड में मात्र एक निजी संस्था के माध्यम से रखने व उनका कार्ड बनाने का निर्देश दिया। लोगों से अपील की कि आईडी कार्ड देखकर उनसे बात करें।

**तीन फरवरी को पानी, सीवर की समस्या पर होगी बैठक :** सीवर-सफाई, दूषित पानी की समस्याओं को लेकर पार्षदों ने नाराजगी जताई। वार्डवार चर्चा के दौरान 63 पार्षदों ने अपने क्षेत्र की समस्या रखी। महापौर ने अफसरों को जवाब तैयार करने के निर्देश। तीन फरवरी को अलग से बैठक कर सवालों के जवाब अफसरों से मांगे जाएंगे।

**भाजपा पार्षद ने महापौर पर उपेक्षा का लगाया आरोप, रोते हुए सदन से बाहर निकले...** नगर निगम में मंगलवार को हंगामे के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। भाजपा और कांग्रेस पार्षद के हंगामे के चलते महापौर को पहले 30 मिनट फिर 10 मिनट के लिए 2 बार सदन स्थगित करना पड़ा। सुबह ग्यारह बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा और कांग्रेस पार्षद ने सामान्य सदन से पहले पुनरीक्षित बजट को लेकर हंगामा किया। इस पर भाजपा पार्षद एकजुट होकर विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान व सपा पार्षद सै. यावर हुसैन रेशू ने कहा यह नई परंपरा शुरू की जा रही है। सवाल किया कि पुनरीक्षित बजट के सदन की बैठक न करके सामान्य सदन करना जायज है? इस पर आधे घंटे तक हंगामा होता रहा। सदन की कार्यवाही के दौरान उस समय माहौल गर्म हो गया जब भाजपा पार्षद अमित चौधरी रोते हुए सदन से बाहर चले गए। अपने वार्ड की समस्याओं की लगातार अनदेखी से आहत पार्षद ने सदन में जमकर हंगामा किया और अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया। अमित चौधरी ने कहा कि वह कई बार क्षेत्र की जनसमस्याओं को सदन में उठा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मेयर प्रतिनिधि मेरा वार्ड चला रहे हैं और निर्वाचित प्रतिनिधि होने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी जा रही। रोते हुए अमित चौधरी ने सदन की कार्यवाही बीच में ही छोड़ दी और बाहर चले गए। असल में, अमित चौधरी अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर अफसरों से जवाब मांग रहे थे। महात्मा गांधी वार्ड में गंदे पानी और सीवर की समस्याओं को लेकर कोई जवाब नहीं मिला। महापौर ने उन्हें बैठने को कहा। इस पर अमित ने कहा उनकी आवाज को चुप कराया जा रहा है। आरोप लगाया कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। इससे नाराज होकर अमित सदन से रोते हुए बाहर चले गए।

**चौक चौराहे के नामकरण पर बवाल, हाथापाई तक पहुंचा विरोध :** कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने चौक चौराहे का दोहरे नामकरण को लेकर सवाल किया। उन्होंने भाजपा पर अपने नेता पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन का अपमान करने का आरोप लगाया। इस पर भाजपा पार्षद रणजीत सिंह समेत दूसरे पार्षदों ने विरोध किया। हंगामा इस कदर बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई। अन्य पार्षदों ने रोकने का प्रयास किया। इस बीच महापौर ने 30 मिनट के सदन को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने फिर इसी मुद्दे पर हंगामा शुरू हो गया। हालांकि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा यह कोई मामला नहीं है। दो अलग-अलग चौराहों के नामकरण किए गए हैं। अभियंत्रण विभाग की रिपोर्ट भी सदन में पढ़ी गई। एक चौराहे का नाम पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन व दूसरे चौराहे का नाम साहित्यकार अमृत लाल नागर के नाम से किया गया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दीवार गिरी, तीन मजदूर दबे, एक की मौत

## मिट्टी खोदकर सेतु निगम डाल रहा था पाइप लाइन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तालकटोरा थाना क्षेत्र में पाइप लाइन की खुदाई के दौरान दीवार गिरने से तीन मजदूर दब गए। आनन-फानन में उन्हें लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। तीनों को निजी अस्पताल भेजा गया, जहां विपिन (20) की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य मजदूरों का इलाज चल रहा है।

- आलमनगर में रेलवे यार्ड के पास चल रहा है काम

बताया जा रहा है कि आलमनगर में रेलवे यार्ड के पास रेलवे की ट्यूबवेल परियोजना के तहत काम चल रहा है। मजदूर 26 जनवरी को पूर्वाहन करीब 11 बजे अण्डर ग्राउण्ड पाइप लाइन की खोदाई कर रहे थे, उसी दौरान अचानक से दीवार ढह गई। दीवार के मलबे में तीन मजदूर विपिन, फिरोज व रोहित दब गए। शोर शराबे के बीच आनन-फानन तीनों को मलबे से बाहर निकाला गया और नजदीक के निजी हास्पिटल ले गए, जहां इलाज के दौरान विपिन (20) पुत्र सेवक निवासी सीतापुर की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य साथी फिरोज व रोहित का इलाज जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने विपिन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

## किशोरी का गला दबाकर की गयी थी हत्या, चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित रेलवे लाइन पर किशोरी (16) का खून से लथपथ शव मिलने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर किया है। वह रेल से नहीं कटी थी, बल्कि उसकी हत्या की गयी थी, जिसमें चार लोग शामल थे।

पुलिस का कहना ह ै कि आरोपित अंशू गौतम उर्फ लक्की निवासी पठान खेडा ने बताया कि हत्या उसने अपने तीन साथियों आशिक यादव, वैभव सिंह व कुल्लड कटा पारा निवासी रिशू यादव के साथ की गयी थी। वे लोग किशोरी को टाटा सफारी में लाद कर ले गए थे, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

ध्यान रहे कि 16 जनवरी को पारा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने थाने में सूचना दी थी कि पारा निवासी अंशू गौतम उर्फ लक्की 13 जनवरी को बहल-फुसलाकर भगा ले गया है। पारा पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद मामला दर्ज किया था, लेकिन हाथ पर हाथ धरे बैठ थी कि इसी बीच सरोजनीनगर थाना क्षेत्र मे रेलवे लाइन पर किशोरी का शव मिला था। पुलिस ने कहा था कि किशोरी ने रेल के आगे कूदकर हात्महत्या कर ली है, लेकिन किशोरी के परिजन हत्या का आरोप लगाते रहे। इस बीु पुलिस नींद से जागी और आरोपित अंशू को हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया। उसने पुलिस को बताया कि किशोरी का गला दबाकर हत्या के बाद उसका शव टाटा सफारी में रखकर रे लवे लाइन पर फेंक दिया था।

## इंस्पेक्टर की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में मौत

**लखनऊ।** महिला अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर के सीने में तेज दर्द होने से वह घर पर गिर गए। यह देखकर परिवार उन्हें पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आशंका है कि इंस्पेक्टर की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

मूलरूप से सुल्तानपुर के मुसाफिर खाना ददरा निवासी विजय तिवारी (53) महिला अपराध शाखा में गोपनीय निरीक्षक पद पर तैनात थे। वह पत्नी कामिनी, दो बेटे शुभम, संगम और बेटी सपना के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज के सृष्टि अपार्टमेंट में रहते थे। बेटे ने बताया कि बीते 26 जनवरी की शाम को पिता घर बैठे थे। तभी अचानक पिता के सीने पर तेज दर्द हुआ और वह जमीन पर बैठ गए। परिवार के लोगों ने पिता की सीना रगड़ा और हाथ-पैर में मालिस की। हालत बिगड़ता देखकर परिवार के लोग पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने विजय को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इंस्पेक्टर की मौत की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की।

## मोबाइल फोन चोरी कर खाते से निकाले 1.12 लाख रुपये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते दो सप्ताह पूर्व एक आटो रिक्शा से कपड़ों की खरीदारी करने जा रहे आटो सवार मोबाइल फोन चोरी कर शातिरों ने खाते से 1.12 लाख रुपये निकाल हड़प लिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित गोपालपुरी निवासी वीरेन्द्र प्रकाश पुत्र रामधन के अनुसार वह बीते 11 जनवरी रविवार को कपड़ों की खरीदारी करने के लिए आटो रिक्शा से नक्खास साप्ताहिक बाजार जा रहे थे।

आरोप है कि उस दौरान आटो रिक्शा में बैठी किसी अज्ञात सवारी ने उनका मोबाइल फोन चुरा लिया। उनके बैंक खातों से 1.12 लाख रुपये निकाल लिए। जिसकी जानकारी होने पर उसने बैंक हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर लेनदेन सुविधा को बंद करा बैंक को सूचित करने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से शिकायत की है।

पीड़ित की माने तो उसने घर वापस आकर अपने मोबाइल नंबर पर फोन किया तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया और बताया कि उसने यह मोबाइल फोन किसी अन्य व्यक्ति से खरीदा है और मोबाइल वापस मांगने पर उसी शाम मोबाइल फोन बंद कर दिया। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## किशोरी को बहला फुसला कर भगाने का आरोप

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक किशोरी की मां ने एक युवक पर पुत्री को प्रेमजाल में फंसा बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से जनपद सीतापुर निवासी रेशमा पत्नी कौशल वर्तमान में आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम में अपने परिवार के साथ रहती है पति पत्नी मजदूरी करते हैं।

रेशमा ने बताया कि बीते 23 जनवरी को उसके पति मजदूरी करने के लिये घर से बाहर गाये हुए थे। उस दौरान उनकी 16 वर्षीय किशोरी पुत्री पासना शाम समय घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। जिसकी खोजबीन के दौरान उन्हें जानकारी हुई कि उन्नाव जनपद माखी का रहने वाला विशाल पुत्र गुड्डू निवासी उनकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुत्री संग अनहोनी की आशंका किशोरी की मां ने आशियाना थाने पर शिकायत की है।

## प्रॉपर्टी डीलर की कार पर फायरिंग

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक साइट पर किसी ने प्रापर्टी डीलर की कार पर फायरिंग, जिसमें एक गोली फारच्यूनर के बोनट पर लगी और कार का शीशा टूट गया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चिनहट पुलिस अनुसार गाीपुर थाना क्षेत्र के इन्दिरानगर निवासी मोहम्मद अकरम अपनी सेमरा स्थित प्लाट पर गए थे। उसके साथ सुरक्षार्मी सिपाही काली प्रसाद भी था। नापजोख के दौरान फारच्यूनर के पास खडे थे, तभी किसी ने फायर किया और बोनट पर छेद हो ने के साथ ही खिडकी का शीशा चटक गया। यह देख वहां धीरे-धीरे भीड एकत्र हो गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

## कोडिन कफ सिरफ मामले में विकास गिरफ्तार

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप तस्करी मामले में यूपी एसटीएफ ने एक और आरोपित विकास नरवे को गिरफ्तार किया है। वह शुभम जायसवाल का करीबी बताया जाता है। बताते हैं कि गिरफ्त में आये विकास सिंह नरवे ने ही शुभम जायसवाल को अतिम टाटा व आलोक सिंह से मिलवाया था। विकास सिंह नरवे पर आजमगढ, जौनपुर व वाराणसी समेत कर्ध जिलों में मामला दर्ज हैं।

## पत्नी से कहासुनी में पति ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** क्षेत्र के आंटगढ़ीसौंरा गांव निवासी मोहन(48)ने सोमवार को पत्नी बीरमती से विवाद के बाद घर के कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। पत्नी जब माल बाजार से देर शाम घर लौटी तो पति को फंदे से लटका देख चीखने चिल्लाने लगी जिससे भीड़ जुट गई। मृतक को फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गये। तब तक काफी देर हो चुकी थी।पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन घर वालों ने पोस्ट मार्टम करवाने से मना कर दिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया।

## दबंगों ने कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में सोमवार दोपहर चारपहिया वाहनों से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने प्लाट पर चल रहे दीवार निर्माण कार्य का विरोध जता दबंगई करते हुए एक युवक सहित उसके भाई पर हमलावर हो गए और धारदार कुल्हाड़ी और चाकू से युवक पर जानलेवा हमला कर कर दिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सरदारी खेडा निवासी सैय्यद ताहिर अली पुत्र स्व ताहिर अली का आरोप है कि सोमवार 26 जनवरी की दोपहर वह और उसका भाई मसूद अली अपने मकान के सामने दीवार उठा रहे थे तभी सरदार हुसैन नामक व्यक्ति अपने 8-10 अज्ञात साथियों संग ब्रेजा, बलीनो और अन्य गाड़ियों से पहुंचकर दीवार बनाने का विरोध करने के साथ गाली-गलौच शुरू कर दिया और कुल्हाड़ी और चाकू से उनपर जानलेवा हमलावर हो गए जिससे उक्त हमले में उनका भाई चोटिल हो गए। आसपास के लोग एकत्र हो गए और कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने मुख्य हमलावर समेत चार अन्य को कस्टडी में ले लिया है।

## मासूम को टक्कर मार कार चालक फरार

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में बीते दो सप्ताह पूर्व मां संग सब्जी लेने जा रहे छह वर्षीय मासूम को एक तेज रफ्तार कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। आशियाना थाना इलाके स्थित माती टोला बंगला बाजार निवासी गुड़िया पत्नी सुरेश के अनुसार वह बीते 10 जनवरी की रात्रि करीब 8 से 9 बजे के बीच अपने छह साल के बेटे अभिनिषाद के साथ सब्जी खरीदने जा रही थी। आरोप है कि उस दौरान एक तेज रफ्तार कार संख्या यूपी-56 एएम-2886 के चालक ने उनके बेटे को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसके पश्चात उन्होंने बेटे को चोटिल अवस्था में लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद बेटे के दोनों पैरों की हड्डियां टूटने की पुष्टि हुई है। वही पीड़ित मासूम की मां का कहना था उक्त गाड़ी चालक नशे में था उसने जान से मारने के इरादे से उनके बच्चे पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। लेकिन गाडी मालिक सुरेश चन्द निवासी काइमी केमा द्वारा इलाज में सहयोग नहीं किया। बल्कि उनके द्वारा धमकी दी जा रही है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में आरोपित गाड़ी मालिक के खिलाफ पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज स्थित उम्मेंद खेड़ा थाना मोहनलालगंज के रहने वाले वीरेंद्र रावत (38) एक निजी स्कूल की बस चलाते थे। चाचा प्रेम कुमार ने बताया उनके भतीजे वीरेंद्र शनिवार को बेटी चाहत को लेकर ससुराल आनंदीपुर सुशांत गोल्फ सिटी उसे छोड़ने के लिए गए थे रात में ससुराल में ही रुक गए थे वहां से बेटी को छोड़कर रविवार शाम घर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते मे ससुराल से कुछ दूर पर ही अहिरन ढकवा सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किसी अज्ञात वाहन से घायल हो गए। पुलिस द्वारा एंबुलेंस बुलवाकर उन्हें सीएचसी अस्पताल भेजा गया एवं पास मिले मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई सीएचसी में उनकी मौत हो गई।

## लविवि में मना गणतंत्र दिवस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने ध्वजारोहण के बाद अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा तथा शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए संकल्पित किया।

अपने उद्बोधन में प्रो. सैनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व झ को जीवन में आत्मसात करें। कुलपति ने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति ने विशेष रूप से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनकी सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें।

## हाई कोर्ट ने दो लाख की रिश्वत लेने के आरोपित दरोगा को दी जमानत

- पेपर मिल चौकी इंचार्ज को एंटी करप्शन ने किया था गिरफ्तार

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दो लाख रुपये की कथित तौर पर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए तत्कालीन चौकी इंचार्ज धनंजय सिंह को जमानत दे दी है। कोर्ट ने पाया था कि मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है तथा कथित रिश्वत की रकम अभियुक्त के पास से न बरामद होकर पेपर मिल पुलिस चौकी में रखी एक फाइल से बरामद हुयी थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति करूणेश सिंह पवारकी एकल पीठ ने धनंजय सिंह की जमानत याचिका पर दिया। सरकारी अधिवक्ता ने जमानत का विरोध कहा था कि एंटी करप्शन की टीम ने 29 अक्टूबर 2025 को उक्त दरोगा को गैंग रेप के केस से अभियुक्त का नाम निकालने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था और विवेचना में उसके खिलाफ समुचित साक्ष्य एकत्रित कर आरोपपत्र संबंधित अदालत के विचारण के लिए प्रेशित किया जा चुका है।

जमानत याचिका में याची दरोगा की ओर से दलील दी गयी थी कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त का हाथ फिनॉल्फथेलिन पाउडर टेस्ट करते हुए, धुलवाया नहीं गया था, इसके अतिरिक्त कथित रिश्वत की मांग का भी कोई ठोस साक्ष्य अभियोजन के पास नहीं है और न ही रिश्वत लेते समय कथित तौर पर बनाए गए, वीडियो-ऑडियो की कोई फर्द बनायी गई। यह भी कहा गया कि गैंग रेप के मुकदमे में नाम निकालने के लिए जिस आरोपी से रिश्वत कीमांग का आरोप है, उसे उक्त दरोगा द्वारा पहले ही जेल भेजा जा चुका था तथा उसका नामपीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए अपने बयान में भी लिया था लिहाजा बतौर विवेचक उसकेपास यह विकल्प नहीं था कि वह उक्त आरोपी का नाम निकाल सके।

## यूपी बार कौंसिल के तीसरे चरण का लखनऊ में होने वाला मतदान अव्यवस्था की भेंट चढ़ा

- मंगलवार को अपराह्न तक हुआ मतदान किया गया रद आज का भी मतदान टला
- चुनावों की नयी तिथि शीघ्र होगी घोषित

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के तीसरे चरण का लखनऊ में होने वाला मतदान मंगलवार को अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। बार कौंसिल के वर्तमान सदस्य और प्रत्याषी प्रषांत सिंह अटल और अखिलेष अवस्थी ने बताया कि मंगलवार को हुए मतदान रद कर दिये गये हैं और 28 जनवरी को होने वाला मतदान भी टाल दिया गया है। मतदान के आगे की तिथि बाद में तय की जायेगी।

दरअसल बार कौंसिल के तीसरे चरण का मतदान लखनऊ, कानपुर और मेरठ समेत 18 जिलों में मंगलवार और बुधवार को होना तय था। लखनऊ में यह मतदान हाई कोर्ट के प्रांगण में हो रहा था जिसमें अवध बार एसोसियेषन, सेंट्रल बार एसोसियेषन, लखनऊ बार एसोसियेषन सहित जिले की तहसीलों की बार एसोसियेषनों के करीब पच्चीस हजार से अधिक अधिवक्ताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। यह मतदान 27 और 28 जनवरी को दो दिन होना था।

सुबह मतदान प्रारम्भ होते ही अधिवक्ताओं की भारी संख्या के कारण सारी व्यवस्थायें चरमरातीं प्रतीत हुईं। इस बीच अपरान्ह मतदान केंद्र से बाहर कुछ मतपत्र देखे गये जिससे चुनाव लड़ रहे कई अधिवक्ताओं ने नारे बाजी और शोर शराबा करना षुरू कर दिया। देखते देखते मामला जोर पकड़ने लगा और मतदान केंद्र में भी हंगामा होने लगा जिसके बाद करीब चार बजे अपरान्ह मतदान रूक गया।

मामला तूल पकड़ते देख बार कौंसिल के चुनावों को कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनायी गयी हाई पावर इलेक्षन कमेटी के सदस्य जस्टिस सेवानिवृत्त ए आर मसूदी ने अधिवक्ताओं के बीच आकर कहा कि चुनाव अधिवक्ताओं की भावनाओं के अनुरूप ही होगें। उन्होंने कहा कि हमने सब चीजों का संज्ञान ले लिया है।

बतातें चलें कि यू पी बार कौंसिल के चुनाव प्रत्येक पांच साल बाद होते हैं। चुनावों में विलम्ब होने के कारण मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था जिसके बाद उसके आदेश पर हाईपावर इलेक्शन कमेटी की निगरानी में ये चुनाव सम्पन्न कराये जा रहे हैं। ये चुनाव चार चरणों में हो रहे हैं जिसका तीसरा चरण मंगलवार और बुधवार को सम्पन्न होना था। चारों चरणों में प्रदेष में लगभग दो लाख उन्चास हजार आठ सौ आठ वकील मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं में 77वें गणतंत्र दिवस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, गौरव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सजा हुआ था और विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गणतंत्र दिवस से पूर्व विद्यालय में दो दिवसीय खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका श्रीमती जतिंदर वालिया ने सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

**नवयुग कन्या महाविद्यालय** में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत



हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा सीनियर अंडर ऑफिसर अंजली बाजपेई के नेतृत्व में सलामी और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद कैडेट अंडर ऑफिसर दीप्ति, सिद्धी यादव एवं छात्रा परिषद की उपाध्यक्ष जिज्ञासा तिवारी के संचालन में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए, जिसने पूरे वातावरण को देश-प्रेम से सराबोर कर दिया। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शैक्षिक संस्थानों की एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका निर्वहन करना हम सभी का दायित्व है कयुवाओं को दृढ़ संकल्पित होकर कौशल विकास और नवाचार के साथ देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होना होगा।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि** के मुख्यालय में 77वें



गणतंत्र दिवस के मौके पर झण्डारोहण करते हुये निगम (मुख्यालय) स्तर पर मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता स्तर तक के सभी तकनीकी, प्रशासनिक अधिकारियों एवं अवर अभियन्ता, टीजी-2 तथा विद्युत सखी, मीटर रीडर तथा कार्यालयों में कार्यरत सहायक कर्मियों को उनके विभाग में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित कियागया। मध्यांचल एमडी रिया केजरीवाल ने सभी के द्वारा किये गये कार्यो की सराहना किया।

**लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन)** की सभी



दस शाखाओं में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। लखनऊ स्थित साउथ सिटी, एल्डिको, सेक्टर-आई, सेक्टर-डी, अंसल और जानकीपुरम शाखा में संबंधित प्रधानाचार्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान और अनुशासित परेड के साथ शुरू हुए इन कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया।

साउथ सिटी शाखा में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और आदर्शों पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रों द्वारा सामूहिक नृत्य और संगीत शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, सेक्टर-आई, आशियाना शाखा में आजादी से संविधान तक' नामक नाटक के जरिए देश के संघर्षपूर्ण सफर को दिखाया गया। साथ ही, जनजातीय नृत्य के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता पेश की गई। सेक्टर-डी शाखा में एनसीसी कैडेटों की गरिमापूर्ण परेड आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसने सभी में अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संचार किया। एल्डिको शाखा में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'एक्शन सॉन्ग' और 'विकसित भारत' थीम पर आधारित नृत्य के जरिए भविष्य के भारत की तस्वीर पेश की। जानकीपुरम शाखा में विद्यालय के छात्रों ने एक विशेष लघु नाटिका के माध्यम से सुबह की सभा में ली जाने वाली 'प्रतिज्ञा' के महत्व और उसे दैनिक जीवन में उतारने की सीख दी। अंसल शाखा में भी ध्वजारोहण के बाद उच्च स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने राष्ट्रवाद से ओत-प्रोत कई प्रस्तुतियां दीं। इनके अलावा रायबरेली और उन्नाव जिले में स्थित स्कूल की शाखाओं में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

**जीपीओ** में 77 वां गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बता दें कि इसी ऐतिहासिक प्रांगण में काकोरी कांड के मुकदमे की सुनवाई हुई थी तथा चार अमर शहीदों को फांसी की सजा सुनायी गयी थी जिससे इस स्थल का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष ऐतिहासिक महत्व है। यह प्रथम अवसर था जब लखनऊ जीपीओ प्रांगण में काकोरी कांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस पहल के अंतर्गत पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने काकोरी कांड के अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान एवं राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके सम्मान में दीप प्रज्वलित किया। प्रांगण में ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा संविधान के आदर्शों, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के महत्व पर प्रकाश डाला। काकोरी के शहीदों के बलिदान का इतिहास भी याद दिलाया। उन्होंने डाक विभाग की जनसेवा में भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी से कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय एवं जीपीओ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। देश भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।



**ॐ साईं राम सेवा समिति** के तत्वावधान में न्यू पारा कॉलोनी-2 में गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, सम्मान एवं देशभक्ति के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल कॉलोनी परिसर में ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी नागरिकों ने तिरंगे को सलामी देकर संविधान और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। ध्वजारोहण कार्यक्रम में समिति एवं कॉलोनी के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राकेश दीक्षित, मातंबर मिश्रा, दीपु शुक्ला, रत्नेश करदम, प्रभात अग्रवाल, अविनाश बाजपेयी, गंतव्य पांडे, राजेश शुक्ला, गौरव दीक्षित, हर्षित दीक्षित के साथ-साथ मयूर, शेरा, माधव, विधि एवं अनिका की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतंत्र की मजबूती तथा देश की एकता और अखंडता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ताओं को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है।



## तिरंगे की आन-बान-शान के साथ राष्ट्रप्रेम का महासंगम

- सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हाथों में तिरंगा, दिलों में राष्ट्रप्रेम और सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा, 77वें गणतंत्र दिवस पर सरोजनीनगर राष्ट्रभक्ति के विराट उत्सव में परिवर्तित हो उठा, जब डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को तिरंगे के रंग में रंग दिया। हजारों बाइक और कारों पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज, देशभक्ति गीतों पर थिरकते उत्साही युवा और नागरिक, खुली जिप्सी में हाथों में तिरंगा थामे, जन-जन का अभिवादन करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, सरोजनीनगर का यह दृश्य, राष्ट्र के प्रति समर्पण का चलता-फिरता उद्घोष बन गया।

छठ पूजा स्थल, सैनिक स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी से प्रारंभ होकर कानपुर रोड, स्कूटर इंडिया चौराहे से यू टर्न लेते हुए एयरपोर्ट तक, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में पहुंची यह तिरंगा यात्रा, तिरंगे की आन, बान और शान को समर्पित जनभावनाओं की अभिव्यक्ति थी, जिसने सम्पूर्ण सरोजनीनगर को देशभक्ति के जयघोषों से गुंजायमान कर दिया। इस भव्य तिरंगा यात्रा से पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल द्वारा छठ पूजा स्थल, सैनिक स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी में आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम एवं सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता करते हुए तिरंगे को सम्मानपूर्वक आकाश की ओर आरोहित किया। डॉ. सिंह ने गणतंत्र दिवस पर मातृशक्ति की सराहना करते हुए बताया कि तारा शक्ति केंद्रों के माध्यम से अब तक 50 हजार से अधिक तिरंगे बनाकर देश को समर्पित किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, दिलीप द्विवेदी, जितेन्द्र हजेला, राजेश चौहान, विमर्श रस्तोगी, प्रमोद हजेला, अरुण शुक्ला, सचिन चमोली, अमित पाण्डेय, जगजीत सिंह, दीपक गुप्ता, सुनील रावत, रंजीत रावत सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नागिन सिर्फ शो नहीं, एक विरासत है : प्रियंका चाहर चौधरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी इस समय अपने करियर के एक अहम मोड़ पर हैं। बिग बॉस के बाद उन्होंने दर्शकों के बीच एक अलग पहचान बनाई है। अब वह एकता कपूर के सुपरहिट शो नागिन 7 में प्रमुख भूमिका निभाने जा रही हैं। यह शो टीवी के सबसे चर्चित और सफल फ्रेंचाइजी में से एक माना जाता है। उन्होंने बताया कि यह मौका उनके लिए कितना खास है और इससे जुड़ी जिम्मेदारियों को वह किस तरह देखती हैं।

प्रियंका बताती हैं कि नागिन बनने का पहला संकेत उन्हें बिग बॉस के घर में ही मिल गया था और वह पल आज भी उनके जहन में ताजा है। वह कहती हैं, मेरा पहला रिएक्शन शायद लोगों ने बिग बॉस में अपनी आंखों से देखा होगा। जब एकता मैम ने मेरे कान में आकर बहुत ही चुपके से कहा कि तुम नागिन के लिए चुनी जा चुकी हो और तुम मेरी अगली नागिन बनने वाली हो, उस वक्त मैं अंदर से खुशी से कांप रही थी। लेकिन उस खुशी को जाहिर नहीं कर सकती थी, क्योंकि वह एक राज था।

**बिग बॉस के बाद समझ आई इस मौके की असली अहमियत:** शो से बाहर आने के बाद इस ऑफर की अहमियत और भी गहराई से समझ में आई। एक्ट्रेस आगे कहती हैं, बिग बॉस से बाहर आने के बाद जब इस बारे में बात आगे बढ़ी, तब मुझे पूरी तरह एहसास हुआ कि यह कितना बड़ा मौका है। सच कहूं तो मुझे अंदर ही अंदर लग रहा था कि यह एक वादा है, जो कभी न कभी पूरा होगा। लेकिन जब ऑफिशियल कॉल आया और वह कॉल काफी देर से आया, तब जाकर मुझे लगा कि अब यह सपना सच में हकीकत बनने जा रहा है। हालांकि इसका इंतजार काफी लंबा था।

**परिवार से ज्यादा अहम कुछ नहीं:** प्रियंका ने अपनी इस खुशखबरी को सबसे पहले अपने परिवार और पापा के साथ शेयर किया। प्रियंका कहती हैं, मेरी जिंदगी में मेरे परिवार से ज्यादा अहम कुछ नहीं है। इसलिए इस खुशखबरी को सबसे पहले मैंने अपने पापा को बताया। पापा ने मम्मी को बताया होगा और फिर पूरे घर में यह खबर फैल गई होगी। नागिन जैसी आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना प्रियंका के लिए सम्मान के साथ भारी जिम्मेदारी भी है। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा, ह्यमेरे दिमाग में सबसे पहला ख्याल यही आया कि यह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ी विरासत है। नागिन जैसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना आसान नहीं होता। मैं खुद से पूछ रही थी कि क्या मैं इस जिम्मेदारी के साथ न्याय कर पाऊंगी। लेकिन इसी डर के साथ एक मजबूत आत्मविश्वास भी था। मैं चाहती हूं कि दर्शक जब मुझे नागिन के रूप में देखें, तो उन्हें कोई कमी महसूस न हो। पुराने सीजनों को याद करते हुए प्रियंका कहती हैं, नागिन के अब तक जितने भी सीजन आए हैं, वे सभी अपने आप में आइकॉनिक हैं। हर नागिन ने इस किरदार को खास बनाया है। मेरी कोशिश यही है कि नागिन 7 भी उसी ऊंचाई तक पहुंचे और अपनी अलग पहचान बनाए। अपनी पसंदीदा नागिन को लेकर प्रियंका ने कहा कि अगर मैं दिल से कहूं, तो सीजन वन की नागिन आज भी मेरे लिए सबसे खास हैं। मौनी रॉय ने उस किरदार को जिस खूबसूरती से निभाया, वह आज भी याद किया जाता है। वह न सिर्फ शानदार अभिनेत्री हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

**नागिन का कॉस्ट्यूम पहनना भावुक कर देने वाला पल था:** जब प्रियंका ने पहली बार खुद को नागिन के लुक में देखा, तो वह पल उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैंने नागिन का कॉस्ट्यूम पहना और खुद को आईने में देखा, तो मेरी आंखें भर आईं। वह सिर्फ एक लुक नहीं था, बल्कि मेरे पूरे सफर का नतीजा था। उस पल मुझे खुद के अंदर एक अलग ही ताकत और आत्मविश्वास महसूस हुआ।

**बिग बॉस के मंच पर सलमान खान के साथ दोबारा वापसी:** बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट से लेकर सीजन 19 में नागिन 7 को प्रमोट करने तक के अपने सफर पर प्रियंका ने कहा कि सलमान सर के साथ स्टेज शेयर करना हर बार उतना ही खास होता है। उनके सामने खड़ा होना, उनसे बात करना किसी भी कलाकार के लिए बहुत बड़ी बात है। मैं स्टेज पर जाने से पहले बहुत नर्वस थी, लेकिन अंदर ही अंदर बेहद एक्साइटेड भी थी।

# तिरंगा तीन रंगों से बढ़कर भारत माता का जीवंत स्वरूप है : सपना गोयल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 26 जनवरी को भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमारे संविधान की शक्ति और एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकता का उत्सव है। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था, जिसने हमें एक सूत्र में पिरोया। किसी भी भारतीय राष्ट्रीय पर्व का केन्द्रीय आकर्षण होता है हमारा प्यारा तिरंगा। अक्सर हम सीमित दृष्टिकोण के कारण भारतीय झंडे में केवल तीन रंग केसरिया, सफेद और हरा ही देख पाते हैं जबकि भारतीय झंडे का बिम्ब इससे भी कहीं अधिक विशाल है। एक सच्चे भारतीय के लिए तिरंगा रंगों का संयोजन मात्र नहीं, बल्कि साक्षात भारत माता का स्वरूप है। साल 1905 में, प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने 'भारत माता' का पहला प्रतिष्ठित चित्र बनाया था। उसमें आराध्य देवी 'भारत माता' को भगवा वस्त्र पहने एक साध्वी जैसी महिला के स्वरूप में दशार्या गया है, जिनके चारों हाथों में एक किताब, धान की बालियां, सफेद कपड़े का एक टुकड़ा और एक माला है। वर्तमान में यह पेन्टिंग कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के संग्रह में स्थित है। यह छवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा अपने आनंदमठ में वर्णित राष्ट्र के मानवीकरण पर आधारित है। यह पेन्टिंग इस अवधारणा का पहला सचित्र चित्रण था और इसे व्यापक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वदेश के आदर्शों के साथ चित्रित किया गया था। आज भी भारत माता सभी देशवासियों की चेतना स्वरूपी मां के रूप में पूजनीय है। इसके साथ ही भारत मां एक ही संदेश देती है अपने वतन पर गर्व करो और स्वदेशी की भावना से हर कार्य करो तभी देवभूमि भारत भी सशक्त होगा। ऋषियों और संतों द्वारा पूजित यह धरा पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकेगी। आइए हम सभी संकल्प ले कि तिरंगे को भारत माता का जीवंत स्वरूप मान कर उसकी आन, बान और शान के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर देंगे।

# कोलंबो में बिखरेगा लखनऊ कथक घराने का रंग




**लखनऊ।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के स्वामी विवेकानंद कल्चर सेंटर में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन में प्रख्यात कथक नृत्य कलाकार डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह को अपनी कला प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है।

डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह विगत 25 वर्षों से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की साधना से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रहकर कथक नृत्य की शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। मूल रूप से सुल्तानपुर जनपद से संबंध रखने वाले डॉ. सिंह ने अपनी सतत साधना और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। बाल्यावस्था से ही कथक नृत्य के प्रति समर्पित डॉ. सिंह कथक के साथ-साथ विभिन्न भारतीय लोकनृत्य शैलियों के भी सशक्त कलाकार हैं। उनकी कथक शिक्षा लखनऊ घराने की वरिष्ठ नृत्यांगना एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित श्रृंगार मणि डॉ. मीरा दीक्षित के सानिध्य में पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत संपन्न हुई। लोकनृत्य का प्रशिक्षण उन्होंने गुरु मोहित कपूर से प्राप्त किया। शैक्षणिक उपलब्धियों की दृष्टि से डॉ. सिंह ने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ से कथक पारंगत, भातखंडे विद्यापीठ से कथक निपुण, प्रयाग संगीत समिति से कथक प्रवीण, तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान से कथक नृत्य में पी.एच.डी. भी पूर्ण की है। नृत्य के साथ-साथ डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय से बैचलर एवं मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स (इश्अ, टश्अ) की डिग्रियाँ प्राप्त कर स्वयं को एक बहुआयामी कलाकार के रूप में स्थापित किया है। वे श्रृंगारी डांस ग्रुप एवं गुरुकुल के सचिव हैं, दूरदर्शन के ग्रेड कलाकार, तथा संस्कृति विभाग, लखनऊ के पंजीकृत कलाकार भी हैं। वर्ष 2011 में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास एवं उपराष्ट्रपति भवन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रस्तुति दी। अपनी कला-यात्रा में उन्हें कला रत्न सम्मान, संत तुलसी सम्मान, सुल्तानपुर आइडल, कुशभुवनपुर रत्न, अवध सम्मान, कुंवर कल्याण सिंह सम्मान, रामेश्वरी कला सम्मान, आईटीबीपी सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

# म्हारी मैया झुंझुनूं वाली थारी जग में शान निराली...

## धूमधाम से निकली 351 सौभाग्यवती महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा, डोली उत्सव में उमड़ा भक्तों का सैलाब



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री झुन्झुनू वाली दादी जी मित्र मण्डल की ओर से श्री झुन्झुनू वाली दादी डोली उत्सव की शुरूआत रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा इन्द्रिरा नगर स्थित श्री अखण्डेश्वर महादेव मन्दिर से 351 सौभाग्यशाली महिलाओ द्वारा हाथों में मेंहदी सजाये, चुनरी की साड़ी में सजी महिलाएं सिर पर दादी नाम का कलश धारण किये जब निकली तो हर कोई देखते ही रह गया। जिधर कलश यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार हुई। यात्रा के स्वागत में जगह जगह पुष्प वर्षा हुई और साथ ही कलकत्ता से आये संजय शर्मा ने दादी का दरबार सुहाना लगता है, म्हारी मैया झुन्झुनू वाली थारी जग में शान निराली.. गाया तथा इसी क्रम में रितेश ने ओ पालन हारी, ओ मइया प्यारी, तुम्हरे बिन हमरा कोई नही..., तेरे जैसा कोई भी ना दादी, तू दीपक है हम सब है बाती... भजन जब सुनाया तो भक्त विधायक डॉ नीरज बोरा, बिंदु बोरा, दिनेश मेधदूत अग्रवाल, महेश गर्ग, रूपेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजेन्द्र पांडेय झूमने लगें। राजस्थानी लिबास पहने हजारों भक्त झुनझुनवाली दादी की जय के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। भजनों पर नृत्य करते हुये रास्तें में फूलों की होली खेलता हुआ चल रहा था। यात्रा में सबसे आगे रथ पर सवार भगवान पर शंकरपरिवार, हनुमान तथा श्रीकृष्ण तथा पालकी में राधा रानी चल रहा थी। वही अपराह्न एक बजे नारायणी चरित्र मानस पाठ देविका बाजोरिया के भावपूर्ण मधुर वाणी में किया गया।

**उत्सव में दो असहाय वर वधु का विवाह हुआ:** श्री नारायणी चरित्र मानस पाठ देविका बाजोरिया ने भावपूर्ण मधुर वाणी से दो सौ से अधिक परिवारो ने एक साथ मंगल पाठ किया तो पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया इसी बीच श्री नारायणी चरित्र मानस पाठ के अध्याय चतुर्थ में दादी का विवाह का वर्णन के समय कमेटी ने दो असहाय वर वधु को पवित्र परिणय सूत्र में पिरोया।

**351सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा :** सोलह श्रृंगार किये लाल चुनड़ी धारण किए हाथो में कलश और श्री दादी के भजनों का गुणगान करते हुए 351 सौभाग्यवती महिलाए कलश यात्रा में सम्मिलित होकर सुबह ग्यारह बजे गाजे बाजे साथ पाँच रथ पर सवार बाल रुपी झांकी देखते ही बन रहा था। डोली उत्सव कार्यक्रम में श्री दादी जी मित्र मंडल लखनऊ के सदस्य दिनेश मेघदूत अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, जया अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, राजेंद्र पाण्डेय, आशीष अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल स्वदित अग्रवाल, संगीता अग्रवाल सहयोग प्रदान कर रहे है।

# कथा का सार हमारे आचरण में झलकना चाहिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर कैंट हाता रामदास स्थित शिव श्याम मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को यज्ञ पूणार्हुति और महा प्रसाद के साथ संपन्न हुआ। राजेन्द्र कुमार पांडे गुरुजी द्वारा यज्ञ पूणार्हुति हुई उसके बाद भण्डारा शुरू हुआ। यज्ञ में राजेन्द्र कुमार पांडे गुरुजी, मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास देवेश अवस्थी (द्वारिकानाथ जी महाराज) ने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं है, बल्कि अपने अहंकार और बुराइयों को प्रभु के चरणों में समर्पित करना ही सच्चा यज्ञ है। भागवत कथा का सार हमारे जीवन के आचरण में झलकना चाहिए। उन्होंने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

# मानसिक द्वंद्व खत्म करता है सुंदरकांड का पाठ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में मंगलवार 27 जनवरी को चिनहट के रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित भव्य सनातन धाम लॉन परिसर में, गुप्त नवरात्र की सप्तमी को आयोजित मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी में ह्लसेवा परमो धर्मह्व का संदेश देते हुए जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गए। इसके साथ ही ऐसी मातृशक्तियां, जो धर्म के प्रचार-प्रसार और सेवा में निःस्वार्थ भाव से समर्पित हैं, उनका सम्मान करते हुए उन्हें ह्लजय श्री रामह्व की छवि अंकित वाले, विशेष सिन्दूरी शॉल, अंगवस्त्र के रूप में भेंट किए गए। इस क्रम में उन्होंने बताया कि शनिवार 31 जनवरी को कानपुर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर के गंगा जी घाट परिसर में वृहद सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इसमें लखनऊ से जहां पन्द्रह बसों द्वारा मातृशक्तियां रवाना होंगी वहीं प्रदेश भर से भी हजारों की संख्या में मातृशक्तियां इस महा अनुष्ठान में शामिल होंगी। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने संगोष्ठी में संदेश दिया कि सुंदरकांड से सभी प्रकार के मानसिक द्वंद्व दूर हो सकते हैं। तभी मनुष्य को शान्ति की भी प्राप्ति संभव है। अगर व्यक्ति का मन ही शांत नहीं होगा तो भक्ति का लक्ष्य भी अधूरा ही रह जाएगा। इसलिए सुंदरकांड से न केवल मन की सभी दुविधाएं दूर होती हैं बल्कि मन भी शांत होकर भक्ति में लीन हो जाता है। और फिर सुदंरकांड ही हमें यह भी बताता है कि भक्ति में हमारे आदर्श, हनुमान महाराज जी हैं क्यों कि जब प्रभु राम से कुछ वरदान मांगने का अवसर आया तो पवनपुत्र मारुतिनंदन ने उनसे केवल भक्ति मांगी। जिसे प्रभु की भक्ति मिल गई, वह देवी शबरी, जटायु और काकभुशुण्डि की तरह तर गया। वास्तव में सुंदरकांड में सम्पूर्ण विश्व का कल्याण निहित है।

# उत्तरायणी कौथिग : देशभक्ति गीतों ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंडित गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया गया। संयोजक के.एन. चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह मोना एवं महासचिव महेंद्र रावत सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रगान गाकर मेले का शुभारंभ किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत बाल कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति के साथ हुई। तत्पश्चात आजाद नगर (सरोजनी नगर) से मंजू नेगी, सरोजनी नगर द्वितीय से जानकी पाठक, आर.डी.एस.ओ. शाखा से सरस्वती रावत, रामलीला समिति तेलीबाग-एक से दीपा ऐरी, रामलीला समिति तेलीबाग-दो से राजेंद्र बिष्ट एवं झोड़ा टीम तेलीबाग से भावना अधिकारी के नेतृत्व में झोड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आए सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों ने मंच को सुशोभित किया। इसी अवसर पर पंतनगर रामलीला समिति, तेलीबाग रामलीला समिति एवं आर.डी.एस.ओ. शाखा के पदाधिकारियों को पर्वतीय महापरिषद द्वारा सम्मानित किया गया। आज के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। पर्वतीय महापरिषद के संरक्षक डॉ. आर.सी. पंत, डी.डी. नयाल, पुष्कर नयाल, सुमन रावत, मंजू शर्मा, चित्रा कांडपाल, बसंत भट्ट एवं लक्ष्मण सिंह धामी ने पुष्पगुच्छ प्रदान किए। के.एन. पाठक एवं जी.डी. भट्ट ने अंगवस्त्र भेंट किए तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह मोना के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों ने विशाल पुष्पमाला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य संयोजक के.एन. चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी एवं महासचिव महेंद्र सिंह रावत ने प्रतीक चिह्न प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद बृजलाल का जितेंद्र उपाध्याय, सुनील किमोठी, वीरेन्द्र आर्य, दीपक चिलकोटी एवं प्रदीप सिंह बिष्ट द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पर्वतीय महापरिषद के महासचिव महेंद्र सिंह रावत को देवकी नंदन पांडेय उद्घोषक सम्मान, आनंद कपकोटी को युवा सम्मान, ख्याली सिंह कड़ाकोटी को दीवान सिंह डोलिया सम्मान तथा अमित बिष्ट (मूर्तिकार) को रणवीर सिंह वीरता सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्तरायणी कौथिग के प्रायोजक सत्यार्थ हॉस्पिटल एवं कैंसर सेंटर, कृष्णा नगर, लखनऊ के डॉ. विवेक मल्होत्रा (एम.बी.बी.एस., एम.एस., डी.एन.बी.), डॉ. मानिका मल्होत्रा (एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.) एवं देवेश सिंह (एडमिन हेड) को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथि कलाकार सौरभ मैठाणी, ललित गित्यार एवं चंद्रप्रकाश की प्रस्तुतियों ने संस्कृति प्रेमियों से खचाखच भरे कौथिग परिसर को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# श्रद्धा व सत्कार से शहीद बाबा दीप सिंह का जन्मोत्सव मनाया गया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहीद बाबा दीप सिंह का जन्मोत्सव श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव नाका हिन्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। प्रातः का दीवान श्री सुखमनी साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ। उसके उपरान्त रागी भाई राजिन्दर सिंह ने आसा दी वार का अमृतमयी कीर्तन एवं सूरा सो पहचानीए जो लरै दीन के हेत पुरजा पुरजा कट मरै कबहू न छाडे खेत। शबद गायन कर संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने शहीद बाबा दीप सिंह के जन्मोत्सव पर कथा व्याख्यान करते हुए बताया कि बाबा दीप सिंह का जन्म 1682 को ग्राम पहुविंड तहसील पट्टी, जिला अमृतसर में हुआ था। बाबा दीप सिंह ने प्रण लिया कि खालसा सो जो चढे.तुरंग, खालसा सो जो करे नित जंग। 1757 में (75 वर्ष की आयु में) गोलवड़ के टिब्बे पर 40000 फौजियों ने हमला कर दिया। बाबा दीप सिंह अपने साथियों बाबा नौध सिंह, भाई दयाल सिंह, बलवंत सिंह, बसन्त सिंह और कई योद्धाओं के साथ मुकाबला किया। धर्म की रक्षा करने के साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की रक्षा करने वाले बाबा दीप सिंह 18 सेर का दो धारी खंडा (दो धार वाली तलवार) लेकर मैदान-ए-जंग में लड़ते रहे। बाबा ने सुधासर (अमृतसर) में शहीद होने का प्रण लिया था। बाबा का सिर जंग में कट जाने के बावजूद एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में सिर लेकर वह गुरू रामदास के चरणों में पहुँच गये। वहाँ अब बाबा के नाम से टाहला साहिब गुरूद्वारा है। बाबा के शरीर का जहाँ संस्कार किया गया वहाँ अब गुरूद्वारा शहीद गंज बाबा दीप सिंह बना है। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को बाबा दीप सिंह के जन्मोसव की बधाई दी और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके उपरांत संगत में मिष्ठान प्रसाद एवं चाय का लंगर वितरण किया गया।

## यहियागंज गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में सिख पंथ के महान योद्धा अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के आगमन दिवस पर 26 जनवरी को विशेष समागम का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन मे विशेष रूप से सिंह साहिब ज्ञानी जसविंदर सिंह जी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर, भाई सुरेंद्र सिंह मनी अमृतसर, भाई सिमरनजीत सिंह जी कुरुक्षेत्र वालों वालों ने कथा एवं कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस विशेष अवसर पर 26 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे से 10:00 बजे दीवान सजाए गए। दीवान की समाप्ति पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर अमरजोत सिंह की अगुवाई में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया, एवं बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन की तरफ से धार्मिक आर्ट कंपटीशन मे भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने श्री दरबार साहिब अमृतसर से आए सिंह साहब ज्ञानी जसविंदर सिंह जी को शाल एवं सिरोपा भेंट किया। समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सिंह साहब ज्ञानी जसविंदर सिंह के द्वारा बाबा दीप सिंह जी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# अमित सिंह को मिला रणवीर सिंह बिष्ट कला सम्मान-2026

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तराखंड मूल के युवा मूर्तिकार अमित सिंह को कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए रणवीर सिंह बिष्ट कला सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तरायणी कौथिक मेला 2026 की रजत जयंती के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पन्त पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, वीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमित सिंह को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, उत्तराखंड की लोक चित्रकला पर आधारित प्रतीक चिन्ह तथा 10,000 की सम्मान राशि प्रदान की। यह निर्णय पर्वतीय महासभा की चयन समिति द्वारा लिया गया, जबकि सम्मान राशि बिष्ट परिवार की ओर से दी गई। जानकारी देते हुए भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि अमित सिंह का जन्म 15 मई 1990 को उत्तरकाशी, उत्तराखंड में हुआ। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय से वर्ष 2014 में बी.वी.ए. (मूर्तिकला) तथा 2016 में एम.वी.ए. (क्रिएटिव स्कल्प्चर) की उपाधि प्राप्त की। वे देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित कला प्रदर्शनियों, रेज़िडेंसी कार्यक्रमों और कला शिविरों में सक्रिय सहभागिता कर चुके हैं। इनमें पड़ाव : आर्ट मेंटरिंग प्रोग्राम (देहरादून एवं ग्रेटर नोएडा), बीएएफ अवॉर्ड प्रदर्शनी, अंतरराष्ट्रीय कला मेला, खजुराहो, राष्ट्रीय समकालीन कला प्रदर्शनी, नागपुर, तथा राज्य ललित कला अकादमी की प्रदर्शनियाँ उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पोलैंड के लेश्नो में छह माह की ईवीएस रेज़िडेंसी, स्टोन कार्विंग स्कल्प्चर कैंप तथा नंदा देवी क्षेत्र सहित विभिन्न कलाकार शिविरों और रेज़िडेंसी कार्यक्रमों में सहभागिता कर अपनी शिल्प-अनुभूति और वैचारिक दृष्टि को निरंतर समृद्ध किया है। अस्थाना ने सम्मान के बारे में बताया कि वरिष्ठ चित्रकार एवं कला शिक्षक प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ के पूर्व प्रधानाचार्य रहे। वे समकालीन भारतीय कला परिदृश्य में एक संवेदनशील, प्रतिबद्ध और मार्गदर्शक कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित थे।

# फरवरी-मार्च में 3 दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रहेंगी निरस्त




- यात्रियों की बढ़ेगी मुसीबत
- 18 फरवरी से 19 मार्च तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य, 20 मार्च को मुख्य संरक्षा आयुक्त करेंगे का कार्य निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे एक तरफ जहां ट्रेनों को सही समय से चलने के लिए तमाम तकनीकी बदलाव करता है। वहीं, रेलवे ट्रैक का भी दोहरीकरण और तहरीकरण किया जा रहा है। ताकि ट्रेनों को सही समय से और निर्बाध गति से चलाया जा सके। इसी कड़ी मे पूर्वोत्तर रेलवे में भी लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जा रहा है। गाड़ियों की गति बढ़ाने, संचलन समय में बचत करने एवं अतिरिक्त गाड़ियों के संलचन हेतु गोण्डा-बुढ़वल रेलखंड पर स्थित गोण्डा-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान के लिए 18 फरवरी से 19 मार्च, 2026 तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 20 मार्च, 2026 को मुख्य संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण का कार्य होना है।

इस रूट से होकर चलने वाली दो दर्जन से ज्यादा गाड़ियों का फरवरी और मार्च में अलग-अलग तारीखों में निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण, शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। इस संदर्भ मेंपूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि परिचालनिक सुगमता के लिए पूर्वोत्तर रेलवे मे लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जा रहा है। ताकि ट्रेनों को सुगमता और समयबद्ध तरीके से चलाया जा सके। यात्रियों की सुविधा के रेलवे की ओर से प्रभावित ट्रेनों की जानकारी दी गई है।

**यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त :** बान्द्रा टर्मिनस से 15 मार्च, 2026 को चलने वाली 22921 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 17 मार्च, 2026 को चलने वाली 22922 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ग्वालियर से 18 मार्च, 2026 को चलने वाली 22199 ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बलरामपुर से 19 मार्च, 2026 को चलने वाली 22200 बलरामपुर-ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 16 मार्च, 2026 को चलने वाली 15133 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 18 मार्च, 2026 को चलने वाली 15134 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी. गोरखपुर से 17 मार्च, 2026 को चलने वाली 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 18 मार्च, 2026 को चलने वाली 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पुणे से 19 मार्च, 2026 को चलने वाली 15029 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 21 मार्च, 2026 को चलने वाली 15030 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 22 मार्च, 2026 को चलने वाली 55073 गोरखपुर-बढ़नी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी से 03 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 14213 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बहराइच से 04 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 14214 बहराइच-वाराणसी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अयोध्या कैण्ट से 16 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 64220 अयोध्या कैण्ट-मनकापुर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। मनकापुर से 16 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 64223 मनकापुर-अयोध्या धाम मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

अयोध्या धाम से 16 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 64224 अयोध्या धाम-मनकापुर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। मनकापुर से 16 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 64217 मनकापुर-अयोध्या कैण्ट मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। रक्सौल से 18 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 19 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच के मध्य 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 75109/75110 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच के मध्य 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 75111/75112 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच के मध्य 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 75113/75114 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोण्डा एवं सीतापुर के मध्य 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55033/55034 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर एवं शाहजहाँपुर के मध्य 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55059/55060 सीतापुर-शाहजहांपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55091 गोण्डा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर सिटी से 03 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी- गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 02 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55093 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 03 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55094 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोरखपुर से 16 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15081 गोरखपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 17 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15082 गोमतीनगर- गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 17 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 18 से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 17 से 19 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15114 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 19 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 18 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। भटनी एवं अयोध्या धाम से 18 से 20 मार्च, 2026 तक चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 21 मार्च से 22 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55032 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं बढ़नी से 21 से 22 मार्च, 2026 तक चलने वाली 55075 गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

## लखनऊ होकर उधना-अयोध्या कैंट ट्रेन 13 से

**लखनऊ।** लखनऊ होकर उधना जंक्शन से अयोध्या कैंट के बीच विशेष ट्रेन का संचालन 13 फरवरी से किया जाएगा। 09093 उधना से 13 फरवरी से 27 मार्च तक हर शुक्रवार सुबह 07:25 बजे चलेगी। अगले दिन सुबह 07:45 बजे लखनऊ जंक्शन और 08:30 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वापसी में 09094 अयोध्या कैंट से 14 फरवरी से 28 मार्च तक हर शनिवार शाम 05:17 बजे चल कर 06:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

## गोमती नगर-डिब्रूगढ़ के बीच चलेगी अमृत भारत वीकली एक्सप्रेस

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री की सुविधा हेतु 15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमती नगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन डिब्रूगढ़ से 30 जनवरी से तथा गोमतीनगर से एक फरवरी से निम्नवत किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 15949 डिब्रूगढ़-गोमती नगर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 30 जनवरी से प्रत्येक शुक्रवार को डिब्रूगढ़ से 21.00 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन मराणहाट, शिमलगुड़ी जं., मरियानी दूसरे दिन फरकाटिंग, दीमापुर, दीफू, लामडिंग, होजाई, चापरमुख, जागी रोड, गुवाहाटी, कामाख्या, रंगिया, नलबाड़ी, बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड तथा किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नवगछिया, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी तीसरे दिन हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान से 03.50 बजे, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट तथा बाराबंकी छूटकर गोमती नगर 13.30 बजे पहुंचेगी।




वापसी यात्रा में 15950 गोमती नगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस एक फरवरी से प्रत्येक रविवार को गोमती नगर से 18.40 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, मनकापुर, बस्ती दूसरे दिन खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान से 04.10 बजे छूटकर विभिन्न स्टेशन होते हुए तीसरे दिन डिब्रूगढ़ 12.40 बजे पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस अमृत भारत ट्रेन में शयनयान श्रेणी के सात, साधारण द्वितीय श्रेणी के दस, एसएलआरडी के दो तथा पेंट्रीकार के एक कोच सहित कुल बीस कोच लगाया जाएंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो यात्रियों की अत्याधुनिक सुविधाओं और किफायती यात्रा की नई परिकल्पना का प्रतीक है। आकर्षण डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह स्वदेशी ट्रेन तकनीकी दृष्टि से भी अत्यंत सुरक्षित है। कवच सिस्टम से युक्त इस ट्रेन में सेमी आटोमैटिक कपलर, क्रैश ट्यूब और ईपी-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में तुरंत ब्रेक लग सके। इसके सभी कोच पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूएशन सिस्टम से युक्त हैं।

# लविवि से यूजीसी का पुरजोर विरोध शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूजीसी की नई गाइडलाइंस जो विवादों और भ्रामकता से भरी हुई के विरोध में लखनऊ विश्वविद्यालय के आम छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता आलोक मिश्रा ने कहा कि शैक्षिक परिसर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय विमर्श और विचार का केंद्र होता है, जहां से विचार उपजता है और पंक्ति के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचता हैं। यहां हम मित्रता करते हैं अपने सुख दुख बांटते हैं कैंटीन में पहुंच कर एक ही प्लेट से खा लेते हैं हॉस्टल के मेस में हमे नहीं पता होता कि ये थाली मुझसे पहले किसने प्रयोग की, हर जिले क्षेत्र जाति धर्म के लोगों से हमारी मित्रता होती है और ये यूजीसी का नया नियम इस परम्परा में बाधक है।

सरकारें ऐतिहासिक रूप से यह जानती है कि जब जब सत्ताधीश बेलगाम होते हैं अराजक होते हैं तब तब ये छात्र सड़कों को बहाल कर सदन का संतुलन बनाने में महती भूमिका निभाती है। इमर्जेंसी के दौर में तथा अलग अलग समय पर ये देखने को मिला है। छात्रों की ताकत छात्र संघ पर ताले लटका कर पहले से कमजोर की जा चुकी है और अब ऐसे मैंडेट से उनके बीच में सामाजिक और जातीय विभेद उत्पन्न कराकर कमजोर करने की साजिश है। इसे सभी छात्र जान रहे हैं।



छात्र नेता रिशेंद्र प्रताप सिंह ने यूजीसी को मैकाले शिक्षा नीति की तरह फूट डालो और राज करो कि मंशा से छात्र राजनीति का दमनकर्ता बताया और कहा इस मैंडेट से किसी भी वर्ग के छात्र को कोई सहायता नहीं मिलने वाली बल्कि अब छात्र एक दूसरे से घुलने मिलने में असहजता महसूस करेंगे कि कब उनके ऊपर किसी प्रकार की कार्यवाही का आह्वान हो जाए।

छात्र नेता जतिन शुक्ला ने कहा ये बराबरी नहीं बंटवारे का फरमान अगर वापस नहीं होता तो हम आगे और बड़े आंदोलन के लिए देखेंगे आज के समय में हमारी एकता में कहीं कोई फूट न पड़े इसीलिए सभी छात्रों को एक आवाज में इसका विरोध करना चाहिए। शशि प्रकाश ने विरोध भरे स्वर में कहा कि यूजीसी एक्ट के खिलाफ आज लखनऊ विश्वविद्यालय में सर्व समाज के हजारों छात्रों ने उग्र आंदोलन हैं। छात्रों ने सीधे तौर इस बिल को बर्खास्त करने की मांग की। छात्रों ने एसीपी को ज्ञापन देकर इस कानून को खत्म करने की मांग की। अधिनियम 1956 के तहत जिस यूजीसी की स्थापना विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षा को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए हुई थी आज वही यूजीसी एक काला कानून बना कर विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में छात्रों को जाती के आधार पर लड़ा रही है जो कि निंदनीय है।

# पीडब्ल्यूडी में प्रहरी ऐप व रॉयल्टी व्यवस्था के खिलाफ ठेकेदारों का विरोध

- ऐप की तकनीकी खामियों पर उठे गंभीर सवाल, खामियों के दूर होने तक ऑनलाइन व्यवस्था को अस्थायी रूप से बंद किया जाने की उठायी मांग
- विभाग के प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष समेत कई जिलों में ठेकेदार संघो ने सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में लागू की गयी प्रहरी ऐप और रॉयल्टी व्यवस्था को लेकर प्रदेश भर के ठेकेदारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश के कई जिलों के ठेकेदार संघों ने इसे अव्यवहारिक, तकनीकी रूप से कमजोर और बिना तैयारी लागू किया गया सिस्टम बताते हुए विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है।

ठेकेदार संघ की ओर से विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब से लोक निर्माण विभाग प्रहरी ऐप को प्रदेश के ठेकेदारों पर लागू किया गया है, तब से कार्य प्रणाली में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ठेकेदारों का आरोप है कि बिना ट्रायल, बिना प्रशिक्षण और बिना तकनीकी तैयारी के इस ऐप को लागू करना पूरी तरह से अव्यवस्थित निर्णय है।

प्रदेश अध्यक्ष ठेकेदार संघ के नेतृत्व में इससे पहले भी मुख्यालय लखनऊ सहित कई जिलों में पीडब्ल्यूडी ठेकेदार विरोध दर्ज कराया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रहरी ऐप व रॉयल्टी विवाद को प्रमुख मुद्दा बनाया गया था। ठेकेदारों का कहना है कि रॉयल्टी व्यवस्था को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के बाद भुगतान, सत्यापन और स्वीकृति में बार-बार तकनीकी त्रुटियां सामने आ रही हैं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि विभाग द्वारा बार-बार आश्वासन दिये जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाया। इसके विपरित हर दिन नये नियम बनाकर उन्हें प्रयोग के तौर पर लागू किया जा रहा है, जिससे ठेकेदारों पर आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है। ठेकेदार संघ का मानना है कि यह स्थिति लोक निर्माण विभाग ऑनलाइन व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है।

ठेकेदारों ने स्पष्ट मांग की है कि जब तक प्रहरी ऐप की तकनीकी खामियों को पूरी तरह दूर नहीं किया जाता, तब तक विभाग में हर प्रकार की ऑनलाइन व्यवस्था को अस्थायी रूप से बंद किया जाए। उनका कहना है कि अधूरी तकनीक के सहारे काम करना न केवल ठेकेदारों के लिए नुकसानदायक है, बल्कि सरकारी परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर भी असर डालता है।

यह शिकायत केवल लखनऊ तक सीमित नहीं है। ठेकेदार संघों ने इस मुद्दे को प्रदेश के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया है, जिनमें मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग कानपुर, मुख्य अभियंता गोरखपुर क्षेत्र, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अलीगढ़, आगरा लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता मुरादाबाद लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद जैसे अधिकारी शामिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि लोक निर्माण विभाग प्रहरी ऐप को पारदर्शिता और निगरानी के उद्देश्य से लाया गया है, तो पहले इसकी तकनीकी मजबूती, सर्वर क्षमता और यूजर-फ्रेंडली सिस्टम पर काम करना जरूरी है। बिना फील्ड टेस्ट और ग्राउंड फीडबैक के किसी भी डिजिटल सिस्टम को लागू करना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

फिलहाल, ठेकेदार संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश-स्तरीय आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में यह विवाद पीडब्ल्यूडी ठेकेदार संघ और विभाग के बीच बड़ा टकराव बन सकता है।

# भारत की आत्मा है संविधान : पंकज चौधरी




**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पार्टी के राज्य मुख्यालय पर झंडारोहण किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे। पंकज चौधरी ने देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस एक तिथि नहीं बल्कि हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था की मजबूती के संकल्प तथा अमर बलिदानियों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और हमारा देश गणतंत्र बना। हमारे पूर्वजों ने जिस भारत के लिए बलिदान दिया, उनके सपनों के भारत की आत्मा भारत का संविधान है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से देश की सांस्कृतिक आभा से विश्व आलोकित हुआ है। वहीं साइंस व टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर चंद्रमा के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग की है, जो पहले कोई और देश नही कर पाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना सत्ता के लिए नही, बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए हुई और विगत 11 वर्षों से अधिक समय में भाजपा सरकार की योजनाओं में यह स्पष्ट दिखता भी है। आज के दिन में सभी क्रान्तिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं को नमन करता हूं। भारत की थल, जल, वायु सेना के प्रति अपने कृतज्ञता व्यक्त करता हूं, जिनके बलिदानों से हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। इसके साथ ही अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस फोर्स का भी अभिनंदन करता हूं जिनके अथक परिश्रम से ही देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की शक्ति और राष्ट्र सेवा के दायित्व का स्मरण कराता है। संविधान में निहित न्याय, समानता और बंधुत्व का भाव ही भारत की आत्मा है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराने के साथ हमें संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय पर्व हमें आत्मचिंतन के साथ महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देते है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, संजय राय, रामप्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों संग की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बार राज्य स्तरीय बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान दावे व आपत्तियों का निस्तारण एवं नोटिस जारी किये जाने व इस पर हो रही सुनवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं ने अपना गणना प्रपत्र भरा है और उनका वर्ष 2003 के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अंतिम मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सका है।

ऐसे मतदाताओं की संख्या लगभग 1.04 करोड़ है, इन मतदाताओं को नोटिस जारी करते हुए उनसे अभिलेखीय साक्ष्य मांगे गये हैं। लगभग 2.22 करोड़ ऐसे मतदाता चिन्हित हैं, जिनकी मैपिंग में तार्किक विसंगतियां पाई गई हैं, इन मतदाताओं को भी नोटिस जारी किया जा रहा है तथा इनसे भी अभिलेखीय साक्ष्य की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 06 जनवरी से 06 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकती है। इस अवधि में एक बूथ लेवल ऐजेंट द्वारा भी प्रतिदिन 10 फॉर्म तक जमा किए जा सकते हैं। 06 जनवरी से 27 फरवरी तक नोटिस चरण में सुनवाई व सत्यापन के साथ दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा तथा 06 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से यह अनुरोध किया कि अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से समस्त मतदाताओं को यह संदेश प्रसारित करायें कि विगत 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम जरुर देखें, जिस किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज न हो वे घोषणा पत्र एवं जन्म स्थान व जन्म तिथि को प्रमाणित करने वाले अभिलेखों के साथ फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकते हैं तथा ऐसे युवा जो 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए हैं वे भी घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरें, ताकि अंतिम मतदाता सूची में उनका नाम शामिल हो सके। उन्होंने बताया कि मृत, स्थाई रुप से स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की बूथ-स्तरीय सूची बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा अपने मतदेय स्थल के बूथ लेवल ऐजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई गई है। 31 जनवरी को सभी बीएलओ द्वारा अपने मतदेय स्थलों पर प्रकाशित मतदाता सूची के ड्रॉफ्ट को एक बार पुनः पढ़ा जाएगा। बीएलओ के पास उपलब्ध आलेख्य मतदाता सूची में मतदाता अपना नाम देख सकता है।

आलेख्य मतदाता सूची आयोग के ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइटceouttarpradesh.nic.in एवं भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर भी उपलब्ध है। कोई भी मतदाता अपना मतदाता पहचान पत्र संख्या भरकर आलेख्य मतदाता सूची में ऑनलाइन अपना नाम देख सकता है।

## संजय बिस्वाल जू के नये निदेशक बने

**लखनऊ।** आईएफएस संजय कुमार बिस्वाल चिड़ियाघर के नए निदेशक बनाए गए हैं। उन्होंने डा. अदिति शर्मा के स्थान पर कार्यभार ग्रहण किया। संजय कुमार बिस्वाल, इससे पहले दक्षिण खीरी वन प्रभाग में वन संरक्षक के पद पर कार्यरत थे, अब उन्हें प्राणि उद्यान, लखनऊ का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा ने चिड़ियाघर के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और नए निदेशक संजय बिस्वाल को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस सौंप दिया है। कर्मचारियों ने विद्युत संशोधन बिल संसद में न लाने और पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण प्रस्ताव वापस लेने की मांग की है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि देशभर के राज्य विद्युत निगमों, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, दामोदर घाटी निगम और भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड में कार्यरत बिजली अभियंताओं की तरफ से ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने यह नोटिस दिया है। समिति ने कहा है कि संशोधन सस्ती बिजली, बिजली का सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा हमला हैं।

## केंद्रीय बजट में कर्मचारियों की मांगें पूरी हो

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने केंद्रीय बजट 2026-27 में कर्मचारियों और पेंशनर्स से जुड़ी मांगों को शामिल किए जाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि देश के 48 लाख कर्मचारी एवं 56 लाख से अधिक पेंशनर्स आज भी कर पेंशन और वेतन असमानताओं से जूझ रहे हैं। परिषद ने आयकर में व्यापक सुधार किए जाने, पांच लाख तक कर मुक्त आय, पेंशन को पूर्णता टैक्स फ्री किए जाने, ओपीएस में जाने का विकल्प खोले जाने, आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू किए जाने, 50 फीसदी महंगाई भत्ते का तत्काल मर्जर किए जाने आदि लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की है।

**उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।**

प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ Email- fshqup@gmail.com

पत्रसंख्याः एफ.एस. (टी)-261-2025 (15वें वित्त आयोग)    दिनांकः जनवरी, 24, 2026

**निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 11 अदद Water Tender cum Aerial Plateform क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या - GEM / 2026 / B / 7136113 दिनांक 24.01.2026 को कस्टम बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत हैः-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2026/B/7136113 |
| दिनांक | 24.01.2026 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 09.02.2026 10:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख /समय | 09.02.2026 10:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180 (DAYS) |
| प्री-बिड मीटिंग तारीख / समय | 29.01.2026 13:00:00 FSHQ, LKO |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 11 अदद Water Tender cum Aerial Plateform क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या - GEM/2026/B/7136113 दिनांक 24.01.2026 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही ऑनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(सुभाष कुमार)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी/ नोडल अधिकारी(परचेज),
अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

UPID-244755 Date: 27.01.26
Website : www.upgov.nic.in

# दावोस में टीम यूपी को मिले 3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- 119 बैठकों के बाद हुए 31 एमओयू, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग में बड़ा निवेश
- नीदरलैंड की एएम-ग्रीन के साथ सबसे बड़ा समझौता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्विट्जरलैंड के दावोस में 19 से 23 जनवरी तक आयोजित 56वें विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) की वार्षिक बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। इस दौरान लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (2.92 करोड़ से अधिक) के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) किए गए हैं। सम्मेलन से लौटने के बाद मंगलवार को लोक भवन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उत्तर प्रदेश की भागीदारी और निवेश उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

वित्त मंत्री ने बताया कि सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 119 उच्च स्तरीय बैठकें कीं, जिनमें 55-56 प्रमुख वैश्विक कंपनियां शामिल रहीं। इन बैठकों के परिणामस्वरूप डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, लॉजिस्टिक्स, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ईवी, फार्मा, हेल्थकेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में 31 एमओयू संपन्न हुए। इन सभी एमओयू के माध्यम से कुल प्रस्तावित निवेश 2.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है, जो उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

वित्त मंत्री ने बताया कि सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव नीदरलैंड की कंपनी एएम-ग्रीन के साथ हुआ है। इस एमओयू के तहत ग्रेटर नोएडा में एआई आधारित 1 गीगावॉट डेटा सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से वर्ष 2028 तक लगभग 2.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसके साथ ही, एएसआर टेक्नोलॉजी के साथ 200 करोड़ रुपये का एमओयू भी हुआ। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दावोस सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एमओयू किए गए, जिनमें सोलर रूफटॉप एवं बैटरी एनर्जी स्टोरेज में 1000 करोड़ रुपये, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट में 1100 करोड़ रुपये, सोलर पावर प्रोजेक्ट्स एवं सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग में 10,500 करोड़ रुपये, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग पार्क (3 गीगावॉट सोलर सेल मॉड्यूल + 60 मेगावॉट सोलर प्लांट) में 3800 करोड़ रुपये का एमओयू सम्मिलित है। इसके अलावा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एवं ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर गैर-वित्तीय एमओयू तथा आरईसी लिमिटेड की ओर से 500 मेगावाट कृषि अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 8000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल रहे।

वित्त मंत्री ने बताया कि रश्मि मेटालिक्स ने 1 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए 4000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। डुपोंट ने उत्तर प्रदेश में लगभग 60,000 रुपये प्रति सोलर यूनिट की संभावनाओं सहित झांसी और लखनऊ, नोएडा व वाराणसी में पायलट परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। वहीं, गूगल, उबर, एएसआर टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, सिस्को, डेलॉइट, गूगल क्लाउड, ऑटोनेशन एनर्जी और एसएस टेक्नोलॉजी सहित वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ व्यापक चर्चा हुई। इन 31 निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए एक समर्पित सिंगल-विंडो टीम गठित की जाएगी।

## महासभा ने एसीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** श्रीराम क्षत्रिय सेना सम्बद्ध श्रीराम क्षत्रिय महासभा के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम,2026 को वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसीएम प्रथम लखनऊ को दिया।

इस प्रतिनिधिमंडल में संगठन के प्रदेश मंत्री मुसाफिर सिंह, जिलाध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत, जिला मंत्री शिव हरि सिंह श्रीनेत, यज्ञेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**सलोन,रायबरेली।** सलोन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में 77 वां गणतन्त्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण कर लोगो का मुँह मीठा कराया गया।शैक्षिक संस्थाओं समेत कोतवाली और तहसील परिसर और अस्पतालों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश,सीओ ने ध्वजारोहण कर लोगो को शुभकामनाये दी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सलोन में प्रभारी चिकित्साधिकारी अमित सिंह, ऊँचाहार रोड स्थित सर्वोदय इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानाचार्य अमित भारती ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निमिषा कान्वेंट स्कूल मटका में प्रबंधक विवेक शुक्ला ने ध्वजा रोहण किया,सिटीजन इंटर कालेज प्रबंधक राकेश शुक्ला, अल्फा कान्वेंट स्कूल शुएब अहमद, न्यू स्टेंडर्ड पब्लिक स्कूल कामाक्षा सिंह ने ध्वजा रोहण किया।एस.जे.एस स्कूल प्रबंधक अनुज सिंह ने और सरस्वती बाल मंदिर स्कूल के बच्चों ने ध्वजा रोहण के बाद सरस्वती गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की।इस दौरान कस्बे में प्रभात फेरी भी निकाली गई।

## पुलिस की तत्परता से दो घंटे में मिला लापता मासूम



**महराजगंज, रायबरेली।** बाबा के साथ बाजार आए लापता सात वर्षीय मासूम को महराजगंज पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ढूंढकर सकुशल परिवार वालों के पास पहुंचाया। थाना क्षेत्र के गुरुबक्सगंज मजरे हलोर निवासी राजा का सात वर्षीय बेटा अर्पित अपने बाबा रामसुमेर के साथ मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे महराजगंज बाजार आया था। कस्बे के बैंक आफ बड़ौदा के पास बाबा राम सुमेर कुछ सामान लेने लगे इसी बीच अर्पित आगे बढ़ गया। कुछ देर बाद बाबा रामसुमेर जब सामान लेकर लौटे तो पोता वहां नही था। पोते के न मिलने से बाबा ने इधर उधर ढूंढना शुरू कर दिया। घंटों प्रयास के बाद पोते के न मिलने से परेशान बाबा ने कोतवाल जगदीश यादव को आपबीती बताई। सूचना पर कोतवाल जगदीश यादव ने कस्बे के हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी को खोजबीन की जिम्मेदारी सौंपी। एस एस आई दिनेश गोस्वामी ने हुलिया के आधार पर तत्काल बैंक आफ बड़ौदा व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने कस्बे के को सुखई का पुरवा तिराहे के पास से बच्चे को खोज निकाला। एस एस आई दिनेश गोस्वामी ने बताया कि बच्चे को उसके गांव जाकर सकुशल परिवार को सौंप दिया गया। बच्चे के परिजनों ने डबडबाई आंखों से बच्चे की तलाश करने वाली टीम के दीवान शत्रुजीत राय, महिला कांस्टेबल उर्मिला व एस एस आई दिनेश गोस्वामी को धन्यवाद दिया।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने भरी हुंकार




**कुशीनगर।** यूजीसी कानून को लेकर सर्वण समाज के लोगो ने जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में हुंकार भरी।इस दौरान सर्वण समाज के तीखा प्रतिरोध के साथ नारों की गूंज, चेहरों पर आक्रोश और सरकार के खिलाफ खुला ऐलान स्पष्ट दिखाई दे रहा था।प्रदर्शनकारियों ने कानून को सीधे-सीधे काला कानूनकरार देते हुए इसकी वापसी की मांग की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर साफ कर दिया अब चुप्पी नहीं, टकराव होगा।

बेशक ! यूजीसी कानून के खिलाफ सर्वण समाज का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर उतर आया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ तीखे और तल्ख नारे लगाए। हाथों में तख्तियां, जुबान पर आक्रोश और आंखों में गुस्सा, यह संकेत दे रहा था कि सर्वण समाज यूजीसी कानून के विरोध मे आर-पार की लड़ाई लडने के मूड में है।प्रदर्शनकारियों ने एक सुर में यूजीसी कानून को सर्वण समाज विरोधी कानून बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। मोदी और शाह के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारों ने यह संकेत दे दिया कि यूजीसी कानून को लेकर असंतोष सिर्फ नीति तक सीमित नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्र तक निशाना है।वक्ताओं ने कहा कि यह कानून शिक्षा सुधार के नाम पर सामान्य वर्ग के भविष्य से खिलवाड़ है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ देर के लिए हालात तल्ख बने रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यूजीसी कानून उच्च शिक्षा को अवसरों से नहीं, प्रतिबंधों से भर देगा और मेहनत की जगह मनमानी व अपराध को बढ़ावा देगा।डीएम ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन को अग्रेषित करने का आश्वासन दिया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यह काला कानून वापस नहीं हुआ तो यह आग कलेक्ट्रेट से निकलकर गांव-गांव व सड़क से होते हुए सदन तक तक पहुंचेगी।

## सीएम नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना की बैठक

**कुशीनगर।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलीन बस्ती विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान योजना के अंतर्गत प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने शासन को डीपीआर प्रेषित किए जाने, नगर निकायों से एनओसी प्राप्त किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

स्वीकृत कार्यों की समीक्षा के उपरांत डीएम ने शासी निकाय से प्राप्त प्रस्तावों को डूडा के माध्यम से क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही शेष प्रस्तावित कार्यों को नगर निकायों से प्राप्त एनओसी के क्रम में डीपीआर एवं आगणन प्रेषित करने तथा अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु डूडा को अनुमति दी गई। बैठक के दौरान नगर पंचायतों/नगर पालिकाओं से एनओसी प्राप्त न होने पर संबंधित अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कल सायंकाल तक एनओसी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विभिन्न नगर पंचायतों में धन वसूली से संबंधित प्रकरण संज्ञान में आने पर डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरणों की जांच कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने दलालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुए कठोर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने आमजन से अपील की कि यदि आवास योजना के नाम पर किसी भी व्यक्ति द्वारा धन की मांग की जाती है तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को अवश्य दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के तहत चिन्हित अल्प विकसित व मलीन बस्तियों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं का विकास प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।साथ ही संबंधित विभागों एवं नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा कार्यों में पारदर्शिता एवं जनहित का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार, मु. जफर सहित समस्त नगर पालिका नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**देवरिया ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय सहित पूरे जिले में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण के बीच विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों एवं कॉलेजों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गईं तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संविधान की उद्देशिका की शपथ ली गई। विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के बलिदान को नमन किया गया। जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को भारतीय संविधान में निहित कर्तव्यों तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।देश की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव समाज को प्रेरणा देता रहेगा।कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी सुभाष चौक पहुंचीं, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके साहस, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति को नमन किया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बभनी कॉलेज में गणतंत्र दिवस समारोह और वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**देवरिया ।** ए आरडी इंटर कॉलेज बभनी देवरिया में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि प्रबंधक श्री जय दुर्गेश सिंह ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन किया । तत्पश्चात विद्यालय की संस्थापिका अति राजी देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात ध्वजारोहण कर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर से डॉ शिव हरि सिंह जी, श्री कृष्ण बिहारी सिंह जी, पूरब प्रधानचार्य पौहारी शरण राय, श्री संजय केडिया जी, श्री अजय कुमार शाही जी, (पूर्व प्रधानाचार्य) श्री जितेंद्र कुमार सिंह जी, (पूर्व प्रधानाचार्य) ने छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम एवम अनुशासन की सराहना किया ।सिंह ने आए हुए अतिथियों एवं क्षेत्र के तमाम अभिभावक गण को बताया कि एआरडी इंटर कॉलेज बभनी में अध्यनरत छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर है जिनके सर्वांगीण विकास के लिए संस्था नित्य नए प्रयोग के माध्यम से उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की कोशिश कर रही है।इसके अलावा संस्था कक्षा 6 से 12 तक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने के साथ साथ एल के जी से कक्षा 5 तक की शिक्षा प्रदान-करेगा, जिससे आप सब का आशीर्वाद निश्चित ही उनके मार्ग को प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ और श्री सौदागर सिंह, सरोज कुमार पांडे जी ,श्री नित्यानंद यादव जी, इंद्र कुमार दीक्षित जी ,श्री दयाशंकर कुशवाहा जी, श्री रमेश सिंह ₹दीपक ₹ ने कविताओं पर वाहवाही लूटी नेअपनी रचनाओं को सुनाकर शमा बाधा। डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी जी( मंत्री नागरी प्रचारिणी सभा) श्री जगदीश उपाध्याय (संयोजक चौपाल) एवं श्री रविकांत मणि त्रिपाठी सहित पूर्व प्रधानाचार्य पूर्व प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ,हरेन्द्र सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया ।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद गोंड ने आये हुए समस्त अतिथियों, अभिभावक गण एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# समरसता, समानता व सबका सम्मान ही गणतंत्र के आदर्श : डॉ. सौरभ मालवीय



**देवरिया।** भारतीय संविधान को लागू करने और वास्तविक रूप से अपने सुराज की स्थापना का दिवस ही गणतंत्र दिवस हैं।आज के दिन ही भारत में भारतीयों के द्वारा बनाया गया संविधान लागू हुआ था।इसके पूर्व 25 जनवरी 1950 तक प्रीवी कौंसिल के कानून प्रभावी थे। भारतीय संविधान सभी के प्रति सम्मान, समानता और समरसता के भाव को व्यक्त करता है।यही कारण है कि भारत का संविधान समावेशी और जीवंत दस्तावेज कहा जाता है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के विशाल प्रांगण में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए डा.सौरभ मालवीय जी(लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष, मंत्री , विद्या भारती पूर्वी क्षेत्र )ने कही।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मालवीय जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष होने के नाते भी हम सभी का दायित्व है कि जिन आदर्शों और उद्देश्य के लिए परमपूज्य केशव जी संघ के बट वृक्ष का रोपण किया था,उसके मूल्य और आदर्श भी संविधान के प्राणतत्व हैं।सभी के प्रति मानवीय मूल्य ? युक्त व्यवहार,सभी को सम्मान,समानता और गरिमा प्रदान करना, भेदभाव, छुआछूत, संकीर्ण सोच को दूर करते हुए ₹राम को भजे सो राम का होई₹ के आदर्श को समाज में उतारने की जिम्मेदारी हम सभी की है।इसी सामाजिक संकल्पना के लिए अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था।आज हमारे सामने चुनौती है कि हम अपने सभी बंधु बांधवों को साथ लेकर चलें जिससे एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण का लक्ष्य पुरा हो।

कार्यक्रम में आए अतिथियों को श्रीफल और अंग वस्त्र देकर विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा जी और प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने सम्मानित किय गया। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।और आने वाली परीक्षाओं में सफलता की शुभकामनाएं दी।

## अनारी देवी समाजसेवा की बदौलत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं: राधेश्याम सिंह

**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के शिवपुर बुजुर्ग में समाजसेवी स्व0 श्रीमती अनारी देवी की छठवीं पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानस पाठ, संत समागम, सहभोज एंव कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि अच्छे कर्मों वाले व्यक्ति हमेशा याद किये जाते हैं। स्व अनारी देवी अपने सामाजिक कार्यों के बदौलत हमेशा याद की जाएंगी। वह समाजसेवा के बदौलत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। विशिष्ट अतिथि संतोष सिंह ने कहा कि माता के द्वारा किये पुण्य कर्मों की बदौलत ही संतान आगे बढ़ती है।आज के पुनीत अवसर पर कम्बल वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है।वह गरीबो के लिए मशीहा बनकर हरस्तर पर खड़े होकर मदद करती थी। स्व अनारी देवी की कमी समाज को हमेशा खलेगी। आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे विशिष्ट जनों और लोगों ने स्व अनारी देवी को श्रद्धांजलि दी। गरीबों व जरूरत मन्दों में कम्बल वितरण का शुभारम्भ स्व0 अनारी देवी के पुत्र ब्रह्मा सिंह पूर्व सैनिक की पत्नी ने किया। कम्बल वितरण समारोह में दो हजार लोगो को कम्बल वितरण किया गया।राजेश सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिनेश सिंह, रमेश सिंह, विनोद सिंह, इजरायल मास्टर, सरवर अलम, मुन्ना लाल, हृदय सिंह, हफीज अंसारी, अनूप कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार श्रीवास्तव, शिवशंकर ओझा, राजेश कुमार सिंह,पप्पू सिंह, गांधी सिंह आदि मौजूद रहे।

## आपात सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये देवेंद्र चौबे

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र निवासी होमगार्ड देवेंद्र चौबे को यूपी 112 आपात सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें जनपद में सर्वाधिक बार पीआरवी ऑफ द डे अर्जित करने और आमजनों को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए मिला है। करसा गांव निवासी देवेंद्र चौबे लंबे समय से डायल 112/आपात सेवा में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बखूबी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) ने आमजनों से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी टीम ने जिले में सबसे अधिक बार श्पीआरवी ऑफ द डेश का खिताब हासिल किया है। उनकी ईमानदारी, मेहनत और लगन को देखते हुए यूपी 112 की पुलिस महानिदेशक नीरा रावत ने उनके कार्य की सराहना की है। इसी क्रम में, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस महानिदेशक से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर देवेंद्र चौबे को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सम्मान की सूचना मिलने पर उनके शुभचिंतकों और पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वाल्मीकि, दिलीप चतुर्वेदी, गौतम चतुर्वेदी, पूजा, अंकित श्रीवास्तव और मनीष चतुर्वेदी सहित अन्य लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

जिला संवाददाता (vol)

**भटनी (देवरिया)।** नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। नगर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की। नगर अध्यक्ष के नेतृत्व व सभी सभासदों की उपस्थिति में प्रभात फेरी व तिरंगा यात्रा निकाली जिस दौरान गाँधी चौक के प्राँगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर समाल्यार्पण किया गया।इसके उपरांत दुर्गा मंदिर के निकट शाहिद स्मारक स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित कर नमन बन्दना के साथ सलामी दी गयी।

इसी क्रम में बहादुर यादव पी.जी. कॉलेज के प्रबन्धक कैप्टन जयराम यादव द्वारा झण्डा फहराया गया।

शिद्धेश्वर शीतल देव नारायण महाविद्यालय के प्रबंधक अजीत

- **नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया**

कुमार सिंह, सीता देवी महाविद्यालय के प्रबंधक, सुभाष इंटर कॉलेज के प्राचार्य सतेन्द्र गुप्ता, बहादुर यादव महिला पी.जी. कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार यादव की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता द्वारा झण्डा फहराया गया।जिस दौरान सभी सभासद उपस्थिति रहें। मदरसा भटनी में प्रधानाचार्य दिलशाद अहमद की मौजूदगी में हाजी मुनीर अहमद द्वारा, के.के. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव,सेंट जेवियर्स स्कूल में मुख्य अतिथि आर के यादव पूर्व स्टेशन अधीक्षक द्वारा झण्डा फहराया गया।विशिष्ट अतिथि धनंजय कुमार राय इंस्पेक्टर आर पी एफ प्रबंधक जयंत कुमार श्रीवास्तव भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहें। राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर, रामगुलाम राय पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश्वर शाही द्वारा झण्डा फहराया गया। कल्पनाथ राय महाविद्यालय लक्ष्मीपुर खोरीबारी रामरेखा राय इंस्टीट्यूट नरसिंह आफ फामेर्सी कालेज महुरांव खोरीबारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया ।पूरे नगर क्षेत्र में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा। तिरंगे से सजे संस्थान परिसरों और देशभक्ति नारों के बीच गणतंत्र दिवस का यह पर्व एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय गौरव का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तीन निजी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जननी सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच की व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जयसिंहपुर से चयनित निजी अस्पतालों में गर्भवती महिलाएं निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच करवा सकेंगी। सीएचसी जयसिंहपुर के अंतर्गत बरौंसा चैराहा क्षेत्र में स्थित आशादीप हॉस्पिटल, कमला हॉस्पिटल तथा सेमरी जीवन ज्योति हॉस्पिटल को इस योजना के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इन अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को जांच के साथ-साथ आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी सीएचसी के चिकित्सकों द्वारा दिया जा रहा है, जिससे समय रहते गर्भावस्था से जुड़ी समस्याओं की पहचान की जा सके। सीएचसी अधीक्षक सेवाराम यादव ने बताया कि पूर्व में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ई-रसीद (ई-रूपी पर्ची) जनरेट कर दी जाती थी, लेकिन तकनीकी कारणों से पोर्टल के सुचारु रूप से कार्य न करने के चलते लाभार्थियों को परेशानी हो रही थी। महिलाओं को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे योजना का लाभ लेने में कठिनाई आ रही थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अब ऑनलाइन प्रणाली के स्थान पर मैन्युअल रसीद व्यवस्था लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत सीएचसी पर तीन प्रतियों वाली रसीद बनाई जाएगी, जिसमें से दो प्रतियां लाभार्थी महिला को दी जाएंगी और एक प्रति सीएचसी में रिकॉर्ड के रूप में जमा रहेगी। इसी रसीद के आधार पर चयनित अस्पतालों में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच कराई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं हर माह की 1, 9, 16 और 24 तारीख को इस सुविधा का लाभ ले सकती हैं

## शील्ड पे मेह की फुटबॉल टीम ने किया कब्जा



**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** फाजिलनगर विकासखंड के ग्राम सभा रुदवलिया के बटलोहिया स्थित खेल मैदान पर विद्यार्थी फुटबॉल स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से आयेजित टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मदनी क्लब मेहा देवरिया ने यंग स्पॉटिंग क्लब बटलोहिया को एक शून्य से पराजित करके कप पर कब्जा जमा लिया। मेजबान टीम कोई गोल नहीं कर सकी। मंगलवार की दोपहर बाद खेले गए पहले फाइनल मुकाबले में मेहा देवरिया एवं बटलोहिया की टीमों ने जबरदस्त खेल कौशल का परिचय दिया। नतीजा पहले हाफ के 45 मिनट में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं थी। खेल के दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों का संघर्ष जारी रहा। खेल के शेष बचे अंतिम तीन मिनट में मिले एक फाउल को मेहा देवरिया के खिलाड़ी सरफराज ने गोल में तब्दील कर कप अपने टीम के नाम कर दिया ।फाइनल के मैंन ऑफ द मैच सरफराज अली देवरिया रहे। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन समाजसेवी भानु प्रताप सिंह ने किया। उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर के खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की प्रतियोगिता से निश्चित ही युवा वर्ग को फायदा होगा। दमखम के इस खेल से सीख लेकर क्षेत्र के युवा एक दिन डियागो मेराडोना, वाइचिंग भूटिया, लियोन मेसी और रोनाल्डो जैसे फुटबॉलर बनकर क्षेत्र का ही नहीं देश का नाम रौशन करेंगे। मैच में रेफरी की भूमिका पंकज यादव, रजनीश यादव एवं नीरज कुशवाहा ने निभाई। प्रतियोगिता के आयोजक बिंदु यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान भीखम चौहान, सुभाष यादव, रंजीत कुशवाहा, संतराज यादव, अजय चौहान, संजीव मौर्या, राजकुमार यादव, जगदीश यादव, संतराज यादव, नंदकिशोर वर्मा, संतोष यादव, पप्पू कुशवाहा, गोरख वर्मा, संदीप यादव, धर्मनाथ यादव आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमिका के मर्डर के समय विनय बना हैवान

**आगरा।** विनय को लग रहा था कि सिर नहीं मिलेगा तो पहचान नहीं हो पाएगी। इसलिए उसने धड़ से काटकर सिर को अलग किया। मृतका के कपड़े भी उतार दिए। सिर और कपड़े अलग पॉलिथीन में रख लिए। उसका मोबाइल भी अपने पास रख लिया। मिंकी अपनी जाति अलग होने के बावजूद प्रेमी विनय से शादी करना चाहती थी। वह भी तैयार हो गया था। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें भी खाई थीं। इनमें दो साल से प्रेम संबंध थे। मगर छह महीने पहले विनय के मन में शक ने जो जगह बनाई, उससे वह बाहर नहीं निकल सका। इसी शक में उसने हत्याकांड को अंजाम दे डाला। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास के मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि मिंकी कंपनी में चार साल से एचआर थी। विनय दो साल पहले काम करने आया था। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। मिंकी से विवाद होने पर वह मन ही मन गुस्से में था। उसने बताया कि मिंकी उससे रुपयों की मांग कर रही थी। पूछने पर कहा था कि उसके भाई की शादी है। उसे रुपयों की जरूरत है। वह रुपये देना नहीं चाहता था। वह उसे किसी और से शादी भी नहीं करने दे रही थी। इसी बीच वह किसी और से फोन पर बात करने लगी। पूछने पर यही कहती थी कि ऑफिस के काम की बात कर रही है। उसका शक बढ़ता जा रहा था। वह कुछ दिन से गुस्से में आ गया था। कुछ दिन पहले चाकू खरीदकर लाया था। जब मिंकी ऑफिस में आई तो फिर से झगड़ा हो गया। उसने मिंकी पर चाकू से आठ वार किए। सबसे पहले गर्दन पर चाकू लगाकर नस काट दी। उसने बचने का प्रयास किया। मगर वो वार करता रहा। उसके सिर, पेट और हाथों पर चाकू से आठ वार कर डाले। तब तक मारता रहा, जब तक की उसकी जान नहीं निकल गई। उसने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। विनय को लग रहा था कि सिर नहीं मिलेगा तो पहचान नहीं हो पाएगी। इसलिए उसने धड़ से काटकर सिर को अलग किया। मृतका के कपड़े भी उतार दिए। सिर और कपड़े अलग पॉलिथीन में रख लिए।

# जिलाधिकारी ने फहराया राष्ट्रीय तिरंगा



**कुशीनगर।** जनपद में गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र सिंह तंवर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति शपथ दिलाई गई। ध्वजारोहण के पश्चात डीएम ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व जनपद वासियों को संबोधित करते हुए कहा गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। यह दिन हमें हमारे संविधान की गौरवशाली परंपरा, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत एवं सशक्त संविधान है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और कानून के समक्ष समानता जैसे मौलिक अधिकार दिए हैं, वहीं नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का भी बोध कराया है।

जिलाधिकारी श्री तंवर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग और जिम्मेदार हो। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा शासन की योजनाओं को पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित करें, ताकि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। हमें संविधान के मूल्यों—समानता, बंधुत्व एवं धर्मनिरपेक्षता—को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। उन्होंने अंत में कहा कि आइए, हम सभी गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि संविधान की मयार्दा का सम्मान करेंगे, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया जिलाधिकारी सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेम कुमार राय, उप जिलाधिकारी मु0 जफर, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

संक्षेप

## प्राइमरी स्कूलों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

फतेहपुर ।77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के बहुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजानपुर बहुआ देहात और मजरे लोधनपुर स्थित प्राइमरी स्कूलों में सुजानपुर ग्राम प्रधान व बहुआ ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल ने ध्वजारोहण कर संविधान निमार्ताओ और अमर वीर शहीदों को नमन किया स्कूल में सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया वहीं ब्लॉक क्षेत्र के दसवांमील समदाबाद स्थित जेपीएमपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की विद्यालय शाखा स्वङ्गजगन्नाथ पटेल पब्लिक इंटर कॉलेज में समाज में अच्छा कार्य कर रहे गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया जहां उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष हेमलता पटेल को आमंत्रित कर बैज और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया जिस पर अध्यक्ष हेमलता पटेल ने समस्त विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु बधाई दी इण्टर कालेज में भी देशभक्ति कार्यक्रमों की बच्चों ने महत्वपूर्ण प्रस्तुती दी यहां अध्यक्ष हेमलता पटेल ने देशभक्ति गीत गाकर अमर बलिदानियों को याद किया साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस अति महत्वपूर्ण और गौरवशाली दिन के महत्व और देश प्रेम की भावना के प्रति बच्चों को प्रेरित किया संविधान निमार्ताओ और अमर वीर शहीदों को नमन किया गांव में तिरंगा फेरी निकालकर धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गयो इस दौरान प्राइमरी स्कूल के अध्यापक सुरेन्द्र कुमार, अखिलेश पटेल, अर्चना सिंह, निशा, संगीता देवी तथा इण्टर कालेज में अनीता देवी , संतोष कुमार, पंकज सिंह पटेल, योगेंद्र , मोहित कुमार वर्मा, नरेश कुमार सहित विद्यालयों के समस्त सम्मानित अध्यापकगण विद्यालय स्टाफ बच्चे और बड़ी संख्या में ग्राम एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

## स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीकः शशि प्रकाश

आजमगढ़। गणतंत्र दिवस के मौके पर श्री बालाजी ट्रस्ट सेवा समिति के बैनर तले सठियांव बाजार से एक रैली निकाली गई।यह रैली सठियांव चैराहे से खुजिया, शाहगढ़ समेदा, हाईडिल तिराहा होते हुए तिरंगा चैराहा नरौली पहुंची। जिसमे बाइक, कार, टैक्टर पर सवार लोगों ने भारत माता की जय, वंदे-मातरम आदि नारा लगाकर लोगो में जोश का संचार किया। नरौली तिराहे पर शशि प्रकाश सिंह मुन्ना ने रैली का जोरदार ढंग से स्वागत किया और राष्ट्र वाद के दीवानों पर फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया। इस मौके पर शशि प्रकाश सिंह ने कहाकि गणतंत्र दिवस हमारी स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक है।गणतंत्र दिवस हमारी स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। ऐसे आयोजन से राष्ट्रवाद का संचार होता है। समिति के संस्थापक महंत उमेश दास जी ने कहाकि यह पर्व हमें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है।इस अवसर पर मिलन मिश्रा, रूद्र राय, कमलेश यादव, विजय सिंह, दीपक सिंह, एम.पी. सिंह, मनीष सिंह, बदरे आलम, अजय सिंह, सहित भारी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है गणतंत्र दिवस : डीएम



**उन्नाव**। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी गौरांग राठी की गरिमामयी उपस्थिति में 77वाँ गणतंत्र दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने एक अनूठी और प्रेरणादायी परंपरा अपनाते हुए कलेक्ट्रेट की सफाई कर्मचारी मंजू देवी के साथ संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोहराया। उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट में कार्यरत सफाई कर्मियों को माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संविधान के प्रति आस्था बनाए रखते हुए उसमें निहित अधिकारों एवं मूल्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस दोनों ही राष्ट्रीय एकता के प्रतीक पर्व हैं। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को देश में विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान लागू हुआ, जो आज देश की नीति एवं नियमों का आधार है। संविधान हमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद का विकास ही देश के विकास का आधार है, इसके लिए प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मनोयोग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक योगदान के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि आज जिन कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया है, वह अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौर सिंह अरोड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, उप जिलाधिकारी आनंद नायक, जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कलेक्ट्रेट के समस्त पटलों के कर्मचारी, विद्यालयों के बच्चे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर एसडीएम ने फहराया तिरंगा

पाटन, उन्नाव। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में झंडारोहण प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय पर उप जिला अधिकारी रनवीर सिंह ने झंडारोहण कर शहीदों को नमन किया तथा गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर तहसीलदार गणेश सिंह नायक तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव सहित पुरा स्टाफ उपस्थित रहा। इसी क्रम में कस्बा पाटन स्थित कंपोजिट विद्यालय व अन्य स्थानों पर ग्राम प्रधान कुलदीप चैधरी द्वारा झंडारोहण किया गया। कस्बा बिहार स्थित त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज में संरक्षक कुंवर बहादुर सिंह द्वारा गिरजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज में संरक्षक गुड्डू गुप्ता द्वारा इंटर कॉलेज बिहार में अध्यक्ष जितेन बहादुर सिंह द्वारा कस्बा पाटन स्थित न्यू नो पब्लिक इंटर कॉलेज में अरविंद पटेल ने झंडा रोहण किया ।वहीं मनिकापुर साधन सहकारी समिति का झंडा रोहण मुनारी शुक्ला प्राथमिक विद्यालय का झंडारोहण ग्राम प्रधान माजिद आलम गिरी हस्सानी ने किया। निराला इंटर कॉलेज पथरी का झंडा रोहण सुंदरलाल बाजपेई पहाड़पुर न्याय पंचायत का झंडा रोहण ग्राम प्रधान द्वारा किया गया।




## ओक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

फतेहपुर, । ओक पब्लिक स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना से किया गया। प्रातःकाल ध्वजारोहण के साथ शुरू हुए इस समारोह में सैकड़ों विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर राष्ट्रगान गाकर संविधान के प्रति निष्ठा और देश की अखंडता बनाए रखने का




संकल्प लिया। 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विद्यालय प्रबंधक रोहिताभ सोलंकी, प्रधानाचार्य करिश्मा सिंह तथा सभी शिक्षकगण ने भाग लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति पूर्ण गीतों पर आधारित नृत्य, स्वतंत्रता संग्राम के वीरों पर भाषण, भावुक कविताएं और नाट्य दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से कक्षा 8 की छात्रा नेत्रा शर्मा द्वारा प्रस्तुत कविता 'मेरे देश की धरती' और कक्षा 10 के छात्रों के समूह नृत्य ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को जीवंत कर दिया। इन प्रस्तुतियों में राष्ट्रप्रेम की भावना इतनी गहराई से उभरी कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। प्रधानाचार्य करिश्मा सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, भारतीय संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार स्तंभ है। विद्यार्थी भविष्य के नागरिक हैं, इसलिए अनुशासन, ईमानदारी और देशसेवा के आदर्शों को अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों–जैसे नेत्रा शर्मा, राहुल वर्मा और अनन्या पटेल तथा सहयोगी शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनकी सराहना की गई।

## पुलिस लाइन में भव्य गणतंत्र दिवस समारोह



फतेहपुर। जिले की पुलिस लाइन में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग संभालते हैं, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने ध्वजारोहण कर सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया ।मंत्री राकेश सचान ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शील्ड, प्रशंसा पत्र व अन्य सम्मान प्रदान किए। उन्होंने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज अखंड भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित है, क्योंकि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था, जिससे देश संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। संविधान के कारण ही देश में विविधता में एकता बनी हुई है और सभी को समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, जो हमें सम्मानपूर्वक जीने और आगे बढ़ने का अवसर देता है ।मंत्री जी ने भारत माता के उन महान वीर सपूतों को नमन किया, जिन्होंने देश को आजादी दिलाई। विशेष रूप से फतेहपुर जिले के अमर बलिदानियों व क्रांतिकारियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान में वर्णित सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भयमुक्त वातावरण है, जहां पुलिस संवेदनशीलता के साथ जनता को सुरक्षा प्रदान कर रही है। हाल ही में 60,244 नए आरक्षकों की भर्ती निष्पक्षता से हुई, जिससे पुलिस बल मजबूत हुआ। फतेहपुर जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने हेतु 500 नए आरक्षक नियुक्त किए गए हैं ।महिलाओं, किसानों व युवाओं के उत्थान पर जोरसचान ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा व स्वावलंबन प्रदान कर सशक्त किया जा रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना व क्रय केंद्रों के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। युवाओं के लिए सीएम युवा उद्यमी अभियान के तहत 5 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें। केंद्र व राज्य योजनाओं से सभी वर्गों का जीवन बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने पुलिस सेवा को जनसेवा का माध्यम बताते हुए अपील की कि प्रत्येक नागरिक संविधान व राष्ट्र के प्रति श्रद्धा रखे और विकसित भारत निर्माण में योगदान दे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक जय कुमार सिंह जैकी, जिला भाजपा अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, मंडल न्यायाधीश सुधीर सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

करमा, सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों मे 77 वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के रूप मे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बाबा बिहारी इंटर कालेज भरकवाह, मां विंध्यवासिनी इंटरमीडिएट कॉलेज पापी करकी माइनर के बच्चों द्वारा आकर्षक प्रभात फेरी निकाली गयी बाबा बिहारी इंटर कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अखिलेश यादव ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य अनरूध प्रसाद, अजय कुमार यादव, के निर्देशन मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद का भी आयोजन किया गया। संस्थापक बी एन यादव ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया सइसी तरह मां विंध्यवासिनी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य सरोज मौर्य, प्रबंधक सर्वजीत मौर्य ने ध्वजा रोहण किया, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। करमा थाना परिसर मे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, राजकीय इंटर कालेज खैरपुर मे प्रधानाचार्य संजय यादव, राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय डिलाही के परिसर मे प्रबन्धक राम निहोर यादव, सहकारी समिति करमा परिसर मे अध्यक्ष राम प्रसाद मौर्या ने ध्वजा रोहण किया।

## उल्लास पूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

जौनपुर। गणतंत्र दिवस समारोह टी डी पी जी कॉलेज के एन सी सी परेड ग्राउंड में प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह द्वारा ध्वज फहराकर उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया । प्राचार्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, न्याय, समानता और उत्तरदायित्व, की याद दिलाता है। प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, प्रोफेसर हिमांशु सिंह, प्रोफेसर जी डी दुबे, प्रोफेसर हरिओम त्रिपाठी, प्रोफेसर माया सिंह, प्रोफेसर रीता सिंह, प्रोफेसर शिखा श्रीवास्तव, प्रोफेसर अजय कुमार दुबे, प्रोफेसर सुधांशु सिन्हा, प्रोफेसर सुदेश कुमार सिंह, प्रोफेसर सुषमा सिंह, डॉ राहुल सिंह, डॉ शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।प्रोफेसर सुभाष चंद्र बिश्नोई, डॉ नरेंद्र देव पाठक ,रागिनी यादव ने देशभक्ति गीत गाए ।

## रोजगार अधिकार के लिए एक्स कैंपेन

सोनभद्र। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के संवैधानिक अधिकार की गारंटी, देश में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों पर तत्काल भरने, हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन के अधिकार को सुनिश्चित करने और सुपर रिच की संपत्ति पर टैक्स लगाने जैसे सवालों पर 31 जनवरी को 11 बजे से एक्स परहैशटैग रुग्उचसवलउमदजथ्वतल्वनजी कैंपेन चलाने का निर्णय रोजगार अधिकार अभियान की राष्ट्रीय संचालन समिति की वर्चुअल बैठक में हुआ। इस कैंपेन में केंद्र सरकार से मांग की जाएगी कि 1 फरवरी 2026 को पेश होने वाले बजट में



उपरोक्त सवालों को हल करने के लिए बजटीय प्रावधान किया जाए। रोजगार अधिकार अभियान की ओर से जारी प्रेस बयान में कहा गया कि देश में असमानता तेजी से बढ़ रही है। भारत दुनिया के सबसे ज्यादा असमानता वाले देशों में शीर्ष पर है। पूंजी कुछ बड़े कारपोरेट घरानों के हाथ में केंद्रित होती जा रही है और बहुतायत आबादी अपनी आजीविका के गंभीर संकट से जूझ रही है। इन सवालों को हल करने के लिए संसाधन बड़े कारपोरेट घरानों व उच्च धनिकों संपत्ति पर वाजिब टैक्स लगाकर जुटाए जा सकते हैं ।रोजगार सृजन के दावे वास्तविक सच्चाई से कोसों दूर हैं। बहुप्रचारित कौशल विकास की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जोकि कैग की रपट से स्पष्ट है। इसी तरह पिछले वर्ष बजट में जोर शोर से शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना भी विफल साबित हुई। केंद्र सरकार के विभागों में मिशन मोड में भर्ती करने की पीएम की घोषणा का हाल यह है कि केंद्र सरकार के विभागों में रिक्त पड़े पदों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रस्ताव लेकर मांग की गई कि आगामी बजट में केंद्रीय विभागों व राज्यों में रिक्त पदों को भरने के लिए खाका पेश किया जाए। मीटिंग में श्रम कानून को खत्म कर लाए मजदूर विरोधी लेबर कोड पर भी चिंता व्यक्त की गई। कहा गया कि इससे फिक्स टर्म इम्पलाइमेंट, फ्लोर लेवल वेज, काम के घंटा 12 आदि करने के जो प्रावधान हैं वह नागरिकों को आधुनिक गुलामी में लें जायेंगे। बेरोजगारी के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने के लिए दिल्ली में सम्मेलन आयोजित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में रोजगार अधिकार अभियान के नेशनल कोआर्डिनेटर राजेश सचान, आकाश यादव, सुरेन्द्र पांडेय, बादल सिंह, सविता गोंड, रूबी सिंह गोंड, जय प्रकाश यादव, ईशान गोयल, दीपक अरोड़ा, इंजी. आर. बी. पटेल, अर्जुन प्रसाद, राहुल कुमार, आलोक राय, संदीप निराला, गुंजा गोंड, अभिषेक मिश्रा, हर्शल, सुगवंती गोंड आदि ने बात रखी।

## विद्यालयों में हुआ झंडारोहण



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य ने, नवोदय विद्यालय में प्राचार्या प्रतिमा पुरी, सी एच सी में प्रभारी डाक्टर ने, ब्लाक में प्रमुख मनोज कुमार ने, आर बी एस स्कूल में प्रबंधक महेन्द्र सिंह व प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा ने, ऊगू नगरपंचायत में चेयरमैन अनीता देवी ने, शारदा ज्ञान मन्दिर ऊगू में प्रकाश चन्द्र दीक्षित तथा क्षेत्र के प्राइमरी जूनियर विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों ने एवं सी पी टी एन इण्टर कालेज ऊगू में प्रधानाचार्य प्रशान्त कुमार ने झंडारोहण किया। इसके साथ ही भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई। बच्चों ने देशभक्ति के गीत भजन गाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

## वृद्ध अनाथ आश्रम के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

पाटन, उन्नाव। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर तहसील बीघापुर मुख्यालय अंतर्गत पाटन क्षेत्र के ग्राम धमनी खेड़ा में प्रवीण मिश्रा द्वारा ब्रह्मलीन महावीर एवं अग्रज नवीन की पावन स्मृति में स्थापित वृद्ध अनाथ आश्रम के स्थापना दिवस पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण के उपरांत हवन, भूमि पूजन, प्रसाद वितरण, कन्या भोज, भंडारा तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

अपराह्न 3 बजे से हृदयांगन साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विधु भूषण त्रिवेदी बउवा भइया की अध्यक्षता एवं कवि राजेश पटेल के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में जनपद व गैर जनपद से आए कवियों ने ओज, श्रृंगार, गीत, गजल एवं छंदों के माध्यम से काव्य पाठ कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि पिंटू तिवारी की सरस्वती वंदना से हुआ, जबकि कवि शिवमोहन सिंह ने गणतंत्र दिवस पर काव्य पाठ कर वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया तथा आयोजक प्रवीण मिश्रा ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नर सेवा नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष विमल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम शुक्ला खेड़ा में अशोक कुमार मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कवि गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हृदयांगन संस्था के राष्ट्रीय संयोजक एवं लेखापरीक्षक के असामयिक निधन पर एक मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया।




## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आज

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में सांसद सदस्य, समस्त विधायकगण एवं समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ 28 जनवरी, 2026 (बुद्धवार) को सायं 04ः बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है।

# पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

**शुक्लागंज, उन्नाव**। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को सशक्त बनाते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहित में कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करना रहा। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने बताया उक्त कार्यक्रम का आयोजन शुक्लागंज राजधानी मार्ग स्थित पशु चिकित्सालय वाली गली में किया गया इस समारोह में जिले भर से आए तमाम पत्रकार साथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। वहीं संविधान की गरिमा, स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों तथा लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आज जब पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, इसके बावजूद पत्रकार सत्य और जनहित की आवाज को बुलंद कर समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। पत्रकार समाज और शासन के बीच सेतु बनकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से पत्रकारों का आत्मबल बढ़ता है और संगठनात्मक एकजुटता मजबूत होती है। यह मंच पत्रकारों की आवाज को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है।



समारोह की शोभा बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ा दी। राष्ट्रभक्ति, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया, जिससे उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ सराहा। उपरोक्त गरिमामयी आयोजन में उमेश, गोलू, नितिन, हंजला, पंकज, शोभित, अबरार, मोनू, विजय, शेखर निषाद सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहें।

कार्यक्रम सौहार्द, एकता और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष सूरज मिश्रा ने सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए चयनित पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान करना वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान है। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पत्रकारों के हित में ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे पत्रकारों का मनोबल बढ़े और समाज को सशक्त दिशा मिल सके।


**उ०प्र० अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।**

**प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ Email- fshqup@gmail.com**

**पत्रसंख्याः एफ.एस. (टी)-261-2025 (15वें वित्त आयोग) दिनांकः जनवरी, 24, 2026**

**निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 11 अदद Water Tender cum Aerial Plateform क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या - GEM / 2026 / B / 7136113 दिनांक 24.01.2026 को कस्टम बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**BID DETAILS**

| | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2026/B/7136113 |
| दिनांक | 24.01.2026 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 09.02.2026 10:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख /समय | 09.02.2026 10:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180 (DAYS) |
| प्री-बिड मीटिंग तारीख / समय | 29.01.2026 13:00:00 FSHQ, LKO |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 11 अदद Water Tender cum Aerial Plateform क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या - GEM/2026/B/7136113 दिनांक 24.01.2026 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही ऑनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**(सुभाष कुमार)**
**मुख्य अग्निशमन अधिकारी/ नोडल अधिकारी(परचेज),**
**अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय, उ०प्र०, लखनऊ।**

UPID-244755 Date: 27.01.26
Website : www.upgov.nic.in


# एसपीएस इंटर कॉलेज में शान से फहरा तिरंगा

## ऑपरेशन सिंदूर गीत नाट्य दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया




उन्नाव। एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव में धूमधाम से 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों , शिक्षक और कर्मचारी ने एकजुट होकर राष्ट्रगान गाकर संविधान के प्रति निष्ठा और देश की अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति पूर्ण गीतों पर आधारित नृत्य, स्वतंत्रता संग्राम के वीरों पर भाषण और ऑपरेशन सिंदूर गीत नाट्य दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक डॉ. अर्चना बाजपेयी और प्रिंसिपल अलका निगम ने ध्वजारोहण किया। स्कूल की प्रबंधक ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि देश में इसी दिन संविधान लागू किया गया था। इस वजह से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं कार्यक्रम में स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रिंसिपल अलका निगम, क्षमा तिवारी, आशीष कुमार, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, शालिनी दुबे, विनीता श्रीवास्तव, अर्चना तिवारी, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, नीरज पांडे , प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।



संक्षेप

## इंस्पेक्टर बोले, दिमाग खराब है...वकीलों ने किया हंगामा

**आगरा।** अभद्रता के बाद थाने पहुंचे अधिवक्ताओं से फोन पर सिकंदरा थाना प्रभारी ने अभद्रता कर दी। इससे हंगामा हो गया। इस दौरान मारपीट का आरोपी थाने से भाग निकला। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आई और समझौता कराकर हंगामा टाला। सिकंदरा थाना के दहतोरा क्षेत्र निवासी रोहताश लोधी की गाय लापता हुई थी। ढूंढने पर वह क्षेत्र के नीलेश के घर पर बंधी मिली। गाय वापस मांगने पर विवाद हो गया। मौके पर मारपीट के बाद उसने अपने चचेरे भाई पार्षद के जरिये राजेंद्र राजपूत से मिले। अधिवक्ता तजेंद्र जब थाने पहुंचे तो पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठा लिया। आरोप है कि इस दौरान एक दरोगा ने अभद्रता की। अधिवक्ता ने विरोध के बाद साथियों को जानकारी दी। अधिवक्ता ऋषि राज चौहान साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि थाने पहुंचने पर इंस्पेक्टर को कॉल किया तो इंस्पेक्टर ने दिमाग खराब होने की बात कह कार्रवाई की धमकी दी। इस पर हंगामा होने लगा। फायदा उठाकर आरोपी नीलेश थाने से भाग गया। वकील मामले की वीडियोग्राफी कर रहे थे। मामला वीडियो में आने पर उन्होंने वीडियो वायरल कर दिया। मामले में इंस्पेक्टर सिकंदरा का कहना है कि अभद्रता का आरोप गलत है कोई हिरासत में नहीं लिया गया था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## जिपंअ ने देश की एकता अखंडता और संविधान की दिलायी शपथ

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने आज 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत जिला पंचायत ने पंचायत के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ राष्ट्रगान किया व संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाते हुए देश की एकता एवं अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान लागू किया गया था। हम सभी का कर्तव्य है कि संवधिन की मयार्दाओं का पालन करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाएं और एक सशक्त एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गांव बोरपा के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी मुख्य अतिथि के तौर पहुंचे जहां विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य ने माल्यार्पण और साफा बांधकर स्वागत और ध्वजारोहण करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण कराया तथा राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संविधान के प्रति निष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने ने कहा कि आजाद भारत का यह लोकतांत्रिक स्वरूप हमारे शहीदों के त्याग और बलिदान की देन है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान, देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला।

# मथुरा रिफाइनरी ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने बड़े जोश और देशभक्ति के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। रिफाइनरी नगर के सहस्त्राब्दी स्टेडियम मे आयोजित समारोह की शुरूआत मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी ने तिरंगा फहराकर की और सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, परिवार जनों और स्कूली बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संघ व ओफीसर्स एसीसिएशन के पदाधिकारियों, कमांडेंट सीआईएसएफ, केंद्रीय विद्यालय और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्यों, दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार विजेताओं, सी आई एस एफ के जवान और स्कूली बच्चों की सभा को बधाई देते हुए, कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी श्रीअग्रवाल ने कहा कि 26 जनवरी सभी भारतीयों के लिए बहुत ही खास दिन है क्योंकि इस दिन हम गणतांत्रिक देश बने और अपना संविधान अपनाया। उन्होंने कहा कि इतने लंबे सफर में हमने अपने संविधान का पालन किया है और सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवसर पर श्रीअग्रवाल ने आईओसी और मथुरा रिफाइनरी की उपलब्धियों को भी साझा किया और निगम को अधिक से अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में सभी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की इस अवसर पर उन्होंने निकटवर्ती ग्रामों से पधारे ग्राम प्रधानों और प्रधान प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया और रिफाइनरी के प्रति उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान केन्द्रीय विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सी आई एस एफ और डीजीआर गार्ड्स की टुकड़ी ने मार्चपास्ट किया साथ ही स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं सी आई एस एफ द्वारा नृत्य प्रदर्शन ने माहौल को राष्ट्रवादी जोश से भर दिया। सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा सुरक्षा डेमो का बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शन किया गया। साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय और रिफाइनरी के विभागों द्वारा झांकियों की प्रस्तुति की गई जिसे सभी ने सराहा। निगम के साथ 25 और 30 साल की लंबी सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को भी कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया। रिफाइनरी के गणतन्त्र दिवस समारोह में पूरन प्रकाश, विधायक, बलदेव भी शामिल हुए और रिफाइनरी के प्रयासों की प्रशंसा की।

# आगरा में शौर्य और संकल्प के साथ मना गणतंत्र दिवस

**आगरा।** देश भर के साथ-साथ आगरा जिले में भी 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर गांव-कस्बों तक तिरंगा फहराया गया और संविधान के मूल्यों को नमन किया गया। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जनपद के अमर शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम में सगीर फातिमा इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने देश भक्ति गीत गाकर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। हाल ही में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित वीर बालक अजय राज को भी इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कमिश्नरी में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने ध्वज फहराकर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। गणतंत्र दिवस पर विकास भवन, सभी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों, संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहरा गया। आगरा पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां आगरा पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, फायर ब्रिगेड सहित विभिन्न सुरक्षा बलों ने अनुशासित परेड और साहसिक प्रदर्शन के जरिए अपने शौर्य और पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। परेड ने दर्शकों में देशभक्ति का जोश भर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कानून-व्यवस्था, समाज सेवा और जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों व नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। केबिनेट मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है और सरकार युवाओं के लिए लगातार नए अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2026 ह्यवंदे मातरम्ह के 150 वर्ष पूरे होने का साक्षी है, जो हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। केबिनेट मंत्री ने आगरा पुलिस आयुक्त की सराहना करते हुए कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध धर्मांतरण के मामलों का खुलासा किया गया और अपराध नियंत्रण में ठोस परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक व्यापारी की चोरी के मामले में महज तीन दिन के भीतर लगभग आठ करोड़ की चोरी का खुलासा किया गया।

# कृषक इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में भारतीय लोकतंत्र के महापर्व 77वा गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भगवान सिंह चौहान संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय विद्यालय के प्रबंधक बृजेश उपाध्याय प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने झंडारोहण करके किया, एवं मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करके किया। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय एवं कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एन सी.सी एवं एन.एस.एस की छात्राओं ने आए हुए अतिथियों का बुके भेंटकर, वेज लगाकर एवं दुपट्टा डालकर उनका भव्य स्वागत किया इस अवसर पर सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण नृत्य एवं देश भक्ति से संबंधित कार्यक्रम का संचालन अर्पित पाठक ने किया। संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने कहा कि यह शुभ दिन हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और सभी लोगों के प्रति समान व्यवहार करने का उचित पाठ पढ़ाता है। प्रबंधक बृजेश उपाध्याय ने कहा कि हमारा संविधान अनेकता में एकता से समाहित है, और यही एकता एक राष्ट्र को विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा रखने का काम करती है। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। बेस्ट कैडेटो को प्रबंधक द्वारा शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्याम सुंदर पचौरी, उमेश पाराशर नरेंद्र शर्मा, देवी राम तिवारी, केहरी सिंह, अवधेश शर्मा, प्रशांत उपाध्याय अशोक चौहान राजेंद्र सिंह धाकरे एवं सभी कॉलेज शिक्षक उपस्थित रहे।

## बांके बिहारी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास के लिए हुई दूसरी रजिस्ट्री

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें विभाग लक्ष्मी नारायण चौधरी, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह तथा एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीबांके बिहारी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास/ निर्माण परियोजना के अंतर्गत दूसरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस पुनीत कार्य हेतु विक्रेता मनीष मिश्रा, निवासी मकान संख्या 25-ए, बिहारीपुरा, वृन्दावन, मथुरा द्वारा 322.32 वर्ग मीटर भूमि का बैनामा तहसीलदार सदर के माध्यम से ठाकुर श्री बांके बिहारीजी (देवता) के नाम निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि का क्रय मूल्य 1,85,36,704/- है। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने कहा कि श्रीबांके बिहारीजी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं का विकास ब्रज क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास/निर्माण हेतु भूमि क्रय की समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की जा रही है। परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। यह रजिस्ट्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास के क्रियान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे भविष्य में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बांके बिहारी जी मंदिर के आस पास दिव्य जनसुविधाओं के विकास की दिशा में दूसरी रजिस्ट्री एक और ठोस कदम है। समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय इलाहाबाद/ अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त)/ सदस्य मुकेश मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा/ सदस्य विकास कुमार, मुंसिफ / सिविल जज मथुरा/ सदस्य शिप्रा दुबे, जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर /सदस्य सचिव चन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त मथुरा- वृन्दावन नगर निगम/ सदस्य जग प्रवेश, सदस्य/ उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विप्रा लक्ष्मी एन, सदस्य/ अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आगरा डॉ. स्मिता एस. कुमार आदि शामिल है।

# संस्कृति विवि में उत्साह व देशभक्ति के साथ मना गणतंत्र दिवस



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने झंडारोहण किया। झंडा विवि के एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट करते हुए भारतीय तिरंगे को सलामी दी।

इस मौके पर कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने कहा कि जब-जब तिरंगा लहराता है तो हमें अपनी आजादी पर गर्व होता है। हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का अवसर भी कुछ ऐसा ही होता है। 1950 में जब भारत का संविधान लागू हुआ तो आज ही की वो तारीख थी। तब से हर साल यह दिन राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति के साथ-साथ हमें याद दिलाता है कि देश की आजादी और संविधान के बाद भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतंत्र राष्ट्र है। गणतंत्र दिवस न केवल उत्सव है बल्कि यह बताता है कि कैसे देश की आजादी के लिए हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों ने संघर्ष किया था। उनके साहस, समर्पण और बलिदान ने आज के आधुनिक भारत की नींव रखी थी, जिसमें हम रहते हैं। जैसे ही हम इस विशेष दिन को मनाते हैं तो वैसे ही हम जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को याद रखें। संस्कृति कैम्प्स के निदेशक डॉ. रजनीश त्यागी ने भारतीय संविधान के महत्व, इसके मूल मूल्यों और लोकतंत्र को मजबूत करने में नागरिकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानवर्धक और प्रेरक संबोधन किया। उनके शब्दों ने छात्रों को व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में संवैधानिक आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राष्ट्र प्रेम से जुड़ी अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की गईं। बड़ी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस के उत्सव में भाग लिया।

## यूजीसी कानून को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री ने दिया इस्तीफा



**फिरोजाबाद।** भाजपा जिला महिला मोर्चा की जिला मंत्री शशि तोमर ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून को लेकर अपना इस्तीफा दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि में भाजपा के द्वारा दिए गए अपने जिला मंत्री महिला मोर्चा पद से इस्तीफा देती हूं मैं चार बार की सक्रीय सदस्य हूं और पूर्व में निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य भी रही हूं विधार्थी जीवन में एबीवीपी की पदाधिकारी मुरैना जिले में रही हूं। यूजीसी कानून का बहिष्कार करती हूं और उस शीर्ष नेतृत्व का भी बहिष्कार करती हूं जो सवर्ण समाज के बच्चों की आजादी छीन कर उन्हें आजाद हिन्दुस्तान में गुलाम बनाने का षडयंत्र रचने में लगा है जब क्षत्राणियों द्वारा इस राष्ट्र के लिए जौहर किए तो क्या हम अपने बच्चों की लड़ाई नहीं लड सकते सवर्ण समाज के बच्चों को गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। मैं अपने जिला मंत्री महिला मोर्चा पद से इस्तीफा दे रही हूं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूर्ण समर्थन करती हूं।

## चालक से ईको कार, रुपये और सामान चोरी करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा कार बुक करके चालक का अपहरण कर चालक से उसकी ईको कार मोबाइल फोन व 7000 रुपए चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 25/01/2026 को वादी द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात 04 व्यक्तियों के द्वारा इको गाडी टढ 07` 8569 को किराये पर लेकर गए तथा रास्ते मे उसे गाडी से उतारकर गुप्तरीति से अन्य गाडी मे बिठा ले गए कोल्ड्रिक मे नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उसके बेहोश हो जाने के बाद दिनाँक 24/01/2026 को शाम करीब 03 बजे होश मे आने पर इको गाडी टढ 07` 8569, मोबाइल फोन वनप्लस कम्पनी व 7000 रुपए को अज्ञात 04 व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर लिया गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित दो अभियुक्तगण साहिल पुत्र गुलबहार. संजय खान पुत्र नाहर खान को चोरी के माल व 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस सहित पुराना बायपास जरौली कट वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# आयुक्त आगरा मण्डल आगरा ने ली परेड की सलामी

**फिरोजाबाद।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त आगरा मंडल आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण कर आयोजित भव्य परेड की सलामी ली, इस दौरान उनके साथ डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित भी मौजूद रहे, इस दौरान आयुक्त ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि एक उन्नत राष्ट्र का निर्माण केवल भौतिक संसाधनों से नहीं बल्कि आपसी प्रेम सद्भावना और सौहार्द से होता है, उन्होंने जोर दिया की जाति, धर्म और महापुरुषों का सम्मान करना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है, इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अनुशासन और आत्मविश्वास की भी सराहना की, उन्होंने कहा पुलिस बल के हर कदम में झलकता आत्मविश्वास नागरिकों के मन में सुरक्षा का एहसास कराता है, आयुक्त ने देश की प्रगति का तुलनात्मक विवरण देते हुए बताया कि आजादी के समय देश की 90 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी और जीवन प्रत्याशा मात्र 35 वर्ष थी, जबकि आज देश ने चौमुखी प्रगति की है और हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है, भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व का प्रतिफल है।



उन्होंने इस अवसर पर उप्र की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.02 प्रतिशत योगदान कर रहा है, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 16 हजार करोड़ का निवेश प्रदेश को प्राप्त हुआ है, आज यह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि उद्यमियों को तमाम सुविधाएं एवं सहूलियतें दी जाए, ताकि उद्यमियों को अपना उद्योग लगाने हेतु कोई परेशानी न उठानी पड़े, उन्होंने कहा कि आज एक जनपद-एक उत्पाद के माध्यम से जनपद के हुनर को एक नया आयाम मिल रहा है, आज सुदृढ कानून व्यवस्था से भयमुक्त समाज का निर्माण हुआ है, आधारभूत संरचना में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, कई एक्सप्रेस वे का निर्माण इस बात को चरितार्थ कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश इकलौता ऐसा प्रदेश है जहां 16 एयरपोर्ट है, जिसमें चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं, उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता कर रही है, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसी योजना जहां महिलाओं के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दशार्ती है, वही किसान सम्मान निधि, ऑर्गेनिक खेती और रियल टाइम खतौनी जैसे सुधारो से किसानों का जीवन सुगम हुआ है, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी से गरीबों को छत नसीब हो रही है, जबकि सांस्कृतिक स्थलों के पुनरोद्धार से पर्यटन में वृद्धि हुई है और वृहद पौधरोपण अभियान से पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। अंत में आयुक्त ने शहीदों को नमन करते हुए सभी नागरिकों का आह्वान किया कि देश के विकास, सामाजिक व आर्थिक ताने वाने की सुदृढता में सभी का सामूहिक योगदान अनिवार्य है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## कैदियों ने प्रस्तुत किया देशभक्ति कार्यक्रम

**मथुरा।** जिला कारागार में 77 वा गणतंत्र दिवस बड़े धूम धाम एवम हरसोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने कारागार की मुख्य प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं संकल्प पढ़ा जिसे सभी ने दोहराया। इस अवसर पर महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा कारागार के सात कार्मिकों को मेडल प्रदान किया गया जिसे ध्वज फहराने के उपरान्त अधीक्षक महोदय के द्वारा सभी को प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंशुमन गर्ग के द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों एवम बंदियों को संबोधित किया तथा वीर स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों से सभी को याद कराते हुए देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा देश के अमर शहीदों की याद में देशभक्ति से ओत प्रोत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## संस्कृति विश्वविद्यालय में मंत्रोच्चार और हवन के साथ मनी वसंत पंचमी



**मथुरा।** संस्कृति विवि के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विद्यालय ने दृष्टि योग क्लब के सहयोग से जे-ब्लॉक परिसर में वसंतोत्सव हवन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व को एक प्राकृतिक चिकित्सा प्रक्रिया के रूप में उजागर करना और प्राचीन वैदिक ज्ञान तथा आधुनिक वैज्ञानिक समझ के बीच सेतु बनाया गया। समारोह में प्रति कुलपति डॉ. रघु राम भट्ट और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डी.एस. तोमर ने समग्र स्वास्थ्य और पारंपरिक मूल्यों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. अनुधि का एक ज्ञानवर्धक सत्र रहा, जिन्होंने यज्ञ के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और पारिस्थितिक लाभों पर चर्चा की। वसंतोत्सव हवन संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल डॉ. मोहनान (प्राचार्य) और डॉ. तनुश्री (विभागाध्यक्ष) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंशिका पाठक थीं। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में दृष्टि योग क्लब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक मंत्रोच्चार, आहुति (आर्गेनिक सामग्री का दान) और निर्देशित ध्यान के साथ हुआ, जिसने आध्यात्मिक कल्याण और आंतरिक शांति को सुदृढ़ किया। मंत्र जाप जैसी पारंपरिक पद्धतियों को वैज्ञानिक अध्ययन के साथ एकीकृत करते हुए, वसंतोत्सव हवन ने छात्रों को समग्र विकास और सतत स्वास्थ्य जागरूकता का अवसर सफलतापूर्वक प्रदान किया।

# वृंदावन बालिका संरक्षण गृह से पांच लड़कियां फरार

**मथुरा।** वृन्दावन स्थित राजकीय बालिका संरक्षण गृह से सोमवार की रात पांच लड़कियां फरार हो गईं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दो लड़कियां अपने घर पहुंचीं, जबकि शेष तीन की तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि लड़कियों के गायब होने की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एव अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिकारी ने बताया कि ये सभी लड़कियां 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग की हैं, जिन्हें अलग-अलग कारणों से न्यायालय में चल रहे मामलों में बालिका संरक्षण गृह भेजा गया था। मंगलवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि बालिका संरक्षण गृह की अधीक्षक गायत्री वर्मा द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बीती रात एक से 1.30 बजे के बीच ये लड़कियां सिर पर कंबल ओढ़कर फरार हो गईं, ऐसा सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। उन्होंने बताया कि घटना का पता सुबह चल सका। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण अधिकारी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि दो लड़कियों के बारे में जानकारी मिली है कि वे महावन तथा नौहझील स्थित अपने-अपने घरों पर पहुंच गई हैं, लेकिन बाकी तीन लड़कियों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेष तीन लड़कियां आगरा व अलीगढ़ जनपदों की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए तीन अलग-अलग टीम बनाकर भेजी गई हैं और उन्हें भी जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया इस मामले की जांच के बाद, जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने किया ध्वजारोहण

**फिरोजाबाद।** 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, बच्चे, जवान बूढ़े महिलाऐं सभी आज के दिन गणतंत्र बनने की खुशी में आनंद से सरावोर दिखे, 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम रमेश रंजन ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर एडीएम विशु राजा, एडीएम न्यायिक अरविंद द्विवेदी, एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट परिसर के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, इस गौरवमयी अवसर पर डीएम ने सामूहिक राष्ट्रगान किया तथा उपस्थित जनों को संविधान की शपथ भी दिलाई, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ता को नमन किया, जिनके त्याग और बलिदान से आज हम एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में खड़े हैं, डीएम ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, यह हमारे अधिकारों के साथ-साथ हमारे कर्तव्य का भी बोध कराता है, जिलाधिकारी ने कहा कि हमने समय-समय पर आवश्यक रूप से संविधान में संशोधन भी किए, ताकि समय एवं परिस्थितियों के



अनुसार देश एक नई भूमिका के लिए अपने आप को तैयार कर सके, डीएम ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह तकनीकी और नवाचार के माध्यम से जिले और देश की उन्नति में योगदान दें, डीएम ने कहा कि हम केवल 2026 की चुनौतियों का समाधान नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम 2047 की समृद्ध भारत की नींव रख रहे हैं। इसकी पृष्ठभूमि तभी तैयार होगी जब हम बेटियों को सशक्त करेंगे, बेटियों को हम नेतृत्वकर्ता की भूमिका हेतु तैयार कर रहे हैं, उन्होंने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि विकास के इस महा अभियान में अपना योगदान दे, ताकि एक सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके।

इस अवसर पर उपस्थित एडीएम विशु राजा अरविंद द्विवेदी व मोहनलाल गुप्ता ने भी 77 वें गणतंत्र दिवस की समस्त जनपद वासियों को बधाई दी, इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

### गणतंत्र दिवस परनिकली तिरंगा यात्रा

**टूंडला।** गणतंत्र दिवस पर टूंडला नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में देश भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान तिरंगा यात्रा में बाइकों ट्रैक्टरों व चार पहिया वाहनों पर तिरंगा लगाकर शामिल हुए। लोग देश भक्ति गानों पर नृत्य कर रहे थे। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गांव मोहम्मदाबाद स्थित भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं भारत माता पर की आरती के बाद शुरू हुई। तिरंगा यात्रा मोहम्दाबाद से सुभाष चौराहे सब्जी मंडी भारत माता चौक मुख्य बाजार होते हुए दीपा के चौराहे पर समाप्त हुई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर नगर पालिका चेयरमैन चौ. भंवर सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर में घुसा, हाईवे पर लगी वाहनों की कतार, घंटों जाम में फंसे रहे लोग

**आगरा।** ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घंटों राहगीर जाम में फंसे रहे। इसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। थाना न्यू आगरा क्षेत्र में दिल्ली हाईवे पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लॉयर्स कॉलोनी कट के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में ट्रक का एक पहिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे वाहन बीच सड़क पर ही फंस गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक काफी देर तक पुलिस के पहुंचने का इंतजार करते रहे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। एक घंटे से अधिक समय तक लोग जाम में फंसे रहे।

# ट्रंप टैरिफ का विकल्प

यह ट्रंप की धमकियों का माकूल जवाब है। भारत ने अपने गणतंत्र दिवस के मौके पर अमरीका और उसकी नीतियों जैसा जवाब दिया है, उसकी जरूरत भी थी। आज भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनकी प्रकृति बीते वर्षों में काफी बदल गई है, विशेष रूप से उसके बाहरी संबंधों में। वास्तव में, भारत अकेला नहीं है और इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह एक तरह से बदली हुई परिस्थितियों और उनके प्रति प्रतिक्रिया को दर्शाता है। यूरोपीय संघ के नेता एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वॉन डेर लेयेन आज के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह उम्मीद है कि इस सप्ताह भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे। पिछले कई महीनों में, विश्व की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका की नीतियों और कार्रवाइयों ने वैश्विक व्यवस्था की नींव को चुनौती दी है। इससे न केवल यह धारणा टूट गई है कि अमेरिका युद्धोत्तर वैश्विक व्यवस्था का बचाव करेगा, जिसका वह प्रमुख वास्तुकार था, बल्कि यह स्वयं उसके लिए सबसे बड़ा जोखिम भी बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड पर कब्जे का जुनून इसका ताजा उदाहरण है। यद्यपि ट्रंप ने अपने दावोस भाषण में बयानबाजी को कुछ कम किया लेकिन यूरोपीय और अन्य विश्व नेताओं के लिए यह स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका व्यापार या सुरक्षा मामलों में अब एक विश्वसनीय साझेदार नहीं रहा। इसलिए, भारत और यूरोपीय संघ के बीच संभावित समझौता महत्वपूर्ण है और यह कहना उचित होगा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण ने इसकी तात्कालिकता को और बढ़ा दिया है। अमेरिका ने भारत को अलग तरह से निशाना बनाया है और रूसी तेल के आयात के बहाने ऊंचे शुल्क लगाए हैं। भले ही



भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखे, लेकिन फिर भी यह दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसी रिपोर्ट है कि यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की संभावना है। हालांकि भारत की भागीदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। यूरोप भी रक्षा क्षमताओं का निर्माण कर रहा है, और इस प्रयास में भारत एक साझेदार हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन इस क्षेत्र में सहभागिता को आगे बढ़ा सकता है, जिससे परस्पर लाभ होंगे। भारत का गहरा हित नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की रक्षा करने में है, और उसे उन व्यवस्थाओं का हिस्सा होना चाहिए जो इस दिशा में काम करने की इच्छुक हैं। यद्यपि नई वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढलने के लिए, भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी तैयारी को सुधारने की आवश्यकता होगी। एक गणराज्य के रूप में अपनी गहराई और विविधता का लाभ उठाना होगा। देश को अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा और आर्थिक तथा सामाजिक परिणामों में सुधार के लिए समायोजन करना होगा। यह 1947 तक विकसित देश बनने की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। भारत को विकास के सभी पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि चीजें बेहतर नहीं हो रही हैं, बल्कि यह है कि गति को उल्लेखनीय रूप से तेज करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना के निर्माण में अत्यंत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उत्पादक क्षमता में सुधार हुआ है। सरकार भी विनियमन हटाने पर काम कर रही है। यदि इसे सही ढंग से किया जाए, तो यह आने वाले वर्षों में विकास का सबसे बड़ा प्रेरक बन सकता है। कुल मिलाकर, इस बात पर बहुत कम बहस है कि भारत क्या चाहता है और उसे क्या करना चाहिए। वास्तविक मुद्दा यह है कि वह आगे कैसे बढ़ता है। प्रतिकूल वैश्विक वातावरण में, भारत को शीघ्र ही अपनी राह खोजनी होगी।

## विचार

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

– हिलार्ड.

# यूजीसी के नियमों का देश व्यापी विरोध



शाहिद ए चौधरी

बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने 26 जनवरी 2026 को देर रात लगभग 12:15 बजे अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। इससे पहले वह जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आवास पर अपने इस्तीफे की हार्ड कॉपी लेकर पहुंचे थे, जहां वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। वहां से लौटने पर उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि डीएम के पास लखनऊ से किसी का फोन आया था, जिसके बाद उन्हें 45 मिनट तक बंधक बनाये रखा गया, वह किसी तरह से छूट कर बाहर आये और 'भय व असुरक्षा' के कारण देर रात में ही उन्होंने अपना सामान एक ट्रक में भरा तथा किसी गोपनीय स्थान पर चले गये। वह जब जा रहे थे तो बड़ी संख्या में वहां एकत्र ब्राह्मण संगठनों के सदस्यों ने उनके पक्ष में नारे लगाये, जिससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जिन मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है, उसके समर्थन में सवर्ण समाज का बड़ा वर्ग उनसे सहमत है व उनके समर्थन में है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अग्निहोत्री से फोन पर बात की है और उन्हें सरकारी पद से भी बड़ा पद धर्म के क्षेत्र में देने का प्रस्ताव रखा है।

अग्निहोत्री ने पहले ई-मेल के जरिये अपना इस्तीफा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल व बरेली के डीएम को भेजा था, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार नहीं किया है बल्कि उन्हें प्रथम दृष्टया अवचार (मिसकंडक्ट) का दोषी पाते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं की निगरानी करने के लिए बरेली डिवीजन के आयुक्त को जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। अग्निहोत्री के पांच पेज के इस्तीफे में मुख्य रूप से दो बातें हैं- एक, उनके अनुसार यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के नये नियम 'काला कानून' हैं जो कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के शिक्षा वातावरण को दूषित करेंगे, विशेषकर सवर्ण वर्गों के खिलाफ। अग्निहोत्री की मांग है कि यूजीसी के नये नियमों को पहली फुर्सत में वापस लिया जाये। दूसरा यह कि माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अपमान किया गया व उनके बटुक शिष्यों के साथ मारपीट हुई और प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई अभी तक नहीं की है। इन दोनों ही बातों को लेकर पूरे देश में बहुत बड़ा हंगामा व विवाद खड़ा हो गया है।

> यूजीसी अध्यक्ष विनीत जोशी की तरफ से अभी तक इस संदर्भ में कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने यह आश्वासन तो दिया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, लेकिन इस आश्वासन का कोई अर्थ नहीं है, जब तक नियमों में संशोधन कर दुरुपयोग की आशंका पर विराम नहीं लगा दिया जाता।




### सामयिक

फिलहाल के लिए हम सिर्फ यूजीसी के नये नियमों पर ही चर्चा करते हैं, जिन्हें गठित करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को जनवरी 2025 में दिया था, क्योंकि जनवरी 2016 में तेलंगाना में रोहित वेमुला और मई 2019 में पायल ताडवी की आत्महत्या मामलों के बाद पीड़ित परिजनों ने 29 अगस्त 2019 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके जातीय भेदभाव की शिकायतों से निपटने के लिए कठोर नियम बनाने की मांग की थी। इसके बाद यूजीसी ने एक ड्राफ्ट तैयार किया, जिसकी समीक्षा शिक्षा, महिला व युवा मामलों की संसदीय समिति ने की और 8 दिसम्बर 2025 को अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपीं।

यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया था और 15 जनवरी 2026 से इसे लागू कर दिया गया। यह विनियम 2012 से लागू भेदभाव-रोधी नियमों का संशोधित रूप हैं। पिछले साल फरवरी में यूजीसी ने इन नियमों के मसौदा संस्करण को सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया था, जिसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे से बाहर रखा गया था और भेदभाव की परिभाषा अस्पष्ट थी। मसौदा नियमों में यह भी प्रस्ताव था कि भेदभाव की झूठी शिकायतों को 'हतोत्साहित' किया जाये और इसके लिए जुमार्ने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन अंतिम अधिसूचित नियमों में यूजीसी ने ओबीसी को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे में शामिल किया है और झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान को हटा दिया गया है। साथ ही, 'भेदभाव' की परिभाषा को थोड़ा विस्तृत किया गया है ताकि इसमें साल 2012 के विनियमों में शामिल कुछ बिन्दुओं को लिया जा सके। इसके अतिरिक्त जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए प्रत्येक परिसर में समानता समितियों (इक्वेलिटी कमेटी) के गठन को अनिवार्य कर दिया गया है। इनका पालन न करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम प्रदान करने से रोकने जैसे दंड का सामना करना पड़ सकता है। जाति-आधारित भेदभाव का अर्थ यह है कि केवल जाति या जनजाति के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ किया गया भेदभाव है। भेदभाव की परिभाषा किसी भी हितधारक के खिलाफ, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, केवल धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान, विकलांगता या इसमें से किसी भी आधार पर किया गया अनुचित, भिन्न या पक्षपातपूर्ण व्यवहार या ऐसा कोई भी कार्य भेदभाव के अंतर्गत शामिल किया जायेगा। अब सवाल यह है कि यूजीसी के इन नियमों को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन क्यों हो रहे हैं, विशेषकर सवर्ण वर्गों द्वारा? उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से आरंभ हुई इस कवायद ने राजनीतिक रंग ले लिया है। इन नियमों को 'काला कानून' बताकर विरोध करने वालों का कहना है कि नये नियमों के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों को आशंकित अपराधी करार दे दिया गया है। दूसरा तर्क यह कि ड्राफ्ट में झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के लिए जुमार्ना या निलम्बन करने का प्रावधान था, लेकिन अधिसूचित नियमों में इन प्रावधानों को हटा दिया गया है। इसका अर्थ यह हुआ कि झूठी शिकायत करने वाले का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन जिस सामान्य छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत की गई हो उसका करियर बर्बाद हो सकता है।

सवाल यह भी है कि क्या सिर्फ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ ही भेदभाव होता है? नहीं। भेदभाव तो किसी के भी खिलाफ हो सकता है, जिसमें सामान्य वर्ग के छात्र भी शामिल हैं। हाल के दिनों में तो अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रों के विरुद्ध अधिक भेदभाव की शिकायतें सामने आ रही हैं। लेकिन उन्हें भी भेदभाव की परिभाषा के दायरे से बाहर रखा गया है। संविधान के अनुच्छेद 19 व 21 के तहत सभी नागरिकों को स्वतंत्रता व समानता का अधिकार है। यूजीसी के नये नियम संविधान के इन प्रावधानों का खुला उल्लंघन हैं। लेकिन क्या इन नियमों को वापस लिया जायेगा या इनमें संशोधन होगा? एक ई-मेल अभियान के माध्यम से यूजीसी व शिक्षा मंत्रालय से इन नियमों को वापस लेने का आग्रह किया जा रहा है। यूजीसी अध्यक्ष विनीत जोशी की तरफ से अभी तक इस संदर्भ में कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने यह आश्वासन तो दिया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, लेकिन इस आश्वासन का कोई अर्थ नहीं है, जबतक नियमों में संशोधन करके उनके दुरूपयोग की आशंका पर विराम नहीं लगा दिया जाता और यह स्वीकार नहीं किया जाता कि भेदभाव सामान्य वर्गों के छात्रों के विरुद्ध भी हो सकता है व उसको भी रोकना जरूरी है। आखिरकार सामान्य वर्गों के छात्रों के अधिकारों का भी तो सम्मान होना चाहिए।

## सोशल मीडिया

अखिल विश्व गायत्री परिवार देशवासियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने तथा नयी पीढ़ी तक शास्त्रों का ज्ञान तर्कपूर्ण पद्धति से पहुंचाने का कार्य कर रहा है। अमित शाह.



भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न ऐतिहासिक एफटीए समझौता भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति और हमारे भरोसेमंद साझीदारी का प्रतीक है। केशव प्रसाद मौर्य.



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अब समस्या नहीं नहीं समाधान की बात होती है, उनके मार्गदर्शन में यूपी विकसित भारत अभियान का सारथी बनने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी.



# अध्यात्म साधना

### अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# जनता को भोजन की गारंटी!

### व्यंग्यलोक



पूरन सरमा

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- 'शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है?' मैंने कहा- 'रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझसे पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपये किलो का गेहूँ और 3 रुपये किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।'

रामभरोसे बोला- 'महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छू रहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता?' मैं बोला- 'तुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।' 'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- 'यार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजगी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही हैं और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ।

# इस तरह के दोस्तों को दूर रखिये अपनी जिंदगी से



### समाज

दोस्ती का हमारे जीवन में खासा महत्व है। बचपन से लेकर आजतक न जाने कितने अलग-अलग तरह के दोस्त हम बनाते हैं। एक वो दोस्त जिनके साथ हम बड़े हुए, जिनके साथ रहते-रहते हमने स्कूली शिक्षा हासिल की, जिनके साथ हमारी अभी गाढ़ी दोस्ती है। घूमने के लिए सुबह पार्क में जाते हैं तो वहां भी आपके अच्छे खासे दोस्त बन जाते हैं, जिनसे आपकी फोन पर भी गुफ्तगू होती रहती है। पहली क्लास से लेकर कॉलेज में साथ पढ़ने वाले वो दोस्त जिनके बिना आपको अपनी जिंदगी अधूरी लगती है, जो आपके अच्छे-बुरे हर वक्त के साथी हैं। कुछ ऐसे दोस्त जिनसे आपका परिचय सोशल मीडिया पर फेसबुक या इंस्टाग्राम या किसी और माध्यम से होता है। ऑफिस में काम करने वाले आपके कुछ खास दोस्त। दोस्ती कहीं भी हो जाती है। किसी-किसी के साथ ये बहुत गहरी होती है, किसी के साथ कैजुअल होती है। किसी के साथ हमें ज्यादा समय गुजारना अच्छा नहीं लगता तो किसी के बिना कहीं जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी हर अच्छी बुरी चीज में हमें दोस्त की जरूरत होती है। अब किसी भी दूसरी अच्छी चीजों की तरह दोस्तों की दोस्ती की भी उम्र होती है। कुछ दोस्त वक्त के साथ छूट जाते हैं तो कुछ का साथ लंबे समय तक बना रहता है। कुछ के साथ हम अपना बचपन और जवानी भी गुजारते हैं। कितनी तरह के दोस्त हैं, लेकिन कुछ ऐसे दोस्त भी होते हैं जिनके छूटने की या हमसे उनके जुड़े रहने की कोई न कोई वजह रहती है। किन्हें हमें छोड़ना है, इसकी भी एक लंबी फेहरिस्त है। जैसे-

**वो दोस्त नहीं जो आपकी तरक्की से खार खाए**

हमारे बहुत सारे दोस्त ऐसे होते हैं, जो हमारे सामने दिखने में तो हितैषी लगते हैं, लेकिन हमारी पीठ पीछे दूसरों से लगातार बुराई करते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि जीवन में आप तो ज्यादा तरक्की कर गये और वो आपसे पीछे रह गये। ऐसे लोग आपको जब मुबारकबाद भी देते है तो उसमें भी व्यंग्य छुपा होता है। ऐसे दोस्त आपके लिए कभी खुश नहीं होते। दूसरों से आपके विषय में सिर्फ नेगेटिव बातें करते हैं। उन्हें अपने साथ रखने से आपका ही बुरा होना तय है। जब दूसरों से आपके बारे में की गई नेगेटिव बातें आप तक शब्दशः पहुंच ही जाती हैं, तो ऐसे दोस्त को दोस्त समझना ही क्यों और उससे दोस्ती निभानी ही क्यों?

**मतलबी दोस्त**

हमारे इर्दगिर्द ऐसे बहुत से दोस्त होते हैं, जो सिर्फ जरूरत के समय ही हमें याद करते हैं उन्हें हमसे उधार लेना हो या किसी भी तरह का फेवर लेना हो, तो वो अचानक महीनों-सालों बाद प्रकट हो जाते हैं। आप जब उसकी मदद कर देते हैं, तो वे गायब हो जाते हैं। कभी गाहे-बगाहे आपको उसकी जरूरत पड़े या अपना उधार लौटाने के लिए जब आप उससे कहते हैं तो वह आपका फोन ही उठाना बंद कर देते हैं, ऐसे लोगों को बल्कि ऐसी दोस्ती को टाटा बाय-बाय कहें, जो दोस्ती के नाम पर सिर्फ आपको ब्लैकमेल करे या आपका शोषण करे।

**आपके एक्स के दोस्त**

जिस समय आप किसी के साथ रिलेशनशिप में थे, उस दौरान उसके दोस्त से भी आपका अच्छा परिचय था। आप अपने ब्वॉय फ्रेंड या गर्ल फ्रेंड के साथ ही नहीं कभी-कभी उसके साथ भी अकसर घूमा करते थे। अब जो आपका एक्स हो चुका है, उसका वह दोस्त भी तो एक्स हो जाना चाहिए। क्योंकि जब आपका एक्स आपके जीवन में नहीं है तो उसके दोस्त का भी आपकी जिंदगी में क्या काम? इस तरह की दोस्ती के बोझ को लादना खुद को नुकसान पहुंचाना है। क्योंकि आने वाले समय में जब आप किसी और के साथ रिलेशनशिप में होंगे, तो आपके एक्स का यह एक्स फ्रेंड आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**दोस्त का दोस्त**

ये वो दोस्त होते हैं जो आपके दोस्त के चार पांच दोस्तों में एक होते हैं। जो सिर्फ आपके साथ इसलिए रहते हैं, क्योंकि आपके अपने दोस्त के साथ अच्छा कनेक्शन है। दोस्त के दोस्त के साथ भी दोस्ती तब और भारी लगने लगती है, जब आपका वो प्यारा दोस्त आपसे दूर हो जाता है। काम की व्यस्तता या किसी और वजह से आपका उससे सालों मेल-मिलाप नहीं होता। इस तरह की जबरिया दोस्ती में आपको भला क्या अच्छा लग सकता है, इसलिए ऐसे दोस्त से दूर हो जाना ही बेहतर है। आपका कोई एक अच्छा दोस्त जिसके साथ आपकी सचमुच गहरी दोस्ती थी, एक समय ऐसा था जब आप दोनो हर समय साथ रहते थे, एक दूसरे के घर में नाइट स्टे करते थे, लेकिन अचानक जब वह किसी के साथ रिलेशनशिप में आ जाता है, तो वह आपको पूरी तरह इग्नोर करता है।

## आप की बात

### कानून का पालन

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**




# जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

## श्रृंखला जीतने के बाद अब भारत की निगाह स्पिनरों के अच्छे प्रदर्शन पर



एजेंसी

विशाखापत्तनम। अब तक खेल के हर विभाग में अपना दबदबा बनाने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी जिसमें वह स्पिनरों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद भी करेगी। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पहले तीनों मैच जीत कर श्रृंखला अपने नाम कर ली है। लेकिन इस बीच उसके दो प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कीवी टीम को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया था। कुलदीप इससे पहले वनडे श्रृंखला में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। चक्रवर्ती को पिछले मैच में विश्राम दिया गया था लेकिन पहले दो मैच में उनकी गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई (गुवाहाटी में 18 रन देकर दो विकेट) को ही टीम में बनाए रखा जाए और कुलदीप को विश्राम देने के लिए उनकी जगह चक्रवर्ती को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि उंगली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं।

भारत इस श्रृंखला में विश्व कप से पहले गेंदबाजी विभाग में अपने चरम पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है लेकिन बल्लेबाजी में फिलहाल उसका कोई सानी नहीं दिख रहा है। इस श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। तीसरे मैच में तो भारत ने केवल 10 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा है। भारत की बल्लेबाजी की आक्रामकता की बानगी पिछले दो मैच आंकड़े पेश करते हैं। भारत ने दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः 209 और 154 रन (कुल 363 रन) का पीछा करते हुए केवल 25.2 ओवर ही खेले। अगर विशाखापत्तनम की पिच की प्रकृति और ओस के प्रभाव पर ध्यान दें तो इस मैच की कहानी भी अलग नहीं होगी। इस श्रृंखला में भारत के लिए चिंता का विषय केवल संजू सैमसन का खराब फॉर्म रहा है। वह तीन मैचों में 5.33 की औसत से 16 रन ही बना पाए हैं जिससे टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। हालांकि तिलक वर्मा की चोटिल होने के कारण बाहर होने से टीम प्रबंधन संजू को खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दे सकता है।

टीम प्रबंधन संजू को तीसरे नंबर पर भी उतारने का विचार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो अभिषेक के साथ किशन पारी की शुरुआत करेंगे। वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले न्यूजीलैंड के लिए टी20 श्रृंखला में अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा। उसके बल्लेबाजों ने कभी-कभार अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक रवैये का जवाब देने में विफल रहे। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जेकब डफी उसके सबसे किफायती गेंदबाज हैं जबकि उनका इकॉनमी रेट 10.30 है।



### संन्यास लेने का विचार नहीं, जब समय आयेगा तो देर नहीं करूंगा : केएल राहुल

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि अभी इसमें कुछ समय बाकी है और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है। भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के प्रमुख खिलाड़ी 33 वर्षीय राहुल ने पीटरसन से उनके यूट्यूब चैनल पर कहा, मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह (संन्यास लेना) इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा। निश्चित तौर पर इसमें अभी कुछ समय लगेगा। राहुल ने 67 टेस्ट मैचों में 35.8 के औसत से 4,053 रन और 94 वनडे मैचों में 50.9 के औसत से 3,360 रन बनाए हैं। उन्होंने 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 37.75 के औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 2,265 रन भी बनाए हैं। राहुल ने कहा कि वह खुद को सुपरस्टार या बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति नहीं मानते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि भविष्य में संन्यास का फैसला करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा बस चुपचाप (खेलना) छोड़ दो। जो कुछ तुम्हारे पास है, उसका आनंद लो। तुम्हारा परिवार भी है, इसलिए बस वही करो जो तुम्हें अच्छा लगे। यही सबसे कठिन है। इसलिए मैं खुद को यही समझाने की कोशिश करता हूं कि मैं बहुत महत्वपूर्ण नहीं हूं। राहुल ने कहा, हमारे देश में क्रिकेट चलता रहेगा। दुनिया भर में क्रिकेट चलता रहेगा। जीवन में और भी महत्वपूर्ण चीजें हैं और मुझे लगता है कि यह सोच मेरी हमेशा से रही है, लेकिन जब से मैं पिता बना हूं तब से जीवन के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया है।

## विश्व कप के दौरान वरुण को ओस से ज्यादा दिक्कत नहीं होगी : कुंबले



नयी दिल्ली। महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भारत के स्पिन आक्रमण की अगुआई करने के लिए लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का समर्थन किया क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें शाम की ओस से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होगी जो कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर के लिए ज्यादा परेशानी वाली हो सकती है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कुंबले ने जियो हॉटस्टार के कार्यक्रम में कहा कि टूर्नामेंट में ओस निश्चित रूप से भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा विशेषकर फरवरी और मार्च में विश्व कप के दौरान, जब मैच देर शाम खेले जाएंगे। यह आसान नहीं होने वाला है। स्पिनर के तौर पर आप गीली गेंद से गेंदबाजी करने के आदी हो जाते हैं, यह कुछ नया नहीं है। कुंबले ने कहा भारत को हालांकि एक बात से निश्चित रूप से राहत मिल सकती है, मुझे नहीं लगता कि ओस वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी को प्रभावित करेगी। वह गेंद को जिस तरह से पकड़ते हैं, जिस गति से गेंदबाजी करते हैं, उससे वह प्रभावित नहीं होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल भारत की स्पिन तिकड़ी पिछले कुछ महीनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन कुंबले ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को स्पिनरों में सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट बताया। कुंबले ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस उसे (वरुण) ज्यादा परेशान करेगी। हां, लेकिन यह सूखी गेंद से गेंदबाजी करने जैसा नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से गीली गेंद से गेंदबाजी करते हुए, मुझे नहीं लगता कि वरुण को ज्यादा संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, इसी तरह, अक्षर पटेल भी ठीक रहेंगे। कुलदीप यादव को गीली गेंद से ज्यादा परेशानी हो सकती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी शैली ऐसी है। पर कुलदीप भी इन परिस्थितियों में गेंदबाजी करने के आदी हैं।

अपनी गेंदबाजी शैली के कारण कलाई के स्पिनरों को गीली गेंद को पकड़ने में ज़्यादा मुश्किल हो सकती है। कुंबले का मानना है कि गत चैंपियन भारत के पास लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का बहुत अच्छा मौका है जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी टीम ने नहीं किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब विश्व कप की बात आती है तो लगातार खिताब जीतना आसान नहीं होता, विशेषकर टी20 प्रारूप में।

## संक्षेप

### विश्व कप के फाइनल की मेजबानी करेगा स्पेन

मैड्रिड। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने अभी तक यह नहीं बताया है कि 2030 में होने वाले विश्व कप के नॉकआउट चरण के मैच कहां खेले जाएंगे लेकिन स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्पेन फाइनल की मेजबानी करेगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को इस विश्व कप के संयुक्त मेजबान हैं जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे भी एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे। स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष राफेल लूज़ान ने पत्रकारों को बताया कि फाइनल मैच स्पेन में होगा, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह किस शहर या किस स्थान पर खेला जाएगा। उन्होंने कहा, स्पेन विश्व कप में शीर्ष पर रहेगा और फाइनल यहीं खेला जाएगा। मोरक्को भी फाइनल की मेजबानी करना चाहता है।

### टीमें हमारे खिलाफ योजना नहीं बना सकें : मोर्कल

विशाखापत्तनम। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंदबाजों का रोटेशन केवल कार्यभार प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आगामी टी20 विश्व कप से पहले प्रतिद्वंद्वी टीमों को भारत के खिलाफ ठोस रणनीति बनाने से रोकना भी है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मुकाबले में अलग-अलग गेंदबाजी संयोजनों को आजमाया है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और प्रमुख स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अलग-अलग चरणों में विश्राम दिया गया। मोर्कल ने यहां चौथे टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, हमारे पास ऐसे कई गेंदबाज़ हैं जो हर परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमारी सोच का एक हिस्सा अलग-अलग संयोजनों को आजमाने का था। हम नहीं चाहते कि टीमें हमारे खिलाफ तय योजना के साथ मैदान में आये। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फिलहाल हम यह काफी अच्छी तरह कर रहे हैं। अगर टीमें हमारे खिलाफ योजना बनाना भी चाहें, तो उन्हें यह नहीं पता होगा कि हम किस संयोजन के साथ उतरेंगे। हमारे लिए जरूरी है कि खिलाड़ियों को उन भूमिकाओं में मौका दिया जाए, ताकि वे उनमें सहज हो सकें। मोर्कल ने कहा कि इसके पीछे एक वजह भारत का टी20 विश्व कप कार्यक्रम भी है, जिसके तहत टीम को नयी दिल्ली, मुंबई और कोलंबो जैसी अलग-अलग परिस्थितियों में खेलना है।

# मुंबई ने बेंगलुरु को 15 रन से हराया

## नैट सिवर-ब्रंट ने डब्ल्यूपीएल का पहला शतक लगाया



एजेंसी

वडोदरा। मुंबई इंडियंस की नैटली सिवर-ब्रंट ने विमेंस प्रीमियर लीग इतिहास का पहला शतक लगा दिया। सोमवार को वडोदरा में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने 199 रन बना दिए। सिवर-ब्रंट ने 100 और हैली मैथ्यूज ने 56 रन बनाए। हैली ने गेंदबाजी में 3 विकेट भी लिए। बेंगलुरु ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 184 तक ही पहुंच सकी। हैली-ब्रंट ने सेंचुरी पार्टनरशिप की कोटाम्बी स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने तीसरे ही ओवर में सजीवन सजना का विकेट गंवा दिया। वे 7 रन ही बना सकीं। हैली मैथ्यूज ने फिर नैट सिवर-ब्रंट के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। हैली 39 गेंद पर 56 रन बनाकर आउट हुईं। नैट सिवर-ब्रंट और हैली मैथ्यूज ने 121 रन की पार्टनरशिप की। कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 और अमनजोत कौर 4 रन बनाकर आउट हुईं।

अमीलिया कर 1 और सिवर-ब्रंट 100 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। टीम ने 4 विकेट खोकर 199 रन बना दिए। बेंगलुरु से लौरेन बेल ने 2 विकेट लिए। नदीन डी क्लर्क और श्रेयांका पाटील को 1-1 विकेट मिला। नैट सिवर-ब्रंट ने विमेंस प्रीमियर लीग इतिहास की पहली सेंचुरी लगाई। बेंगलुरु की खराब शुरूआत 200 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी फउइ की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। ग्रेस हैरिस 15, कप्तान स्मृति मंधाना 6, जॉर्जिया वोल 9, गौतमी नायक 1 और राधा यादव खाता खोले बगैर आउट हो गईं।

विकेटकीपर ऋचा घोष ने फिर नदीन डी क्लर्क के साथ टीम को 50 के पार पहुंचाया। डी क्लर्क 28 रन बनाकर आउट हो गईं। अरुंधति रेड्डी 14 रन ही बना पाई, वहीं सयाली साटघरे खाता भी नहीं खोल सकीं। ऋचा ने फिफ्टी लगाकर टीम को टारगेट के करीब पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन टीम जीत से बहुत दूर रह गई। ऋचा 90 रन बनाकर आउट हुईं, उनके सामने श्रेयांका पाटील ने 5 गेंद पर 12 रन बनाए। मुंबई के लिए हैली मैथ्यूज के अलावा शबनिम इस्माइल और अमीलिया कर ने 2-2 विकेट लिए। अमनजोत कौर को 1 विकेट मिला। विकेट की खुशी मनाती मुंबई इंडियंस की प्लेयर्स। मुंबई की तीसरी जीत बेंगलुरु को हराकर मुंबई ने 7 मैचों में तीसरी जीत हासिल की। टीम 4 मुकाबले हार चुकी है, लेकिन 6 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई। फउइ को लगातार दूसरी हार मिली, लेकिन टीम शुरूआती 5 जीत से 10 पॉइंट्स लेकर पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत में टी20 विश्व कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए मीडिया एक्रिडिटेशन पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था।

### गुजरात जायंट्स नौ विकेट पर 174 रन

वडोदरा। गुजरात जायंट्स ने बेथ मूनी (58 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 174 रन बनाए। अनुष्का शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया जबकि अंत में तनुजा कंवर ने 11 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 21 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए श्री चरणी ने चार ओवर में 31 रन देकर चार विकेट झटके जबकि शिनेल हेनरी को दो विकेट मिले। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली कैपिट्स ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं गुजरात जायंट्स की टीम डानी वाट होज के बीमार होने के कारण जॉर्जिया वारेहम की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। वहीं दूसरी ओर मौजूदा रणजी चैंपियन विदर्भ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ यहां 29 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के अहम मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। दो बार की चैंपियन विदर्भ की टीम एलीट ग्रुप ए की अंक तालिका में आंध्र और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

# अंडर-19 : भारत ने जिम्बाब्वे को हराया

## सूर्यवंशी की फिफ्टी, कप्तान आयुष म्हात्रे ने लिए तीन विकेट

एजेंसी

**बुलावायो** । अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-6 स्टेज में भारत ने जिम्बाब्वे को 204 रन से हरा दिया। बुलवायो में मंगलवार को पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 352 रन बनाए। जिम्बाब्वे 148 रन पर ही ऑलआउट हो गया। विहान मल्होत्रा ने शतक लगाया। वहीं कप्तान आयुष म्हात्रे और उधव मोहन ने 3-3 विकेट लिए। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे ने बॉलिंग चुनी। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंद पर टूर्नामेंट की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। विहान मल्होत्रा ने 109 और अभिज्ञान कुंडु ने 61 रन बनाए।

जिम्बाब्वे के लिए ततेंदा चिमुगोरो ने 3 विकेट लिए। पनाशे मजाई और कप्तान सिम्बाराशे मुदज़ेंगेरेरे को 2-2 विकेट मिले। ध्रुव पटेल ने 1 विकेट लिया। भारत के लिए गेंदबाजी में उधव मोहन और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 3-3 विकेट लिए। आरएस अम्ब्रिश को 2 विकेट मिले। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने 1-1 विकेट लिया। जिम्बाब्वे के लिए लीरॉय चिवाउला ने 62 रन बनाए। कियान ब्लिग्नॉट ने 37 और ततेंदा चिमुगोरो ने 29 रन की पारी खेली। बाकी कोई भी बैटर 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। सुपर-6 स्टेज में पहला मैच जीतकर भारत ने ग्रुप-2 के पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन भी हासिल कर ली। ग्रुप स्टेज की 2 जीत और सुपर-6 स्टेज की एक जीत से टीम के 6 पॉइंट्स हो गए।



इंग्लैंड इतने ही पॉइंट्स लेकर दूसरे नंबर है, क्योंकि उनका रन रेट भारत से कमजोर है। पाकिस्तान 4 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम 1 फरवरी को अपना आखिरी मैच भारत से ही खेलेगी। तेज गेंदबाज उधव मोहन ने 38वें ओवर की पहली और चौथी गेंद पर विकेट लेकर जिम्बाब्वे को ऑल आउट कर दिया। टीम 148 रन ही बना सकी। जिम्बाब्वे ने 37वें ओवर में 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल आयुष म्हात्रे ने गुड लेंथ पर फेंकी। बॉल सिम्बाराशे मुद्ज़ेंगेरेरे के पैड्स पर लगी। भारत ने अपील की और अंपायर ने छइह का फैसला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान 3 रन ही बना सके। इसी ओवर में म्हात्रे ने ततेंदा चिमुगोरो को भी कैच करा दिया। वे 29 गेंद पर 29 रन बनाकर वैभव सूर्यवंशी के हाथों कैच हुए।

जिम्बाब्वे ने 35वें ओवर में छठा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल आयुष म्हात्रे ने गुड लेंथ पर फेंकी। बॉल अंदर की ओर टर्न होकर स्टंप्स से टकरा गई। माइकल ब्लिगनॉट खाता भी नहीं खोल सके। जिम्बाब्वे ने 34वें ओवर में पांचवां विकेट भी गंवा दिया।

# अशिमता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में

एजेंसी

बैंकॉक। भारत की अशिमता चालिहा ने मंगलवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो कड़े मुकाबले जीतकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। गुवाहाटी की 26 साल की खिलाड़ी ने अपने पहले क्वालिफिकेशन मैच में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग को 42 मिनट में 21-15, 12-21, 21-12 से शिकस्त दी।

इसके बाद अशिमता ने कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को 45 मिनट में 21-11, 10-21, 21-16 से खत्म किया। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना हमवतन देविका सिहाग से होगा। एक अन्य मैच में श्रेया लेले क्वालिफिकेशन चरण में इंडोनेशिया की नी कडेक धिंडा अमर्त्या प्रतावी से 12-21, 21-12, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल क्वालिफिकेशन में एम जगलान और एल जगलान एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के बो-युआन चेन और सुंग यी-ह्सुआन से 12-21 8-21 से हार गए। पी कृष्णमूर्ति रॉय और एस प्रतीक के पुरुष युगल में मलेशिया के चौथे वरीयता प्राप्त एन अजरीन और टैन डब्ल्यू के से 20-22, 20-22 से हार गए।



### विश्व कप : स्कॉटलैंड की टीम में इहसान शामिल

एडिनबर्ग। बांग्लादेश के बाहर होने के बाद अंतिम समय में टी20 विश्व कप में प्रवेश करने वाले स्कॉटलैंड ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में अफगानिस्तान में जन्में तेज गेंदबाज ज़ैनुल्लाह इहसान को शामिल किया है। बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसके स्थान पर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। रिची बेरिंगटन स्कॉटलैंड की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें 11 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 में खेले गए टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। स्कॉटलैंड ने पिछले महीने ही ओवेन डॉकिन्स को मुख्य कोच नियुक्त किया था और उनकी देखरेख में पहली बार टीम किसी बड़े टूर्नामेंट में भाग लेगी।

# टेनिस : सबालेंका व ज्वेरेव सेमीफाइनल में

एजेंसी



मेलबर्न। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े। सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी।

मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाली स्वितोलिना ने शुरू से ही दबदबा बना दिया जबकि गॉफ ने पहले सेट में पांच डबल फाल्ट किए। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इस बीच गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था। तब मैंने कहा था कि मैं फिर से कोर्ट पर ऐसा नहीं करूंगी क्योंकि मुझे लगता है कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है। लेकिन अपने सहयोगी स्टाफ पर गुस्सा निकालने के बजाय रैकेट पर गुस्सा निकलना बेहतर है। वे अच्छे लोग हैं और इस तरह के गुस्से के हकदार नहीं हैं। मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फ़ारेनहाइट) से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया। लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बंद छत के नीचे खेलने का फायदा उठाया और 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया।

उन्होंने किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में दसवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है। पिछले साल की तुलना में उसके खेल में काफी सुधार हुआ है। उसने बेसलाइन से जिस तरह का खेल दिखाया वह अद्वितीय था। मुझे लगता है उसने अभिश्वसनीय खेल का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले चार साल में तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में 3-0 से बढ़त बनाकर 29वीं वरीयता प्राप्त जोविक पर शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया।

### सूर्यकुमार, अभिषेक और ईशान से निपटने के तरीके को सीखना होगा : ओरम

विशाखापत्तनम। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की लगातार आक्रामक बल्लेबाजी ने पांच मैचों की मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए संयम बनाये रखना मुश्किल कर दिया लेकिन गेंदबाजी कोच जैकब ओरम ने खिलाड़ियों से इस चुनौती को स्वीकार करने और उससे निपटने के तरीके इजाद करने की सलाह दी। भारतीय शीर्ष क्रम के इन तीन बल्लेबाजों ने पिछले तीन टी20 मैचों में लगभग 250 के स्ट्राइक रेट से लगातार रन बनाते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की कड़ी परीक्षा ली है। ओरम ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैदान पर थोड़ी अराजकता जैसी स्थिति रही है, गेंद हर बार बाउंड्री के बाहर जा रही है। ऐसे में संयम और नियंत्रण बनाये रखने के साथ अपनी योजनाओं को अमल में लाना जरूरी है। लेकिन मैं फिर कहूंगा कि यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। भारतीय बल्लेबाज जिस सहजता से बड़े शॉट खेल रहे हैं उसने ओरम को श्रीलंका के महान बल्लेबाज सनत जयसूर्या की याद दिला दी। जयसूर्या ने 1990 के दशक से लेकर 2000 के मध्य तक इसी तरह की आक्रामक बल्लेबाजी की थी।

संक्षेप

## ओरा पर डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू

बंगलुरु। ओरा फाईन ज्वेलरी ने गौरव, प्यार और जश्न के मौसम में प्रवेश करते हुए अपना बहुप्रतीक्षित डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू किया है, जिसमें हर किसी को हीरे की चमक प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। जनवरी में रिपब्लिक डे की परेड के साथ गौरव और उल्लास के मौसम से लेकर वैलेंटाईन डे के अवसर पर प्यार और रोमांस के मौसम तक, इस डायमंड फेस्टिवल में शानदार कारीगरी, आधुनिक डिजाईन और आकर्षक वैल्यू ऑफर ग्राहकों को मिलेंगे। डायमंड फेस्टिवल में ओरा की प्रेसिजन, विश्वास और शाश्वत सौंदर्य की विरासत के अनुरूप बेहतरीन डायमंड ज्वेलरी सेट उपलब्ध होंगे।

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड कूलिंग की दिखायी झलक

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज अपनी आगामी कूलिंग इनोवेशन्स की एक झलक पेश की। इसे आधुनिक घरों में आराम, इंटेलिजेंस और ऊर्जा दक्षता को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। द फ्यूचर ऑफ एआई एसी इज कमिंग (आ रहा है एआई एसी का भविष्य) के संदेश के साथ सैमसंग ने यह संकेत दिया है कि आने वाली एयर कंडीशनिंग तकनीक पारंपरिक कूलिंग से आगे बढ़कर स्मार्ट और अधिक उन्नत अनुभव देगी। टीजर में बीस्?पोक एआई विंडफ्रीइ एयर कंडीशनर लाइनअप को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो उन्नत एआई तकनीक, प्रीमियम डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर घरेलू कूलिंग अनुभव प्रदान करेगा।

## क्रॉम्पटन ने नयी उपलब्धि हासिल की

मुंबई। क्रॉम्पटन को वैश्विक स्वतंत्र मार्केट रिसर्च कंपनी यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल ने इसे दुनिया का नंबर 1 सीलिंग फैन ब्रांड घोषित किया है। यह उपलब्धि क्रॉम्पटन को उन चुनिंदा भारतीय ब्रांड्स में शामिल करती है, जिन्होंने न केवल घरेलू बाजार में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नए मानक स्थापित किए हैं। 85 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, क्रॉम्पटन का सफर भारतीय नवाचार की प्रगति को दर्शाता है। देश के करोड़ों घरों में भरोसे का प्रतीक बन चुके इस ब्रांड ने प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और डिजाइन के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित किए हैं।

## 90% क्रिप्टो निवेशक टैक्स नियमों से है वाकिफ

बंगलुरु। फरवरी में पेश होने वाले आगामी केंद्रीय बजट से पहले, कॉइनस्विच ने भारत में क्रिप्टो के टैक्सेशन और रेगुलेशन को लेकर निवेशकों की भावना पर आधारित एक राष्ट्रव्यापी सर्वे के अहम निष्कर्ष जारी किए गए। सर्वे यह दर्शाता है कि निवेशक टैक्स छूट नहीं चाहते, बल्कि एक तार्किक और संतुलित व्यवस्था की उम्मीद रखते हैं। सर्वे में पता चला कि भारत के मौजूदा क्रिप्टो टैक्स ढांचे के प्रति निवेशकों में जागरूकता काफी ऊँची है। लगभग 90% प्रतिभागियों ने प्रमुख प्रावधानों की जानकारी होने की बात कही, जिसमें मुनाफे पर 30% टैक्स, घाटे की सेट-ऑफ या कैरी फॉरवर्ड की अनुमति न होना, और लेन-देन पर 1% टीडीएस शामिल हैं। इसके बावजूद, अधिकांश निवेशक मौजूदा टैक्स ढांचे की निष्पक्षता को लेकर चिंतित हैं। 66% उत्तरदाताओं का मानना है कि वर्तमान क्रिप्टो टैक्स संरचना अनुचित है।

## टेक्नो स्पार्क गो3 लॉन्च

बंगलुरु। भारतीयों के रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया स्मार्टफोन टेक्नो स्पार्क गो3 अब देशभर में मात्र रूपये 8,999 की कीमत पर बाजार में आ गया है। यह स्मार्टफोन मजबूती, स्मार्ट फीचर्स और बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ लोन्च किया गया है, ताकि यूजर्स की रोज की जरूरतों को पूरी कर सके। देश जैसा दमदार इस सोच पर आधारित टेक्नो स्पार्क गो3 उन लोगों के लिए है जो स्टाइलिश के साथ भरोसेमंद भी हो और गिरने, गीला होने या कोई दाग लगने जैसी समस्याओं से सुरक्षित हो। स्पार्क गो3 में आईपी64 डस्ट और स्प्लैश रेसिस्टेंस के साथ ड्रॉप-रेडी मजबूती दी गई है, जिससे रोजमर्रा के झटकों और हादसों की चिंता कम हो जाती है। इसके साथ मिलता है 120 हर्ट्ज सुपर स्मूथ डिस्प्ले, जो स्क्रॉलिंग, ऐप बदलने और स्वाइपिंग को पहले से कहीं ज्यादा तेज और स्मूद बनाता है।

# सेंसेक्स में 320 अंकों की उछाल



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही।

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से सकारात्मक रुख के बीच बैंक और धातु शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। कारोबार दौरान यह उंचे में 82,084.92 अंक तक गया जबकि नीचे में 81,088.59 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,175.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे अधिक लाभ में रहीं। एक्सिस बैंक के शेयर में दिसंबर तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में बढ़कर 7,010.65 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 6,742.99 करोड़ रुपये था। इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। यह समझौता अस्थिर वैश्विक माहौल और अमेरिका की शुल्क नीति के कारण उत्पन्न व्यापार व्यवधानों के बीच हुआ है। भारतीय शेयर बाजार में संयमित और सतर्क रुख देखने को मिला। भारत-यूरोपीय संघ के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतिम रूप देने से अमेरिकी शुल्क के कारण उत्पन्न व्यापक जोखिम-मुक्त माहौल के बीच निवेशकों के विश्वास को कुछ हद तक समर्थन मिला है। हालांकि, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली और तीसरी तिमाही में कंपनियों की आय में धीमी वृद्धि ने घरेलू शेयरों में तेजी पर अंकुश लगाया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,113.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,102.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को शेयर बाजार बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दपेपहर कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

# रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए मंगलवार को 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के संपन्न होने से रुपये को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से घरेलू बाजार की धारणा को बढ़ावा दिया। हालांकि जिंस और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.82 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान टूटकर 91.90 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान 92 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि अंत में मामूली सुधार के साथ 91.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। हमें उम्मीद है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से घरेलू बाजार की धारणा मजबूत होगी। इसलिए रुपये में मामूली सकारात्मक रुझान देखने को मिलेगा। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी, रुपये को और भी मजबूती प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये पर दबाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 91.30 से 92 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत पूरी होने की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत परिधान, रसायन व जूते-चप्पल जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को 27 देशों के इस समूह में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। साथ ही यूरोपीय संघ को कार और शराब पर रियायती शुल्क के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश मिलेगा। इस समझौतो को अभी तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है।

# भारत-ईयू एफटीए के 2026 में लागू होने की संभावना: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि महत्वाकांक्षी भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वर्ष 2026 में लागू हो सकता है। उन्होंने इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते की वार्ता संपन्न होने की घोषणा के कुछ घंटों बाद यह बात कही।

इससे पहले दिन में भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस समझौते के लिए बातचीत पूरी की, जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि वहां से लग्जरी कारों और वाइन का आयात भारत में सस्ता हो जाएगा। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की प्रमुख की भारत की राजकीय यात्रा पर आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि हर समझौता अपने आप में खास होता है और यह एक शानदार समझौता है। इसकी कानूनी बारीकियों की जांच बहुत तेजी से की जाएगी...। हमें उम्मीद है कि हम वर्ष 2026 के भीतर ही इस समझौते के लागू होने का जश्न मनाएंगे। गोयल ने कहा कि यह समझौता दो दशकों से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद संपन्न हुआ है।

# सोना 1.66 लाख प्रति दस ग्राम व चांदी 3.7 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त चमक देखी गई।

बढ़ते भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनाव के बीच निवेशकों की मजबूत मांग और वैश्विक तेजी के कारण दोनों कीमती धातुएं रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गईं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 7,300 रुपये यानी 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को सोना 1,58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद थे। चांदी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सर्राफा बाजार में एक बार फिर सोने को पीछे छोड़ दिया। चांदी 40,500 रुपये यानी 12.3 प्रतिशत की भारी छलांग लगाकर 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। घरेलू बाजार में चांदी 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। बढ़ते व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मजबूत मांग से इसे सहारा मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों में तेजी जारी रही और हाजिर कीमतें 8.55 डॉलर यानी 8.24 प्रतिशत बढ़कर 112.41 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गईं।

# सरकार का लक्ष्य 2032 तक 3 नैनोमीटर चिप बनाने का



नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य 2032 तक आधुनिक स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 3-नैनोमीटर नोड के उच्च तकनीक वाले छोटे चिप बनाने का है।

मंत्री ने कहा कि डिजाइन आधारित प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के दूसरे चरण के तहत सरकार चिप की छह श्रेणियों कंप्यूट, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ), नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इससे देश की कंपनियों को 7075 प्रतिशत प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास पर प्रमुख नियंत्रण मिल सकेगा। डीएलआई योजना के तहत चयनित 24 चिप डिजाइन कंपनियों के साथ बैठक के बाद मंत्री ने कहा, 2032 तक हमारा लक्ष्य 3-नैनोमीटर चिप के डिजाइन और विनिर्माण के स्तर तक पहुंचना है। डिजाइन का काम तो हम आज भी कर रहे हैं, लेकिन विनिर्माण के स्तर पर 3-नैनोमीटर तक पहुंचना होगा।

# लगातार नौवां बजट पेश कर इतिहास रचेंगी निर्मला सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच पेश होने वाले इस बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से सुधारवादी उपायों के होने की उम्मीद है।

इसके साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा विभिन्न समय अवधियों में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959-1964 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कुल छह बजट और 1967-1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। पूर्व वित्त मंत्रियों पी चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी ने अलग-अलग प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में क्रमशः नौ और आठ बजट पेश किए थे। हालांकि, लगातार सबसे अधिक बजट पेश करने का रिकॉर्ड सीतारमण के नाम ही रहेगा। इस साल वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार नौ बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में दूसरी बार सत्ता में आने पर सीतारमण को भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया था। इसके बाद 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद वित्त मंत्रालय उनके पास ही रहा। अब तक सीतारमण ने फरवरी 2024 के अंतरिम बजट सहित कुल आठ लगातार बजट पेश किए हैं। स्वतंत्र भारत में बजट पेश करने से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य इस तरह हैं।

# 5 दिवसीय बैंकिंग के लिए बैंक कर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने आज अपनी राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के दौरान इंडियन बैंक, हजरतगंज पर जोरदार प्रदर्शन एवं सभा की। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि आज की हड़ताल के पूर्व बैंककर्मियों ने 5 दिवसीय बैंकिंग के लिए धरना व कई प्रदर्शन किये, रैली निकाली तथा एक्स पर अभियान भी चलाया, लेकिन केंद्र सरकार हमारी एकमात्र मांग मानने को तैयार नहीं है। सभा में कॉमरेड डी.के. सिंह, महामंत्री, एनसीबीई ने बताया कि रिजर्व बैंक, एलआईसी, सेबी, नाबार्ड, अनेक सरकारी विभाग, एनपीसीआई, सीवीसी, डीएफएस आदि में जब 5 कार्य दिवस हो सकते हैं तो बैंकों में क्यों नहीं? कॉम. आर एन शुक्ला ने कहा कि- अगर हम माह में 2/3 शेष शनिवारों को अवकाश मांग रहे हैं इसके बदले हम प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने को भी तैयार हैं। कॉम. एस के संगतानी ने सरकार की हठधर्मिता की चर्चा करते हुए कहा कि- आई.बी.ए. ने हमारी मांग को स्वीकार करके सरकार के पास अनुमोदन के लिए भेज रखा है, किंतु सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन में कॉम. मनमोहन दास ने कहा कि 5 दिवसीय बैंकिंग कोई भीख नहीं वरन हमारा अधिकार है और इसके लिए हम लंबी लड़ाई लड़ने को भी तैयार है। सभा को संबोधित करते हुए कॉम. काम. लक्ष्मण सिंह, शकील अहमद, संदीप सिंह, वीके माथुर, बीडी पांडे, एस डी मिश्रा, विभाकर कुशवाहा, आनंद सिंह, विशाखा वर्मा, स्वाति सिंह आदि बैंकनेताओं ने कहा कि बैंक हड़ताल से लोगो को होने वाली दिक्कतों की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

देशव्यापी बैंक हड़ताल से लखनऊ में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की 905 शाखाओं के लगभग 16000 कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर रहे। एक अनुमान के अनुसार लखनऊ में लगभग 2500 करोड़ की क्लीरिंग रुकी।

# सैमसंग ने आज गैलेक्सी जेड फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन को लॉन्च किया

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी जेड फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन को लॉन्च किया, जिसे विशेष रूप से ओलंपिक और पैरालंपिक विंटर गेम्स मिलानो कॉर्टिना 2026 में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी एथलीटों के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्पेशल एडिशन फोन लगभग 90 देशों के करीब 3,800 ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को दिया जाएगा। यह फोन खिलाड़ियों को उनके खेलों के दौरान पूरा साथ देगा। यह ओलंपिक गांव में उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में मदद करेगा, और उन्हें मुकाबले से जश्न तक के खास पलों को कैमरे में कैद करने व शेयर करने में सक्षम बनाएगा। ओलंपिक एडिशन को विक्ट्री सेल्फी के माध्यम से आधिकारिक पोडियम मोमेंट्स में शामिल किया जाएगा, जो मिलानो कॉर्टिना 2026 में अपना विंटर ओलंपिक डेब्यू कर रहा है। पहली बार, यह ओलंपिक गेम्स में टीम स्पोर्ट प्रतियोगिताओं तक विस्तारित होगा।

## पेज एक का शेष

### हर दिन

में वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आएगी, जो हर साल ब्राजील और नॉर्वे के संयुक्त वार्षिक उत्पादन से अधिक के नुकसान के बराबर है।

पुरी ने कहा कि नए ऊर्जा स्रोत हमेशा से मौजूदा स्रोतों को पूरा करते रहे हैं, जिससे ऊर्जा प्रणाली को विस्तार और अनुकूलन करने का मौका मिलता है। यह वैश्विक ऊर्जा बदलाव की परिभाषित वास्तविकता बनी हुई है। पुरी ने कहा कि पिछले एक साल में वैश्विक ऊर्जा प्रणाली पर दबाव तेज हो गया है और ऊर्जा व्यवस्था जटिल तरीकों से विकसित हो रही है। पुरी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा की बढ़ती मांग का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आया है, जिसमें करीब 60 प्रतिशत मांग विकासशील एशिया से है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे ये क्षेत्र विकसित होंगे और लोगों को परिवहन, कूलिंग और डिजिटल सेवाओं तक अधिक पहुंच मिलेगी, ऊर्जा की मांग और बढ़ेगी, और यह ज्यादा जटिल भी होगी। पुरी ने बताया कि दुनिया में लगभग 73 करोड़ लोग अभी भी बिजली तक पहुंच से वंचित हैं और करीब दो लोग ऐसी खाना पकाने की विधियों पर निर्भर हैं जो उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि सभी के लिए सस्ती, सुरक्षित और साफ ऊर्जा उपलब्ध कराना वैश्विक विकास और समानता की बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुरी ने कहा कि लंबे समय तक वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों को महंगाई के तेज प्रभाव से बचाया है। उन्होंने कहा कि जहां 2021 के बाद कई बड़े देशों में ईंधन की कीमतें काफी बढ़ीं, वहीं 2025 में दिल्ली में ईंधन की कीमतें 2021 से भी कम रहीं।

### यूपी में

प्रदेश सरकार उपद्रवियों के साथ कैसा व्यवहार करती है। ये भी उन्हें मालूम है। आज उत्तर प्रदेश उपद्रव प्रदेश नही, उत्सव प्रदेश है। रामगढ़ ताल कभी माफियाओं और मच्छरों को पनपाने का एक केंद्र होता था, आज वह गोरखपुर को नई पहचान दे रहा है, वह पहचान है विकास की। गोरखपुर के नौजवानों, पूर्वी उत्तरप्रदेश के नौजवानों के मन मे विकसित भारत की संकल्पना के साथ आगे बढ़ने का जो जज्बा है, उस जज्बे का केंद्रबिंदु यह विकास दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश में 45 लाख करोड़ रु का निवेश प्रस्ताव आया है। यह प्रदेश में डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों के नौकरी की गारंटी का दस्तावेज है। इसके माध्यम से नौजवानों को नौकरी मिल रही है। आप गीडा से लेकर धुलिया पार तक देखिये, आज उद्योगों की लंबी श्रृंखला लग चुकी है। यहीं के नौजवानों को यहीं स्किल्ड डेवलपमेंट करते हुए नौकरी रोजगार की प्राप्ति हो रही है। जाति की राजनीति करने वाले वही लोग हैं जिनकी वजह से प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। प्रयागराज माघ मेले में श्रद्धालु बड़ी संख्या में इसीलिए आ रहे हैं कि उन्हें मालूम है कि वहां सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बरगदवा चौराहे से जेल रोड पर नकहा जंगलझमानीराम स्टेशनों के मध्य समपार संख्या-5ए पर निर्मित 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का लोकार्पण किया। इस परियोजना पर 152.18 करोड़ की लागत आई है। अभी तक नेपाल की तरफ से आने वाले बसों और बड़े वाहनों को शहर को पार करने में जो असुविधा होती थी वह भी समाप्त होगी। पुल की कुल लंबाई 1,092 मीटर है। इस आरओबी के चालू होने से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और शहर के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा. साथ ही फर्टिलाइजर खाद कारखाने तक पहुंचने और माल ढुलाई में भी आसानी होगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरगदवा-कौवाबाग जेल बाईपास 4 लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे पर बने फ्लाईओवर का भी लोकार्पण किया। इस फ्लाईओवर की लागत 96.50 करोड़ है।

### भारत-यूरोपीय

में फिर से बातचीत शुरू की गई। व्यापार समझौते की सराहना करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ की साझेदारी यह सशक्त संदेश देगी कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग है। ये टिप्पणियां यूरोप और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई हैं। उन्होंने कहा हमने कर दिखाया। हमने अब तक का सबसे बड़ा समझौता कर दिखाया। हम दो अरब लोगों का बाजार बना रहे हैं। लेयेन ने कहा यह दो दिग्गजों की कहानी है। दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की। दो दिग्गज जिन्होंने वास्तव में पारस्परिक लाभ के दृष्टिकोण से साझेदारी को चुना। एक सशक्त संदेश कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग ही है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते से यूरोपीय निर्यातकों के लिए वार्षिक शुल्क में चार अरब यूरो तक की कटौती होगी और भारत और यूरोप दोनों में लाखों श्रमिकों के लिए रोजगार सृजित होंगे। यूरोपीय संघ एक समूह के रूप में, वस्तुओं के मामले में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल वस्तु व्यापार लगभग 136 अरब अमेरिकी डॉलर का था। इसमें निर्यात करीब 76 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 60 अरब अमेरिकी डॉलर का था। वॉन डेर लेयेन ने कहा, यह (मुक्त व्यापार समझौता) भारत के कौशल, सेवाओं एवं विशाल क्षमता को यूरोप की प्रौद्योगिकी, पूंजी तथा नवाचार के साथ जोड़ता है। उन्होंने अमेरिकी प्रशासन की व्यापार और शुल्क नीतियों का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, इससे विकास के ऐसे स्तर प्राप्त होंगे जो कोई भी पक्ष अकेले हासिल नहीं कर सकता। इन शक्तियों को मिलाकर, हम रणनीतिक निर्भरता को कम करते हैं। ऐसे समय में जब व्यापार का तेजी से हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। रक्षा साझेदारी समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत ने एक-दूसरे के विश्वसनीय साझेदार बनने का विकल्प चुना है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष कोस्टा ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित प्रमुख समझौते नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा व्यापार समझौते नियम-आधारित आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं और साझा समृद्धि को बढ़ावा देते हैं। इसीलिए आज का मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी समझौतों में से एक है, जो दो अरब लोगों का बाजार तैयार करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ का व्यापक रणनीतिक एजेंडा एक स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा और नवाचार को गति देकर, सुरक्षा सहयोग को मजबूत करके और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करके साझा समृद्धि को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन, पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का सम्मान हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। हम इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने यूक्रेन पर यूरोप के लंबे समय से जारी रुख को भी दोहराया। उन्होंने कहा शांति, हथियारों के दम पर नहीं बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रों द्वारा किए गए न्यायपूर्ण व्यवहार से कायम होगी। उन्होंने कहा हमारे शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन में एक व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। एक ऐसी शांति जो यूक्रेन की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूर्ण सम्मान करती है।

### दुनिया में

भारत-ईयू एफटीए दो अरब लोगों के बाजार के लिए अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी समझौता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-ईयू शिखर सम्मेलन दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत और यूरोपीय संघ भरोसेमंद भागीदारों के रूप में साथ खड़े हैं। कोस्टा ने यह भी कहा कि हम यूक्रेन में संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति कायम करने में मदद के लिए आप (मोदी) पर भरोसा करते हैं। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत-यूरोप साझेदारी उस समय रणनीतिक निर्भरता को कम करेगी, जब वैश्विक व्यापार का तेजी से राजनीतिकरण और हथियार के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

### मुक्त व्यापार

मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया।

### सरकार के

कहा कि संतों के आशीर्वाद से उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कमजोर करेगी, वह दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी सरकार है, जो सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुसार शासन कर रही है और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रही है। अमित शाह ने भगवान स्वामीनारायण को ब्रिटिश काल में समाज को दिशा देने वाला महापुरुष बताया। उन्होंने कहा कि भगवान स्वामीनारायण ने पैदल यात्रा कर समाज सुधार का कार्य किया। शिक्षापत्री को उन्होंने जीवन का नैतिक संविधान बताया, जो पारदर्शिता, अहिंसा, करुणा और कर्तव्यबोध सिखाता है।

### यूजीसी के

उनसे यूजीसी के भेदभाव को रोकने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। आयोग ने 13 जनवरी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 को अधिसूचित किया था और इस नए नियम ने सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के बीच व्यापक आलोचना को जन्म दिया। विद्यार्थियों की दलील है कि यह ढांचा उनके खिलाफ भेदभाव को जन्म दे सकता है। कॉलेज व विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लागू किए गए नए नियमों के तहत आयोग ने संस्थानों को विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा है।

### जाड़े से

मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस मुहिम को जारी रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

